राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, गुरुवार, 05 फ़रवरी 2026
वर्ष 07, अंक 126, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बस्ती पुलिस का बड़ा एक्शनः 25 हजार का इनामी, हत्या के प्रयास व गैंगस्टर मुंबई से दबोचा गया...02

सजा देने का हक न्यायपालिका के पास... यूपी में जारी बुलडोजर एक्शन से नाराज हुआ इलाहाबाद हाईकोर्ट...08

# 20 साल से जानकारी नहीं पब्लिश की, ये क्या हो रहा है? दिल्ली हाई कोर्ट ने MCD को फटकारा

**दिल्ली हाईकोर्ट ने स्न्टष्ठ को सार्वजनिक जानकारी छिपाने पर कड़ी फटकार लगाई है. ऋजह्व एक्ट के 20 साल बाद भी स्न्टष्ठ अपनी वेबसाइट पर फैसले, प्रस्ताव और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज अपलोड नहीं कर रही है. कोर्ट ने सेक्शन 4 का पालन न करने पर नाराजगी व्यक्त की और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी जानकारियों को नियमित रूप से सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है**









दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिल्ली म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (MCD) को जमकर फटकार लगाई. याचिका में ऋजह्व एक्ट के तहत पब्लिक डॉक्यूमेंट्स को वेबसाइट पर अपलोड और अपडेट करने का निर्देश देने की मांग की गई थी. इस मामले पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की कोर्ट में सुनवाई हुई. अब अगली सुनवाई 17 अप्रैल को होगी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सूचना के अधिकार कानून के सेक्शन-4 के तहत सभी पब्लिक अथॉरिटी को संबंधित पब्लिक अथॉरिटी से जुड़ी कुछ जानकारी, रिपोर्ट पब्लिश करने का अधिकार है. इसलिए अथॉरिटी का सब्जेक्ट मैटर पब्लिश करना ज़रूरी है. अथॉरिटी को रेगुलर बेसिस पर जानकारी अपडेट करनी होती है।

कोर्ट ने कहा कि पिटीशन में लेजिस्लेटिव रिकॉर्ड, पास किए गए प्रस्ताव, कार्रवाई और दूसरी सभी पब्लिक जानकारी अपलोड करने के लिए निर्देश मांगे गए हैं. MCD समेत पब्लिक बॉडीज को सेक्शन-4 आरटीआई एक्ट के तहत जानकारी पब्लिश करने का कानूनी अधिकार है. एमसीडी के वकील ने कहा है कि वो आरटीआई एक्ट का पालन कर रहे हैं।

**आपको जानकारी अपलोड और अपडेट करनी चाहिए**

चीफ जस्टिस ने कहा कि आपको जानकारी अपलोड और अपडेट करनी चाहिए. आप क्या कर रहे हैं? यह कानून 2005 में पास हुआ था. आप 20 साल बाद यह काम कर रहे हैं. एमसीडी के वकील ने कहा कि हम सुधार के कदम उठाएंगे. उन्होंने चिंता जताई है. याचिकाकर्ता ने खुद दलील रखते हुए कहा कि लाखों लोगों को नहीं पता कि एमसीडी का बजट क्या है. वेबसाइट पर कोई कैटलॉग नहीं है. कुछ जानकारी तो मिल जाती है, ज़्यादातर नहीं मिलती. उन्हें बजट अपलोड करने से क्या रोकता है?

कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता ने हमारा ध्यान एक्ट के सेक्शन 4 की ओर दिलाया है, जो फिर से जनता पर असर डालने वाली सभी पॉलिसी और अनाउंसमेंट को अपलोड करने की ज़िम्मेदारी डालता है. आरटीआई एक्ट के तहत अथॉरिटीज़ को यह ज़रूरी बनाने का मकसद यह है कि जानकारी खुद से दी जाए. एमसीडी समेत किसी भी पब्लिक अथॉरिटी को कोई छूट नहीं दी जा सकती।

**आप इसका नतीजा जानना चाहते हैं?**

कोर्ट ने कहा कि ये क्या हो रहा है? सदन के फैसले क्यों नहीं छपने चाहिए? 20 साल से आपने ये जानकारी नहीं पब्लिश की है. आप इसका नतीजा जानना चाहते हैं? आपने कुछ भी साफ नहीं किया है.चीफ जस्टिस ने आरटीआई एक्ट और एमसीडी एक्ट के प्रोविज़न से यह देखा कि मीटिंग्स के मिनट्स पब्लिश किए जाने चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि यह साफ़ है कि आरटीआई एक्ट के तहत दिए गए कानूनी आदेश और ड्यूटी का पालन आरटीआई एक्ट लागू होने के 20 साल बाद भी नहीं किया गया है. एमसीडी अपना डिटेल्ड एफिडेविट फाइल करे. इस समय एमसीडी के स्टैंडिंग काउंसिल ने कहा कि हाउस और दूसरी कमेटियों और बोर्ड की मीटिंग के रेज़ोल्यूशन और मिनट्स के पब्लिकेशन से जुड़े मुद्दे पर हाउस विचार कर रहा है।

**आपको ढोल बजाकर भी पब्लिसिटी करनी होगी**

कोर्ट ने कहा कि इसलिए, एमसीडी को न सिर्फ़ पिटीशन के लिए एक एफिडेविट फाइल करना चाहिए, बल्कि यह भी बताना चाहिए कि पब्लिकेशन के ज़रिए जानकारी देने के लिए सेक्शन-4 आरटीआई एक्ट को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं. आपको ढोल बजाकर भी पब्लिसिटी करनी होगी।आपको बता दें कि दिल्ली हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल कर एमसीडी को यह निर्देश देने की मांग की गई है कि वह स्टैंडिंग कमेटियों द्वारा पास किए गए प्रस्तावों पर सदन की कार्यवाही की लेजिस्लेटिव रिपोर्ट और आरटीआई के अनुसार सभी जानकारी समय बद्ध तरीके से अपनी वेबसाइट पर अपलोड करें।

# 69000 शिक्षक भर्ती में सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार से पूछा सवाल, 10 दिन में मांगी रिपोर्ट

**● सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश की 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती को लेकर यूपी सरकार से पूछा है कि क्या रिजर्व में रखे गए 6800 अभ्यर्थियों को समायोजित किया जा सकता है. कोर्ट ने सरकार को 10 दिन में स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है**



उत्तर प्रदेश में 69 हजार सहायक शिक्षक पदों की भर्ती से जुड़ा मामला एक बार फिर से सुर्खियों में है. इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (4 फरवरी) को यूपी सरकार से पूछा कि क्या आरक्षित लिस्ट में रखे गए 6800 समायोजित किया जा सकता है या नहीं?. कोर्ट ने सरकार से ये साफ करने को कहा है. सुप्रीम कोर्ट के इस सवाल पर यूपी सरकार के वकील ने कोर्ट से कहा कि वो इस मामले में सरकार से सलाह करके सूचित करेंगे. उन्होंने कहा कि सलाह लेकर स्थिति स्पष्ट की जाएगी.उन्होंने ये भी कहा कि सरकार को इस प्रस्ताव पर कोई आपत्ति नहीं है. लेकिन प्रक्रिया और अन्य नियम तय करने के लिए सलाह जरूरी है.वकील ने कहा कि सरकार को इस प्रस्ताव पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे लागू करने से पहले पूरी प्रक्रिया, नियम और कानूनी पहलुओं पर विचार करना जरूरी है।

**'ज्यादा अभ्यर्थियों की बहाली पर भी करे सरकार'**

सुनवाई के दौरान इस मामले में जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने यह भी कहा कि सिर्फ 6800 रिजर्व अभ्यर्थियों तक ही बात सीमित न रखी जाए, बल्कि इससे ज्यादा अभ्यर्थियों की बहाली पर भी सरकार विचार करे. कोर्ट ने साथ ही ये आशंका भी जताई कि कल को कोई अन्य अभ्यर्थी कोर्ट में आकर ये कहता है कि वो मेरिट लिस्ट में आता है, लिहाजा उसे भी नौकरी मिलनी चाहिए, ऐसे में सरकार के सामने नई कानूनी परेशानी खड़ी हो सकती है।

**'दस दिनों के अंदर स्थिति साफ करें'**

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से दस दिनों के अंदर कोर्ट को इस बारे में पूरी जानकारी देने का निर्देश दिया है.कोर्ट ने सरकार से कहा कि वो दस दिनों के भीतर इस पूरे मामले पर अपनी स्थिति साफ करे और कोर्ट को पूरी जानकारी दे इसमें यह भी बताना होगा कि कितने अभ्यर्थियों को और किन शर्तों पर नियुक्त किया जा सकता है।

**सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई थी रोक**

पिछली सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी थी जिसमें रिजर्व में रखे गए अभ्यर्थियों की बहाली पर रोक लगा दी गई थी. हाईकोर्ट ने अपने फैसले में जून 2020 और जनवरी 2022 की चयन सूचियों को रद्द करते हुए यूपी सरकार का आदेश दिया था कि वो 2019 में हुई (ऋञ्ज्रश्व) सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा के आधार पर 69 हजार शिक्षकों के लिए नई चयन सूची तीन महीने में जारी करें।

## संक्षिप्त ख़बरें

### काश्तकार का जबरन मकान अधिग्रहण कर बुलडोजर चलाने की धमकी



**सहजनवां गोरखपुरः** नगर पंचायत सहजनवां के वार्ड 5 सहबाजगंज निवासी भगवानदास पुत्र पांचू,अमृत कुमार सिंह पुत्र विजयनाथ सिंह,सुशील कुमार ,अशोक कुमार,जितेंद्र कुमार पुत्रगण स्व जगदीश सिंह ने जिलाधिकारी गोरखपुर को पत्र भेज कर आरोप लगाया कि एनएचआई 29 पर आराजी संख्या 432 से लेकर 435 तक सह खातेदार है। जिसमें मकान का निर्माण कराकर रोजी रोटी के लिए व्यवसाय करते है। 29 जनवरी को लेखपाल द्वारा फोन कर बताया गया कि तहसील पर आए साहब बुला रहे है। तहसील पर जाने के बाद साहब ने सख्त लहजे में कहा की मकान गिरा लो भूमि गैलेंट इस्पात के पक्ष में अधिग्रहीत हो चुकी है नहीं तो बुलडोजर लगा कर गिरा दिया जायेगा। जिससे सभी काश्तकार डरे सहमे हुए है। पीड़ित ने डीएम से न्याय की गुहार लगाया है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी केशरी नंदन तिवारी ने कहा कि मामला गीडा का है। इस संबंध में मुझे जानकारी नहीं है।

### 7 फरवरी को कार्यालय उद्घाटन को लेकर सपा नेता लतीफ मलिक ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**मनकापुर गोण्डाः** गौरा चौकी में समाजवादी ( पीडीए )कार्यालय के उद्घाटन को लेकर सपा नेता लतीफ मलिक ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई द्य प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 7 फरवरी को गौरा चौकी में चंद्रदीप रोड पर समाजवादी पार्टी कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया जाएगा द्य उन्होंने आगे बताया कि कार्यालय उद्घाटन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष /नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय आ रहे है और उन्हीं के हाथों कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा द्य पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए आगे लतीफ मलिक ने बताया कि इस कार्यालय का उद्देश्य सपा पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करना और क्षेत्रीय लोगों के समस्याओं को सुनना रहेगा।

# घर का काम, मारपीट और... बेड के अंदर बंद मिली 13 साल का बच्ची, महिला ने 6 साल से बना रखा था नौकर

**● गुवाहाटी में 13 साल की नाबालिग बच्ची को दीवान पलंग में बंद कर रखा गया था. जिला श्रम टास्क फोर्स ने बच्ची को सुरक्षित रेस्क्यू किया. पूछताछ में बच्ची ने बताया कि उसके साथ काफी समय से मारपीट की जा रही थी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**असम** के गुवाहाटी जिले से मानवता को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां एक 13 साल की नाबालिग बच्ची दीवान पलंग में बंद मिली है. बच्ची के रेस्क्यू का एक वीडियो भी काफी वायरल हो रहा है. वीडियो में जिला श्रम टास्क फोर्स की टीम बच्ची को पलंग से बाहर निकलते हुए नजर आ रही है. यह पूरी घटना गुवाहाटी के पंजाबारी इलाके की बताई जा रही है, जिसने सभी हैरान और परेशान कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला पंजाबारी इलाके के जुरिपार स्थित मकान नंबर 69 का है. अरिना लस्कर खातून नाम की महिला 6 साल पहले बच्ची को घरेलू कामकाज के लिए लेकर आई थी. उसे काफी प्रताड़ित किया जा रहा था. स्थानीय लोगों से इस बात की जानकारी होते ही जिला श्रम टास्क फोर्स एक्टिव की टीम एक्टिव हो गई. रविवार शाम टीम ने एक मजिस्ट्रेट मौजदूगी में अमरीन के घर में छापेमारी कार्रवाई शुरू कर दी।

**25 मिनट तक पलंग में बंद रही बच्ची**

हालांकि, श्रम टीम की भनक महिला को पहले ही लग गई थी. इसलिए उसने मासूम बच्ची को दीवान पलंग में बंद कर दिया, करीब 25 मिनट तक वह उसी में बंद रही. जिला श्रम टास्क फोर्स के एक अधिकारी ने बताया कि जब वह अरिना लस्कर खातून के घर पहुंचे और बच्ची के बारे में पूछा तो उसने कहा कि बच्ची के पिता उसे तीन-चार दिन पहले ले गए हैं. वह यहां नहीं हैं. हालांकि, घर





में संदिग्ध गतिविधियों को देखते ही टीम ने इंस्पेक्शन की परमिशन मांगी, जिसका महिला ने शुरू में विरोध किया।

**जांच में जुटी जिला श्रम टास्क फोर्स**

काफी कोशिशों के बाद टीम ने घर में तलाशी अभियान शुरू किया. एक कमरे में जांच के दौरान बच्ची दीवान पलंग में बंद मिली. बच्ची काफी डरी हुई थी. पलंग से बाहर निकलाने और पानी पिलाने के बाद होश में आते ही बच्ची बिलख-बिलख कर रोने लगी. शुरूआती पूछताछ में बच्ची ने बताया कि उसके साथ लंबे समय से मारपीट की जा रही थी, उसे प्रताड़ित किया जा रहा था. टीम ने फिलहाल बच्ची को सुरक्षित स्थान पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

**कमजोर हालत में मिली बच्ची**

काफी प्रयासों के बाद जब कमरे की तलाशी ली गई, तो बच्ची को वार्डरोब/दीवान पलंग के अंदर छिपा हुआ पाया गया. बच्ची की हालत बेहद कमजोर थी. बाहर निकालने के बाद उसे पानी दिया गया और होश में आते ही वह फूट-फूटकर रोने लगी. प्रारंभिक पूछताछ में बच्ची ने बताया कि उसे लंबे समय से मारपीट और प्रताड़ना का शिकार बनाया जा रहा था. इसके बाद उसे तत्काल सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया. फिलहाल, मामले की जांच जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

## जर्जर पानी की टंकी गिराई गई, ग्रामीणों ने ली राहत की सांस





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बार।** तालबेहट क्षेत्र की ग्राम पंचायत चुनगी में वर्षों पुरानी और जर्जर हालत में खड़ी पानी की टंकी को बुधवार सुबह प्रशासन के आदेश पर गिरा दिया गया। यह टंकी लंबे समय से उपयोग में नहीं थी और उसकी स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी थी, जिससे कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई थी।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भगत यादव सहित ग्रामीणों ने टंकी को गिराने की लगातार मांग की थी। ग्रामीण कुन्नू यादव ने बताया कि टंकी काफी पुरानी हो चुकी थी और उसकी दीवारें कमजोर पड़ गई थीं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों में डर बना रहता था।

बुधवार सुबह करीब 9 बजे प्रशासन की मौजूदगी में क्षतिग्रस्त टंकी को सुरक्षित तरीके से ध्वस्त कर दिया गया। टंकी गिराए जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व दैनिक भास्कर ने क्षेत्र में वर्षों पुरानी जर्जर पानी की टंकियों से संभावित खतरे को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए पहले धनगोल की टंकी और अब चुनगी की टंकी को भी गिरवा दिया है।

## घाटमपुर में सरकारी जमीन पर निर्माण कार्य रूका, मिट्टी डालकर हो रही थी पुराई



**घाटमपुर।** घाटमपुर कस्बे में कानपुर सागर हाइवे,, स्टेशन रोड के पास सरकारी जमीन पर चल रहे निर्माण कार्य को उपजिलाधिकारी घाटमपुर अविचल प्रताप सिंह ने रुकवा दिया, है, स्थानीय लोगों ने इस भूमि को सरकारी संपत्ति बताया था, बताया गया कि कुछ दिन पहले इस जमीन पर मिट्टी डालकर पुराई की जा रही थी, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू होने वाला था, स्थानीय लोगों ने ही इसे सरकारी जमीन बताते हुए शिकायत की थीं, मामले की जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी अविचल प्रताप सिंह ने तत्काल संज्ञान लिया, उन्होंने कस्बे के लेखपाल अमित चतुर्वेदी को मौके पर जाकर जांच करने का निर्देश दिया, लेखपाल ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पूरी कर ली है, एसडीएम ने पुष्टि की और निर्माण कार्य रोक दिया गया है, मामले की गहनता से जांच की जा रही उन्होंने कहा कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## चीनी मिल पर किसान यूनियन का प्रदर्शन

**● गन्ना तौल बंद होने से किसान नाराज, हैदरगढ़ मिल को आवंटन का विरोध**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सुल्तानपुर-** बुधवार को भारतीय किसान यूनियन ने किसान सहकारी चीनी मिल पर प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पूर्व सपा विधायक अरुण वर्मा भी शामिल हुए। किसानों ने जिला गन्ना अधिकारी को संबोधित एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें अपनी समस्याओं का उल्लेख किया गया था। मांग पत्र में कहा गया है कि जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को बिना पूर्व सूचना दिए, सुल्तानपुर चीनी मिल के गन्ना किसानों का गन्ना हैदरगढ़ चीनी मिल को स्थानांतरित कर दिया है। किसानों का आरोप है कि वर्तमान में सुल्तानपुर चीनी मिल चालू है, लेकिन गन्ना तौल बंद कर दिया गया है। मिल गेट पर लगभग 300 गन्ने से लदी ट्रॉलियां खड़ी हैं।

किसानों ने गन्ना तौल तुरंत शुरू करने और जब तक सभी किसानों का गन्ना तौल न हो जाए, तब तक चीनी मिल चालू रखने की मांग की है। उन्होंने यह भी बताया कि अभी तक गन्ना किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान नहीं किया गया है। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) ने चेतावनी दी है कि यदि





उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो वे बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

पूर्व सपा विधायक अरुण वर्मा ने बताया कि उन्होंने चीनी मिल के महाप्रबंधक (जीएम) से बात की है और गन्ना आयुक्त को सूचित किया है कि 200 किसान धरने पर बैठे हैं। वर्मा ने कहा कि वह किसानों की समस्याओं को समझते हैं और इस मामले से अखिलेश यादव को भी अवगत कराएंगे। भारतीय किसान यूनियन (BKU) के प्रदेश सचिव अजय सिंह ने जानकारी दी कि जीएम ने उन्हें बताया है कि केन कमिश्नर के निर्देशानुसार, मिल गेट के किसानों का गन्ना अब हैदरगढ़ मिल को आवंटित कर दिया गया है। अजय सिंह और अन्य किसानों ने इस फैसले पर असंतोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि मिल यार्ड में पहले से ही लगभग 300 ट्रॉलियां खड़ी हैं, जिनके लिए तौल की पर्चियां जारी हो चुकी हैं।

## किश्तवाड़ में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़, एक आतंकी ढेर

**● किश्तवाड़ के छत्रू इलाके में सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों को घेर लिया और क्षेत्र में घेराबंदी कर तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है. जैश के 2 से तीन आतंकी इलाके में मौजूद हैं**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



जम्मू-कश्मीर में भारतीय सेना आतंकियों के सफाए के लिए लगातार अभियान चला रही है इस बीच जम्मू संभाग के किश्तवाड़ जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ जारी है. सेना ने जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी को मार गिराया है. बताया जा रहा है कि सेना ने जैश-ए-मोहम्मद के 2 से 3 आतंकियों को घेरकर पूरे क्षेत्र में घेराबंदी कर दी है. इस बीच सेना ने एक आतंकी को मार गिराया. फिलहाल सर्च ऑपरेशन जारी है।

जानकारी के मुताबिक किश्तवाड़ जिले के छत्रू इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो रही है. पूरे इलाकी की घेराबंदी कर तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है. सेना के जवान चप्पे-चप्पे पर निगाह रखे हुए हैं ताकि आतंकि किसी भी कीमत पर बचकर निकल न पाए. हर आने जाने वाली गाड़ियों की भी तलाशी ली जा रही है।

**उधमपुर जिले में आतंकी ढेर**

वहीं आज (बुधवार, 4 फरवरी) ही उधमपुर जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है, जहां जैश-ए-मोहम्मद के दो आतंकियों को सेना ने मुठभेड़ में ढेर कर दिया. ये आतंकी बसंतगढ़ में गुफा में छिपे थे जिन्हें सेना ने मार गिराया. सेना, पुलिस और CRPF की संयुक्त टीमें बीते मंगलवार 3 फरवरी) से ही इन आतंकियों का पीछा कर रही थीं।

**घटनास्थल से हथियार बरामद**

यह एनकाउंटर रामनगर के जाफर इलाके में हुआ जहां आतंकवादी छिपे हुए थे. इस दौरान सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से हथियार भी बरामद किए हैं, जिनमें एक M4 कार्बाइन और एक्र्च-47 राइफल शामिल हैं. बताया जा रहा है कि इस अभियान के दौरान पैराट्रूपर्स, डॉग स्क्वॉड और ड्रोन की मदद ली गई ताकि गुफा में छिपे आतंकियों को निशाना बनाया जा सके।

**भागने की फिराक में थे आतंकी**

सेना के अधिकारी ने बताया कि जैश के शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मुठभेड़ में मारे गए हैं. अधिकारियों के मुताबिक, शाम करीब साढ़े सात बजे आतंकवादियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर भागने की कोशिश की, जिसके बाद इलाके में फिर से गोलीबारी और जोरदार धमाके हुए.उन्होंने बताया कि इसके बाद घेराबंदी को और मजबूत करने के लिए पैराट्रूपर्स और श्वान दस्ते सहित सेना की अतिरिक्त टुकड़ियों को मौके पर भेजा गया था।

# संक्षिप्त खबरें

## डा0 अरविन्द चौधरी बने हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के जिलाध्यक्ष..



**बस्ती।** हिन्दू सुरक्षा सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी के महन्त राजू दास ने डा0अरविन्द चौधरी को जनपद बस्ती का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है उनके इस मनोनयन पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।डा0 अरविन्द चौधरी को जिलाध्यक्ष बनाए जाने परर सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। लोगों का कहना है कि डा0 चौधरी एक कर्मठ, ऊर्जावान एवं संगठन के प्रति समर्पित व्यक्ति हैं, जिनके नेतृत्व में जिले में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उनके मनोनयन पर पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत प्रतिनिधि विकास चौधरी, नगर अध्यक्ष भाजपा आलोक पाण्डेय, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा सुनील कुमार गुप्ता, सतीश सोनकर,रवि शर्मा,संजय गुप्ता,सन्त कसौधन, एडवोकेट आलोक शुक्ला,अशोक श्रीवास्तव, डा0 कृष्ण कुमार,अनिल पांडेय,राजन गुप्ता, विशाल गुप्ता, अजीज अंसारी,मोबीन अली, शिवम् कुमार, अजीत अग्रहरि, अर्जुन भट्ट, अमित सिंह,विराट भट्ट, मनीष चौधरी, अमन भट्ट, अनुपम पाठक, रवि पटेल,अमीर चन्द गुप्ता,रतन मद्धेशिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विधायक सुरेश पासी के प्रयास से इन्हौना-रुदौली मार्ग को मिलेगा राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा

### 10 मीटर चौड़ी सड़क से क्षेत्रीय विकास को मिलेगी नई रफ्तार

**शुकुल बाजार, अमेठी।** विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर के विकास को एक और बड़ी सौगात मिलने जा रही है। विधायक सुरेश पासी के सतत प्रयासों से इन्हौना-शुकुल बाजार-रुदौली संपर्क मार्ग को अब राष्ट्रीय राजमार्ग (NH) का दर्जा दिया जाएगा। इस मार्ग के राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से सड़क को 10 मीटर चौड़ा किया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था सुगम होगी और क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी।विधायक सुरेश पासी ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए जाने संबंधी प्रपत्र जारी कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से भारी वाहनों की आवाजाही आसान होगी, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि चौड़ी और उच्च गुणवत्ता वाली सड़क से न केवल राहगीरों को सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में औद्योगिक, व्यावसायिक और सामाजिक विकास के नए द्वार खुलेंगे। यह मार्ग आसपास के कस्बों और ग्रामीण इलाकों को बेहतर ढंग से जोड़ने का कार्य करेगा।विधायक सुरेश पासी ने यह भी कहा कि जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के विकास को प्राथमिकता दी गई है। आज क्षेत्र की अधिकांश सड़कें चकाचक और सुचारू हैं और इन्हौना-रुदौली मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने की पहल उसी विकास श्रृंखला का अहम हिस्सा है।क्षेत्रवासियों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम बताया है, जिससे आने वाले समय में अमेठी जनपद के इस हिस्से को नई पहचान मिलेगी।

## लंभुआ में वोटर लिस्ट दावे-आपत्तियों के लिए लगी लंबी कतारें

### दस्तावेज जमा करने में लोगों को हुई परेशानी, घंटों करना पड़ा इंतजार



**लंभुआ /सुल्तानपुर।** ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर दावे और आपत्तियों का दौर जारी है। लंभुआ बीआरसी पर मतदाता अपने दस्तावेज जमा करने के लिए लंबी कतारों में खड़े हैं। अंतिम तिथि नजदीक होने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित 13 दस्तावेजों में से उपलब्ध किसी भी दस्तावेज का उपयोग कर आवेदन किया जा सकता है। मतदाताओं ने बताया कि वे सुबह से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। धरियामऊ निवासी रीना ने बताया कि वह अपने छोटे बच्चों के साथ सुबह से लाइन में लगी हैं, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। विष्णुदेवपुर निवासी राम विश्वास ने शिकायत की कि उनकी भाभी के सभी दस्तावेज पूरे होने के बावजूद, तीन घंटे लाइन में लगने के बाद उन्हें जाति प्रमाण पत्र के अभाव का हवाला देकर वापस भेज दिया गया। धरियामऊ के मुख्तार अली ने बताया कि वे सुबह से लाइन में खड़े हैं और दोपहर 2 बजे तक भी उनका नंबर नहीं आया है। अमृतलाल ने भी लगभग 11 बजे से इंतजार करने की बात कही और दस्तावेजों की अधिकता पर चिंता व्यक्त की। गारवपुर की सोना देवी, बीरमपुर की रीना, गारवपुर की रवीना, विष्णुदेवपुर के राम विश्वास और गारवपुर की खुशबू देवी सहित कई अन्य लोगों ने तीन-तीन घंटे तक खड़े रहने से हो रही समस्याओं पर नाराजगी जताई।

# बस्ती पुलिस का बड़ा एक्शन: 25 हजार का इनामी, हत्या के प्रयास व गैंगस्टर मामलों में वांछित अपराधी मुंबई से दबोचा गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जनपद बस्ती पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक बड़े और कुख्यात को कानून के शिकंजे में कस दिया है। हत्या के प्रयास समेत दर्जनों संगीन मामलों में वांछित और 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त अजफरूल हक उर्फ अफजरुल हक उर्फ प्रिंस को कोतवाली पुलिस ने मुंबई के बांद्रा वेस्ट से गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी से जिले के आपराधिक जगत में खलबली मच गई है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिनेश चंद चौधरी के नेतृत्व में चलाए गए विशेष अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। मुखबिर की पुख्ता सूचना पर कोतवाली पुलिस और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय स्तर पर पीछा कर अभियुक्त को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है

कानून से भागता रहा, लेकिन पुलिस से नहीं बच सका :गिरफ्तार अभियुक्त अजफरूल हक उम्र करीब 33 वर्ष, निवासी चिकवा टोला, थाना पुरानी बस्ती, जनपद बस्ती, लंबे समय से पुलिस के लिए सिरदर्द बना हुआ था। उस पर हत्या के प्रयास, रंगदारी, लूट, आर्म्स एक्ट, गैंगस्टर एक्ट, एससी/एसटी एक्ट और हालिया मामलों में गंभीर धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष 2025 के एक मामले में उसे 25 हजार रुपये का इनामी भी घोषित किया गया था।

अपराध की लंबी फेहरिस्त क्राइमकुंडलीनेचौंकाया:अजफरूल हक का आपराधिक इतिहास किसी एक-दो घटनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि 2016 से लेकर 2026 तक उस पर 21 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें कई मामले हत्या के प्रयास (307 ढ्ढक्क/ब्र्हस्), गैंगस्टर एक्ट, शस्त्र अधिनियम, लूट-डकैती, रंगदारी, धमकी और महिला अपराधों से जुड़े हैं। यह रिकॉर्ड बताता है कि अभियुक्त लगातार कानून को चुनौती देता रहा, लेकिन अंततः पुलिस की पकड़ से नहीं बच सका।मुंबई में छिपा था, बस्ती पुलिस ने दबोचा:बताया जा रहा है कि अभियुक्त लंबे समय से मुंबई में नाम बदलकर रह रहा था और वहीं से अपने नेटवर्क को संचालित करने की कोशिश कर रहा था। लेकिन बस्ती पुलिस की सतर्कता, सर्विलांस इनपुट और जमीनी स्तर की मेहनत ने उसके मंसूबों पर पानी फेर दिया।पुलिस टीम को मिली सफलताइस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिनेश चंद चौधरी, उप निरीक्षक राजकुमार पटेल, उप निरीक्षक पवन कुमार मौर्य, कांस्टेबल अर्जुन यादव और सर्विलांस सेल के हेड कांस्टेबल अंगद यादव की अहम भूमिका रही।

इस गिरफ्तारी के जरिए बस्ती पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि अपराध चाहे जितना पुराना हो या अपराधी कहीं भी छिपा हो, कानून के लंबे हाथ अंततः उसे पकड़ ही लेते हैं। जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी पूरी सख्ती से जारी रहेगा।

## दलित को नही मिला मत्स्य पट्टा,उच्च न्यायालय लखनऊ की शरण में गरीब परिवार




**बलरामपुर** पचपेड़वा,मत्स्य तालाब पट्टा गरीबों के रोजी रोजगार का साधन होता है।प्रशासनिक उदासीनता के कारण पचपेड़वा विकास खंड के मोती नगर का मत्स्य तालाब पट्टा एक मात्र दलित परिवार को मिला ,जिसने ग्राम में लगे शिविर में सारी प्रक्रिया पूरी की ।जब पट्टा प्रमाण पत्र आवंटन को आया तो तहसीलदार तुलसीपुर ने राजनीतिक दवाब का कारण बताकर निरस्त कर दिया। दलित परिवार बलरामपुर जिलाधिकारी के पास न्याय के लिए गुहार लगाई वहां भी न्याय ना मिलने पर उच्च न्यायालय लखनऊ गुहार लगाई जहां मामला विचाराधीन है।वही उपजिलाधिकारी तुलसीपुर ने 5 फरवरी को तहसील परिसर मत्स्य तालाब पट्टा शिविर का आयोजन कर दिया।तुलसीराम ने बताया कि उप जिलाधिकारी को उच्च न्यायालय लखनऊ में दायर याचिका का हवाला देकर ग्राम मोतीनगर का मत्स्य नीलामी शिविर निरस्त करने का प्रार्थना पत्र दिया हूं।

## टावर पर चढ़े सिरफिरे युवक से घंटों हलकान रही पुलिस, थानाध्यक्ष के प्रयास से सुरक्षित उतारा गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती मंडल के महुली थाना क्षेत्र के महुली तिराहा स्थित टैक्सी स्टैंड के पास मंगलवार शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक 22 वर्षीय युवक अचानक बीएसएनएल टावर पर चढ़ गया। युवक के टावर पर चढ़ते ही इलाके में हड़कंप मच गया और किसी अनहोनी की आशंका से मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। युवक घंटों तक हाई वोल्टेज ड्रामा करता रहा और नीचे खड़े लोगों की समझाइश के बावजूद टावर से उतरने को तैयार नहीं हुआ। प्राप्त समाचार के अनुसार महुली कस्बा निवासी विकास उर्फ विक्की मंगलवार शाम घूमते हुए टैक्सी स्टैंड तिराहे पर पहुंचा था। इसके बाद वह एक मकान के पीछे लगे बीएसएनएल टावर पर तेजी से चढ़ने लगा। टावर पर चढ़ते समय युवक तेज आवाज में शादी न होने की बात दोहराता रहा, जिसे सुनकर आसपास मौजूद लोग सन्न रह गए। पहले तो स्थानीय लोगों ने उसे समझा-बुझाकर नीचे उतराने का प्रयास किया, लेकिन जब वह नहीं माना तो पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रजनीश राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे तक चले प्रयास और साहसी युवकों की मदद से किसी तरह विकास उर्फ विक्की को सुरक्षित टावर से नीचे उतारा गया। युवक के नीचे उतरते ही लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान मौके पर मौजूद उसकी मां लीलावती बेटे को सुरक्षित देखकर फूट-फूट कर रोने लगी। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है, वहीं कुछ लोगों का कहना है कि वह शादी को लेकर जिद और तनाव में था, जिसके चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने युवक को उसकी मां के साथ घर पहुंचाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान चौराहे पर भारी भीड़ जुटी रही और यातायात भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुआ।

## बनकटा में वर्षों पुरानी मांग पूरी होने की उम्मीद, ग्रामीणों ने गौरव श्रीवास्तव का किया सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के ग्राम बनकटा को बस्ती-गोविन्द नगर रेलवे स्टेशन के बीच बंद पड़ी रेलवे क्रॉसिंग से हो रही लंबे समय से चली आ रही परेशानियों से राहत मिलने की उम्मीद अब प्रबल होती दिख रही है। रेलवे विभाग द्वारा पैदल अंडरपास निर्माण को लेकर हाल ही में अनुकूल निर्णय जारी किए जाने के बाद गांव में खुशी का माहौल है। इस मुद्दे को लगातार उठाने में ग्राम की सामाजिक संस्था ? साई हरिवंश सेवा समिति के प्रबंधक की अहम भूमिका रही है। गौरव श्रीवास्तव द्वारा बीते दो वर्षों से इस समस्या को लेकर लगातार प्रयास किए जा रहे थे। उन्होंने 23 नवंबर 2023 को पहला प्रार्थना पत्र दिया था, इसके बाद 14 जनवरी 2026 और 15 जनवरी 2026 को दो ऑनलाइन शिकायतें दर्ज कराईं। विभागीय पत्राचार और जवाबों के क्रम में 19 जनवरी 2026 को रेलवे की ओर से सकारात्मक निर्णय प्राप्त हुआ।

बताया गया है कि प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को संबोधित एक नया प्रार्थना पत्र अब जिलाधिकारी बस्ती के माध्यम से अग्रेषित किया जा रहा है, जिसमें पंचायत चुनाव की प्रस्तावित आचार संहिता लागू होने से पहले ही पैदल अंडरपास निर्माण कार्य को स्वीकृत कर शुरू कराने का अनुरोध किया गया है, ताकि ग्रामवासियों को शीघ्र राहत मिल सके।

इन प्रयासों की सराहना करते हुए ग्राम बनकटा में ग्रामीणों ने गौरव श्रीवास्तव का फूल-मालाओं और मिठाई खिलाकर सम्मान किया। इस अवसर पर अमन, अंशुल, दिलीप कुमार, गप्पू, राज कपूर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि यह समस्या वर्षों से लंबित थी और अब इसके समाधान की वास्तविक उम्मीद जगी है। ग्रामवासियों का कहना है कि पैदल अंडरपास के निर्माण से गांव के दोनों हिस्सों के बीच बाधित आवागमन फिर से सुचारु हो सकेगा। इससे विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों और विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन आगामी 8 मार्च से

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**बरहज/देवरिया।** बरहज तहसील क्षेत्र के ग्राम देवढी में मधुमास महोत्सव के अवसर पर चंद्रेश्वर महादेव धाम ट्रस्ट द्वारा भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन आगामी 8 मार्च से किया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष उग्रसेन सिंह ने बताया कि गांव स्थित लगभग 400 वर्ष पुराने चंद्रेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत यह धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 7 मार्च को कलश व शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो धाम से चलकर भागलपुर सरयू तट तक जाएगी। वहां से श्रद्धालु सरयू जल कलश में भरकर मंदिर परिसर लौटेंगे। 8 से 14 मार्च तक वृंदावन से पधारे भागवत भास्कर श्रीकृष्ण चंद्र जी शास्त्री द्वारा अमृतमयी श्रीमद्भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। 15 मार्च को कन्या पूजन व महाप्रसाद वितरण के साथ आयोजन का समापन होगा। ट्रस्ट अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की।

# पहले हिंदू बनकर शादी का झांसा दिया फिर बलात्कार किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में शादी का झांसा दे करके हिंदू लड़कियों को टारगेट करके लव जिहाद में शामिल कररहे हैं पीड़िता का आरोप हिंदू बन शादी का झाँसा देकर हिन्दू युवती का किया रेप आरोपी ने घर ले जाकर अपने भाई और सहयोगी के साथ किया गैंगरेप विरोध करने पर मेरे घरवालों को किया जाता था टार्चर नही जाने पर मेरे भाई को कर लेता था आरोपी किडनैप देहव्यापार भी कराने की थी मंशा चंगुल से छूटकर आई युवती ने आरोपी व घरवालों पर लगाया सनसनीखेज आरोप लगाया हिन्दू बन कलावा पहन आरोपी व उसका भाई कई हिन्दू लड़कियों को फँसा करि बना लेते थे आपत्तिजनक वीडियो ब्लैकमेल कर उन लड़कियों को कराते थे देह व्यापार पुलिस ने आरोपी को कर लिया है गिरफ्तार।बस्ती जिले से लव जेहाद का एक बेहद ही सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां पीड़िता ने आरोपी व उसके घरवालों पर काफी संगीन आरोप लगाया है।पीड़िता ने बताया कि मुस्लिम युवक ने हिंदू बनकर नौकरी दिलाने का झांसा देकर उसे प्रेम जाल में फँसाया युवती को शक न हो इसके लिए बाकायदा कलावा पहना उसके साथ रेप किया।पीड़िता जब घरवालों से शिकायत करने उसके घर पहुंची तो आरोपी ने घर में भी भाई व सहयोगी के साथ भी उसका गैंगरेप किया।इतना ही नहीं पूरे मामले में उसके घर वाले उससे देह व्यापार के दलदल में धकेलना चाहते थे लेकिन युवती किसी तरह से उनके चंगुल से भाग निकली और उसके बाद पुलिस थाने में पहुंचकर अपने साथ हुए हैवानियत को सिलसिलेवार तरीके से बताया।जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए कार्यवाही करने का कोतवाली पुलिस को आदेश दे दिया।फिलहाल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है।

दरअसल कलवारी थाना क्षेत्र की रहने वाली पीड़िता बस्ती शहर में एक निजी हॉस्पिटल में काम करती थी जहाँ जनवरी 2022 में उसकी मुलाकात प्रिंस से हुई जिसने खुद को हिंदू बताया और उसे अच्छे हॉस्पिटल में नौकरी दिलवाने के नाम पर बात ही बात में उसका मोबाइल नंबर ले लिया।धीरे धीरे उसने प्रेम जाल में फंसाया युवती को शक न हो उसके लिए युवक बाकायदा अपने हाथ में कलावा पहनता था।भरोसा जीत उसके साथ दुष्कर्म किया फिर शादी का झांसा दे लगातार दुष्कर्म किया।जब बात हद से ज्यादा गुजर गई तो युवती शिकायत लेकर उसके घर पहुंची तो घर में भी युवक ने अपने भाई व सहयोगी के साथ मिलकर उसके साथ गैंगरेप किया।इतना ही नहीं पीड़िता यदि आरोपी के पास नहीं जाती थीं तो परिवार को टार्चर किया जाता और भाई को भी किडनैप कर लेता था।थकहारकर युवती को मजबूर होकर जाना ही पड़ता था।पीड़िता के अनुसार आरोपी अजफरुल हक उर्फ प्रिंस थाने का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है और इसके काले कारनामों में उसके घर वाले भी साथ देते थे।आरोपी के घरवाले भी उसे भी बर्बाद करके देह व्यापार के दलदल में ढकेलने की पूरी कोशिश की गई थी।पीड़िता ने दावा किया कि आरोपी और उसके भाई हिन्दू बनकर कई लड़कियों को प्रेम जाल में फंसाकर उन सभी का आपत्तिजनक वीडियो बना लेते थे और उसके बाद देहव्यापार के लिए देश विदेश में बेच देते थे।

पीड़िता के आरोपो की गम्भीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर अजफरुल हक उर्फ प्रिंस सहित 8 लोगों पर स्नढ्ढक्रदर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया है। वहीं इस पूरे मामले पर एसपी अभिनंदन ने बताया कि महिला के साथ हुए कृत्य पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को जेल भेज दिया गया है और जो भी तथ्य विवेचना में सामने आएगा आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी। पीड़ित महिला द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है पहले भी छेड़खानी का मुकदमा महिला ने आरोपी के ऊपर लगाए थे उसके बाद भी दोनों संपर्क में थे जिसकी जांच अभी चल रही है।

# मोहनगंज पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा

### ●चोरी के जेवरात (अनुमानित कीमत 12 लाख रुपये) व चोरी के कुल 41,000/- रुपये नगद के साथ 04 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** 30.01.2026 को आवेदिका सेमऊ पत्नी रमेश निवासी फूला थाना मोहनगंज जनपद अमेठी द्वारा थाना मोहनगंज पर लिखित सूचना दी कि दिनांक 20.01.2026 को आवेदिका दामा खेड़ा, छत्तीसगढ़ सत्संग में गयी थी जब वह अपने घर वापस आयीं तो देखा कि अज्ञात चोरों द्वारा उनके घर के अन्दर अलमारी व बक्शे में रखे सोने-चांदी के जेवरात व रुपये चोरी कर लिये गये हैं।

उक्त सूचना पर थाना मोहनगंज पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर 04 अभियुक्तों सूरज पुत्र बैजनाथ निवासी फूला थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष, राजकुमार पुत्र श्रीनाथ निवासी फूला थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 19 वर्ष, अर्जुन पुत्र केदारनाथ निवासी फूला थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 25 वर्ष व दीपक सिंह पुत्र संत बक्श सिंह निवासी फूला थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

जामा तलाशी से अभियुक्त सूरज के कब्जे से 01 चैन, 01 अंगूठी, 01 हार पीली धातु, 02 जोड़ी बिछिया, 01 जोड़ी पायजेब सफेद धातु तथा 10,000/- रुपये नगद बरामद हुए, अभियुक्त राजकुमार के कब्जे से 02 नाक की कील, 01 मंगलसूत्र पीली धातु, 02 जोड़ी बिछिया, एक सिक्का सफेद धातु तथा 11,000/- रुपये नगद बरामद हुए, अभियुक्त अर्जुन के कब्जे से 01 मांग टीका, 01 जोड़ी कान का झाला पीली धातु, 01 जोड़ी हाथफूल, 04 जोड़ी बिछिया सफेद धातु तथा 10,000/- रुपये नगद बरामद हुए एवं अभियुक्त दीपक के कब्जे से 01 नाक की नथुनी पीली धातु, 01 हाफ पेटी, 02 जोड़ी बिछिया, 01 बिस्किट सफेद धातु तथा 10,000/- रुपये नगद बरामद हुए पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त सूरज ने बताया कि रमेश उसके पारिवारिक चाचा हैं जिनकी पत्नी सेमऊ, गांव में ही रहती है। सेमऊ अपनी पुत्री के साथ दिनांक 20.01.2026 को दामा खेड़ा छत्तीसगढ़ सत्संग में गयीं थीं एवं उनके घर पर कोई नहीं था। सूरज ने अपने अन्य साथियों राजकुमार,अर्जुन व दीपक के साथ मिलकर दिनांक 20/21.01.2026 की रात्रि में रमेश के घर में घुसकर अलमारी व बक्शे का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व 41,000/- रुपये चोरी किये थे । आज वह सभी चोरी किये गये सामान का बंटवारा करने के लिए एकत्र हुए थे । बरामदगी के आधार पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई।

## दो गैंग लीडरों पर गैंगस्टर का मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात
पुलिस 112
आपात सेवाएं

**लंभुआ। सुल्तानपुर** लंभुआ कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए दो युवकों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। लंभुआ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि गरयें गांव निवासी धीरज सिंह को शातिर किस्म का अपराधी मानते हुए उसके खिलाफ गिरोहबंद कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार धीरज सिंह स्वयं अपने संगठित गिरोह का गैंग लीडर है, जबकि उसी गांव का शुभम सिंह उसके गिरोह का सक्रिय सदस्य है। पुलिस ने एक विस्तृत गैंग चार्ट तैयार किया था। उसे अनुमोदन के लिए डीएम सुल्तानपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। शनिवार को डीएम की स्वीकृति मिलने के बाद आरोपियों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से सात वर्षीय बालक की मौत, घर का इकलौता वारिस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केकलवारी थाना क्षेत्र केचकदहा-सुभावपुर मार्ग पर बुधवार को हुए एक हृदयविदारक सड़क हादसे में सात वर्षीय मासूम बालक अभय कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अभय कुमार, चकदहा गांव निवासी अजय का पुत्र था। अजय होमगार्ड विभाग में कार्यरत हैं, जबकि अभय की माता सुमन पंचायत सहायक के पद पर तैनात हैं। अजय के दो बच्चे थे–अभय इकलौता बेटा था और एक बेटी पलक है। बेटे की असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

बताया जा रहा है कि सुमन अपने बेटे अभय को लिटिल फ्लावर स्कूल, चकदहा से स्कूटी पर बैठाकर घर वापस लौट रही थीं। घर से कुछ ही दूरी पर चकदहा गांव के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में अभय गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि मां बाल-बाल बच गई।घटना के तुरंत बाद परिजन और स्थानीय लोगों ने घायल अभय को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनहरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ट्रैक्टर-ट्राली चालक की तलाश की जा रही है और मामले की जांच जारी है। जब पोस्टमार्टम के बाद अभय का शव गांव पहुंचा तो घर पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग परिवार को सांत्वना देने में जुटे हैं। मासूम अभय की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में गम और आक्रोश का माहौल है।

# विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता गोष्ठी आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पचपेड़वा (बलरामपुर)।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एन.पी.सी.डी.सी.एस. कार्यक्रम के तहत विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर दिनांक 04 फरवरी 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इमिलिया कोड़र, पचपेड़वा में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम 'ह्लढ्ढठ्ठद्बह्लद्गस्र ड्ढ4 ह्वठ्ठद्बह्नह्वद्ग' रही। गोष्ठी में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आमजन को कैंसर के लक्षण, बचाव एवं समय पर जांच के महत्व की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने बताया कि कैंसर के प्रमुख लक्षणों में मुंह या मसूड़ों की आदतों में बदलाव, न भरने वाला घाव, असामान्य रक्तस्राव तथा शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ शामिल हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को धूम्रपान से दूर रहने, संतुलित आहार लेने, शरीर का वजन नियंत्रित रखने एवं फल-सब्जियों का अधिक सेवन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि समय पर जांच एवं जागरूकता से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी पर नियंत्रण संभव है। कार्यक्रम में चिकित्साधिकारी डॉ. प्रसून गुप्ता, अधिशासी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा डॉ. विजय कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार




श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी एवं जिलाधिकारी डॉ. विविन जैन (आई.ए.एस.) का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। गोष्ठी में फार्मासिस्ट प्रकाश गौतम, एल.टी. विशाल, नर्स मीना गोंड एवं ज्योत्सना मंगलम, प्रिंस कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक महिला द्वारा मानसिक एवं शारीरिक शोषण किए जाने मामले में मुकदमा दर्ज 1 की हुई गिरफ्तारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत एक महिला द्वारा मानसिक एवं शारीरिक शोषण किए जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था। प्राप्त तहरीर के आधार पर तत्काल संज्ञान लेते हुए सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई है। प्रारंभिक जांच के दौरान यह तथ्य भी प्रकाश में आया है कि प्रकरण में धर्मांतरण से संबंधित पहलू सम्मिलित हो सकते हैं। उक्त तथ्यों को अत्यंत संवेदनशील मानते हुए पुलिस द्वारा सभी बिंदुओं पर गहन, निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक जांच की जा रही है। इस संबंध में उपलब्ध साक्ष्यों, बयान एवं तकनीकी साक्ष्य संकलित किए जा रहे हैं।

पुलिस यह स्पष्ट करना चाहती है कि किसी भी प्रकार के दबाव, प्रलोभन अथवा धोखाधड़ी के माध्यम से धर्मांतरण कराए जाने की स्थिति कानूनन गंभीर अपराध की श्रेणी में आती है। यदि जांच में इस प्रकार के कृत्य की पुष्टि होती है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी।

पीड़िता की सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय सुनिश्चित करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस पूर्णतः सतर्क है। प्रकरण में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और जांच पूर्ण होने के उपरांत आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अभी जांच प्रक्रिया चल रही है धर्मांतरण के साथ मिलते ही इसमें कई लोगों से पूछताछ के बाद गिरफ्तारी हो सकती है पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है जिस पर साथ मिलने पर अन्य लोगों पर कार्रवाई हो सकती है।

# संक्षिप्त खबरें

## मतदाता पुनरीक्षण पर सपा सख्त, बूथ स्तर तक निगरानी के निर्देश



लालगंज (रायबरेली)। कस्बे में बुधवार को समाजवादी पार्टी की विधानसभा कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक में चुनाव आयोग के विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को नोटिसों की सुनवाई पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष जेपी यादव ने की। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा षड्यंत्रपूर्वक मतदाता बढ़ाने का प्रयास कर रही है। कहा कि सपा ऐसे मंसूबों को सफल नहीं होने देगी। उन्होंने बताया कि निगरानी के लिए 47 सेक्टर प्रभारी, 47 सेक्टर पर्यवेक्षक, 6 जोन प्रभारी और 446 बूथ प्रभारी लगाए गए हैं। आरोप लगाया कि फर्जी तरीके से फॉर्म 7 भरकर मतदाता बढ़ाए जा रहे हैं। सरकार की साजिश को विफल किया जाएगा। बैठक का संचालन विधानसभा महासचिव रमेश मौर्य ने किया। इस दौरान दिव्यांबर सिंह, सूर्यभान सिंह, अमरेंद्र यादव, बबलू बाजपेई, इरफान, धर्मेंद्र, योगेश यादव, सरदार यादव, शिव प्रकाश, नसीम, अरविंद, अमित यादव, नईम खान, सतीश महाजन, सुनील यादव, राम प्रकाश, राजकुमार यादव सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## शब-ए-बारात का त्यौहार अकीदत के साथ गया मनाया



लहरपुर, सीतापुर मंगलवार को शब-ए-बरात का त्योहार अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। मस्जिदों, खानकाहो और कब्रिस्तान में बड़ी संख्या में अकीदत मन्द रात भर जाग कर इबादत करके अल्लाह को राजी करने और दूआऔं में मसरूफ रहेंगे। नगर पालिका परिषद की और से मजहबी मुक़ामात के आस पास साफ़ सफाई और पेय जल की सप्लाई सुचारू रूप से कराने की व्यवस्था की गई। शहर की मरकज मस्जिद, मदीना मस्जिद,गुरखेत बाजार जामा मस्जिद मीरा टोला जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग नमाज़ और कुरान पाक पढ़ने एवं अल्लाह की इबादत करने में व्यस्त रहे।इस के अलावा रमजान अली शाह मुरली वाले बाबा की दरगाह, अब्दुर्रहमान शाह जांबाज कलंदर, मज़ा शाह कलंदर और मुस्तफा अली शाह की दरगाह पर भी रात भर अकीदतमंदों की भीड़ देखी गई। शहर के क़ब्रिस्तानों में लोग अपने अज़ीज़ों की मजार पर अगरबत्ती जलाकर फातिहा और कुरान पाक पढ़ कर गुनाहों से निजात की दुआ की और आइंदा बुराई से दूर रहने नेक अमल करने की अल्लाह से दुआ की। महिलाओं ने अपने घरों में ही नमाज़, जिक्र,दुआ और कुरान पाक पढ़ कर इबादत की। इस मौके पर रमजान अली शाह मुरली वाले बाबा की दरगाह की भव्य सजावट की गई और भारी संख्या में लोगों ने इबादत की।

## जीआरपी पुलिस ने शातिर मोबाइल चोर को पकड़ा

नैनी ,प्रयागराज। बुधवार को छिवकी रेलवे स्टेशन पर एक शातिर मोबाइल चोर इंद्रजीत सिंह को जीआरपी पुलिस ने पकड़ा। उसके कब्जे से चोरी का एक रेडमी स्मार्टफोन बरामद हुआ है।एडीजी रेलवे और एसपी रेलवे प्रयागराज के निर्देश पर इन दिनों रेलवे परिसरों में चोरी, छिनैती और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत यह गिरफ्तारी हुई।बुधवार सुबह जीआरपी थाना प्रभारी अकलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम छिवकी स्टेशन क्षेत्र में गश्त कर रही थी।जीआरपी पुलिस टीम प्लेटफार्म नंबर-1पर हावड़ा एंड की ओर पहुंची। वहां एक युवक पेड़ के नीचे संदिग्ध अवस्था में दिखा, जो पुलिस को देखते ही भागने लगा। सतर्क जवानों ने घेराबंदी कर उसे मौके पर ही पकड़ लिया।पकड़े गए आरोपी की पहचान इंद्रजीत सिंह (28 वर्ष) पुत्र निवासी देवघाट झलवा, थाना एयरपोर्ट, प्रयागराज के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से रेडमी कंपनी का ग्रे कलर का टच स्क्रीन मोबाइल फोन बरामद किया गया। जांच में पता चला कि यह मोबाइल मुकदमा बीएनएस के तहत दर्ज चोरी के एक मामले से संबंधित है।पूछताछ में आरोपी इंद्रजीत ने स्वीकार किया कि वह रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों को निशाना बनाता था। खासकर सो रहे या लापरवाह यात्रियों के मोबाइल और कीमती सामान चोरी करना उसकी आदत थी। चोरी से मिले पैसों से वह अपने शौक और ऐशो-आराम पूरे करता था।

# सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन लखनऊ ने 25 वर्ष से अधिक सेवा देने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं को किया सम्मानित

### ● .......अधिवक्ता सम्मान समारोह में न्यायिक सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति, वरिष्ठ अधिवक्ताओं के योगदान को किया गया नमन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





लखनऊ। सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन, लखनऊ द्वारा कार्यकारिणी सत्र 2025-26 के अंतर्गत विधि-व्यवसाय में 25 वर्ष अथवा उससे अधिक अवधि पूर्ण करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ताओं के सम्मान में एक भव्य अधिवक्ता सम्मान समारोह का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, गोमती नगर स्थित सभागार में किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायिक सदस्य संतोष कुमार श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि न्यायिक सदस्य नरेंद्र कुमार रहे, जिनका एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। समारोह के दौरान उन वरिष्ठ अधिवक्ताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्होंने विधि-व्यवसाय में 25 वर्ष अथवा उससे अधिक की सेवा अवधि पूर्ण कर न्यायिक क्षेत्र में अपने अनुभव, निष्ठा एवं योगदान से समाज और बार की गरिमा को बढ़ाया है। सम्मान समारोह के उपरांत तहरी भोज (सहभोज) का आयोजन किया गया, जिसमें सभी सम्मानित अधिवक्ताओं एवं उपस्थित सदस्यों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतिम चरण में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि अधिवक्ता समाज न्याय प्रणाली का एक मजबूत और महत्वपूर्ण स्तंभ है तथा वरिष्ठ अधिवक्ताओं का अनुभव युवा अधिवक्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने ऐसे आयोजनों को बार की एकजुटता, सम्मान और परंपरा का प्रतीक बताया। कार्यक्रम का कुशल एवं प्रभावी संचालन अधिवक्ता दिलीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया। समापन अवसर पर सेल्स टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय मिश्र एवं महामंत्री शिव कुमार पाण्डेय ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, सम्मानित अधिवक्ताओं एवं कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिवक्ता साथियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के गरिमामय आयोजनों के निरंतर आयोजन की प्रतिबद्धता जताई।

## समाजसेविका के निधन पर जताया शोक



लालगंज, प्रतापगढ़। समाजसेविका के निधन पर क्षेत्रवासियों ने शोक जताया है। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अर्न्तगत पूरे धनई शिवबोझ गांव की समाजसेविका 76 वर्षीया राजकुमारी का बीमारी के चलते बीते मंगलवार को निधन हो गया। समाजसेविका गिरीशचंद्र मिश्र व केशव मिश्र की मां थी। निधन की जानकारी होने पर क्षेत्र के विजय पाण्डेय, रामजी जायसवाल, रामू मिश्र, रज्जन शुक्ला, ऋषि कुमार द्विवेदी, राधेश्याम मिश्र, सोनू शुक्ल, शशांक तिवारी, अनुराग उपाध्याय, आशीष द्विवेदी, दीपक शुक्ल, सत्यम सिंह, संजीव द्विवेदी, सुधांशु, संजीव पाण्डेय आदि ने गहरी संवेदना जतायी है।

## बारिश में भीगी इंसानियत, चालान में उलझी व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

लखनऊ में तेज़ बारिश के दौरान सामने आई एक घटना ने उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्यप्रणाली और संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजधानी के लोहिया पथ क्षेत्र में मूसलाधार बारिश से बचने के लिए कई दोपहिया वाहन चालक सड़क किनारे शेड के नीचे खड़े हो गए थे, तभी वहां पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें हटाने के साथ-साथ चालान काटने जैसी कार्रवाई शुरू कर दी। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही जनता में नाराज़गी फैल गई। वीडियो में साफ दिखाई देता है कि बारिश से बचने के लिए मजबूर लोग पुलिस के डर से भीगते हुए अपनी बाइक लेकर आगे बढ़ने को मजबूर हुए। आम लोगों का कहना है कि यह नियमों का पालन नहीं बल्कि मानवीय संवेदना की अनदेखी है, क्योंकि लोग किसी सुविधा या उल्लंघन के इरादे से नहीं, बल्कि अचानक आई तेज बारिश से बचने के लिए रुके थे। वहीं पुलिस प्रशासन का पक्ष है कि सड़क पर वाहन खड़ा करना यातायात और सुरक्षा के लिहाज़ से खतरनाक है और उस समय वीवीआईपी मूवमेंट या सुरक्षा कारण भी हो सकते थे, साथ ही यह दावा भी किया गया कि वास्तविक चालान नहीं काटे गए। बावजूद इसके, यह घटना नियम बनाम इंसानियत की बहस को फिर से सामने ले आई है। जानकारों का मानना है कि कानून का पालन आवश्यक है, लेकिन असाधारण परिस्थितियों–जैसे तेज बारिश–में पुलिस से अपेक्षा की जाती है कि वह सख्ती के साथ-साथ मानवीय दृष्टिकोण भी अपनाए। यह मामला अब सिर्फ एक वायरल वीडियो नहीं, बल्कि जन-पुलिस संबंधों और संवेदनशील पुलिसिंग की आवश्यकता पर बड़ा सवाल बन चुका है।

# यूपी के अनुदेशकों के भुगतान पर सुप्रीम फैसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नई दिल्ली— उत्तर प्रदेश के उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वर्षों से कार्यरत करीब 25 हजार अनुदेशकों के लिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला बड़ी राहत लेकर आया है। शीर्ष अदालत ने अनुदेशकों के मानदेय को लेकर राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि उन्हें केंद्र सरकार के मानकों के अनुसार 17,000 प्रतिमाह मानदेय दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने यह भी माना कि यह मानदेय वर्ष 2017 से लागू माना जाएगा, यानी अनुदेशकों को बीते वर्षों का बकाया (एरियर) भुगतान पाने का अधिकार है। यह फैसला लंबे समय से कम मानदेय पर कार्य कर रहे अनुदेशकों के संघर्ष को न्यायिक मान्यता देता है। मामले की पृष्ठभूमि में यह तथ्य सामने आया कि वर्ष 2017 में केंद्र सरकार ने उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अनुदेशकों के मानदेय को 17,000 प्रतिमाह करने का निर्णय लिया था, लेकिन उत्तर प्रदेश में इसे प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया।

इसके बाद अनुदेशकों और उनके संगठनों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया, जहां उन्हें राहत मिली। राज्य सरकार द्वारा हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दिए जाने पर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी भी की कि शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में कार्य कर रहे शिक्षकों को वर्षों तक कम मानदेय पर रखना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि यह शिक्षा की गुणवत्ता पर भी असर डालता है। अदालत ने अपने आदेश में यह स्पष्ट किया है कि अनुदेशकों को संशोधित मानदेय के साथ-साथ वर्ष 2017 से अब तक की बकाया राशि का भुगतान किया जाना चाहिए और राज्य सरकार को इसके लिए तय समयसीमा में प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इस फैसले से न सिर्फ अनुदेशकों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, बल्कि उनकी सेवा सुरक्षा को लेकर भी एक सकारात्मक संदेश जाएगा। शिक्षा जगत से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय संविदा और अंशकालिक शिक्षकों के अधिकारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण नजीर बनेगा और भविष्य में अन्य राज्यों में भी ऐसे मामलों पर असर डालेगा।

# तीन सगी बहनों ने की आत्महत्या

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक ही परिवार की तीन सगी बहनों ने नौवीं मंज़िल से कूदकर आत्महत्या कर ली। यह दर्दनाक घटना शहर की भारत सिटी सोसायटी में देर रात करीब दो बजे की बताई जा रही है। मृतक बहनों की पहचान निशिका (16 वर्ष), प्राची (14 वर्ष) और पाकी (12 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और परिवार गहरे सदमे में है। पुलिस के अनुसार, घटना स्थल से एक सुसाइड नोट और एक डायरी बरामद हुई है, जिसमें बहनों ने भावुक शब्दों में लिखा है– 'सॉरी पापा... हमें माफ कर दो, हम आप पर बोझ बन गए थे।' डायरी के कई पन्नों में बहनों की मानसिक स्थिति, अकेलापन और भावनात्मक तनाव का जिक्र है। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि तीनों बहनें काफी समय से मोबाइल गेमिंग और ऑनलाइन गतिविधियों में अत्यधिक रुचि ले रही थीं, जिसे लेकर पुलिस सभी पहलुओं की गहन जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, तीनों बहनें पढ़ाई में ठीक थीं और ज़्यादा मेल-जोल नहीं रखती थीं। हाल के महीनों में उनके व्यवहार में बदलाव देखा गया था, लेकिन किसी को अंदेशा नहीं था कि मामला इतना गंभीर हो सकता है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, मोबाइल फोन और डायरी की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है, ताकि आत्महत्या के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सके। इस घटना ने एक बार फिर बच्चों की मानसिक सेहत, डिजिटल दुनिया के प्रभाव और अभिभावकीय संवाद पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि समय रहते बच्चों की भावनाओं को समझना और उनसे खुलकर संवाद करना बेहद ज़रूरी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और सभी तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अपहरण का आरोपी धराया, भेजा गया जेल

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने अपहरण के आरोपी को गिर तार कर जेल भेज दिया। दरोगा इन्द्रेश कुमार पुलिस बल के साथ बुधवार की सुबह गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर अपहरण के मुकदमें में वांछित चल रहे आरोपी धीरज वर्मा पुत्र विनोद कुमार वर्मा निवासी देउम पूरब को घुइसरनाथ धाम स्थित पुल के समीप से धर दबोचा। एसओ गौरव त्रिवेदी ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## नगर पंचायत की लापरवाही से भड़का आक्रोश, अध्यक्ष कार्यालय के सामने रखा गया गाय का शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



लालगंज (रायबरेली)। नगर क्षेत्र में मृत पशुओं के निस्तारण को लेकर नगर पंचायत प्रशासन की उदासीनता एक बार फिर सामने आई है। गाय के शव के निस्तारण के लिए वाहन उपलब्ध न कराए जाने से नाराज लोगों ने बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता के कार्यालय के सामने गाय का शव रखकर जमकर नारेबाजी की। बताया गया कि नगर के घोसियाना मोहल्ले में एक गाय कई दिनों से बीमार थी, जिसकी सेवा मोहल्लेवासियों और गौ रक्षक दल के सदस्यों द्वारा की जा रही थी। मंगलवार को इलाज के दौरान गाय की मौत हो गई। इसके बाद शव के निस्तारण के लिए सभासद राघवेंद्र सूर्यवंशी के माध्यम से नगर पंचायत से संपर्क किया गया, लेकिन आरोप है कि प्रशासन ने वाहन उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया। नगर पंचायत से मदद न मिलने पर मोहल्लेवासियों और गौ रक्षक दल के कार्यकर्ताओं में नाराजगी बढ़ गई। इसके बाद सभी लोग गाय का शव उठाकर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे और अध्यक्ष कार्यालय के सामने रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली बातचीत के बाद अधिकारियों के हस्तक्षेप से स्थिति को नियंत्रित किया गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि नगर क्षेत्र में मृत पशुओं के निस्तारण की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है, जिससे आए दिन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि नगर पंचायत भविष्य में गाय सहित अन्य मृत पशुओं के निस्तारण के लिए स्थायी समाधान सुनिश्चित करे।

## पागल कुत्ते का आतंक, एक दर्जन लोग घायल



लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के खजूर गांव, रघुनाथगंज और मीठापुर में पागल कुत्ते का आतंक फैल गया है। बुधवार को कुत्ते ने 12 लोगों को काटकर घायल कर दिया। घटना के बाद गांवों में दहशत का माहौल है। कुत्ते के हमले में खजूर गांव के वृंदावन यादव, राजेश डोम, सुनीता और बदरूनिशा घायल हुए। वहीं मीठापुर के राजेश पासवान, पन्नू यादव, भाईलाल, लोध और भीम शंकर को भी कुत्ते ने काट लिया। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि एक ही पागल कुत्ते ने अलग-अलग स्थानों पर लोगों पर हमला किया। कुत्ते ने मवेशियों को भी काटकर जख्मी किया है। इससे ग्रामीणों में भय बना हुआ है।

# भारत-अमेरिका ट्रेड से पिस्ता-सेब होंगे सस्ते

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

संवाददाता सचिन बाजपेई

नई दिल्ली। भारत और अमेरिका के बीच हुए नए व्यापार समझौते का सीधा असर अब आम उपभोक्ताओं की जेब पर दिखने वाला है। इस समझौते के तहत अमेरिका से आयात होने वाले पिस्ता, सेब, बादाम और अन्य ड्राई फ्रूट्स भारत में पहले से सस्ते हो सकते हैं। सरकार का दावा है कि इस डील में भारतीय किसानों और संवेदनशील कृषि क्षेत्रों के हितों से कोई समझौता नहीं किया गया है, जिससे घरेलू उत्पादन सुरक्षित रहेगा। समझौते के अनुसार, अमेरिका से आने वाले चुनिंदा कृषि और खाद्य उत्पादों पर आयात शुल्क (टैरिफ) में कटौती की गई है। इससे अमेरिकी सेब और पिस्ता जैसे उत्पाद भारतीय बाजार में कम कीमत पर उपलब्ध हो सकेंगे। वहीं दूसरी ओर, भारत ने चावल, गेहूं, डेयरी उत्पाद और अन्य संवेदनशील कृषि वस्तुओं को इस व्यापार समझौते से बाहर रखा है, ताकि स्थानीय किसानों को नुकसान न हो। सरकारी सूत्रों का कहना है कि यह व्यापार समझौता पूरी तरह पारस्परिक लाभ के सिद्धांत पर आधारित है। एक ओर भारतीय उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद सस्ते दामों पर मिलेंगे, वहीं दूसरी ओर भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में कम शुल्क और बेहतर पहुंच मिलेगी। इससे भारत के टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग और अन्य निर्यात क्षेत्रों को भी फायदा होने की उम्मीद है। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, यह समझौता भारत-अमेरिका के बीच आर्थिक रिश्तों को और मजबूत करेगा। हालांकि कुछ विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि आयात बढ़ने की स्थिति में सरकार को घरेलू बाजार पर लगातार नजर रखनी होगी। कुल मिलाकर, यह डील उपभोक्ताओं के लिए राहत और किसानों के लिए सुरक्षा का संतुलित मॉडल मानी जा रही है।

# पेड़ से लटका मिला किशोर का शव इलाके में फैली सनसनी, 18 घंटे से था लापता

### ● आत्महत्या और हत्या के एंगल पर पुलिस कर रही जांच

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सीतापुर। जनपद सीतापुर के सदरपुर थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां घर से लापता हुए 12 वर्षीय किशोर का शव खेत में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मासूम की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान चाहत पुत्र हरिशंकर भार्गव उम्र करीब 12 वर्ष, निवासी देवरिया खुर्द, थाना सदरपुर के रूप में हुई है बताया जाता है कि मृतक किशोर चाहत मंगलवार शाम करीब 4 बजे घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। पूरी रात परिजन अनहोनी की आशंका में परेशान रहे। बुधवार की सुबह सदरपुर थाना क्षेत्र के टेढ़ीपुरवा गांव के पास केवानी नदी किनारे स्थित अबरार निवासी टेढ़ीपुरवा के गन्ने के खेत में पेड़ से एक किशोर का शव प्लास्टिक की पतली रस्सी के सहारे फांसी के फंदे में झूलता हुआ ग्रामीणों ने देखा शव देखकर ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सदरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए, जहां शव की पहचान चाहत के रूप में होते ही कोहराम मच गया मौके पर काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम कार्यवाई के लिए मुख्यालय भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए और परिजनों से पूछताछ की। प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि किशोर द्वारा यह कदम क्यों उठाया गया, इसके कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक और भय का माहौल बना हुआ है!!

## किसान क्रांति पदयात्राः चौथे दिन उमड़ा जनसमर्थन, समापन पर वृंदावन में होगी विशाल किसान पंचायत

### ● ......भाकियू (भानू) ने सरोजनीनगर प्रशासन को घेरा; स्थानीय रोजगार और शोषण के विरुद्ध आंदोलन का फूंका बिगुल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





लखनऊ। भारतीय किसान यूनियन (भानू) के तत्वावधान में आयोजित दस दिवसीय 'किसान क्रांति पदयात्रा' के चौथे दिन पीजीआई से बंथरा तक भारी जनसमर्थन देखने को मिला, जहाँ पुष्पवर्षा और माल्यार्पण के साथ पदयात्रियों का स्वागत किया गया। प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सरोजनीनगर उपजिलाधिकारी से वार्ता कर भूमि विवाद, मुआवजा, बिजली और सिंचाई जैसे मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान ऋषि मिश्रा ने औद्योगिक इकाइयों और वेयरहाउसों में महिला श्रमिकों के शोषण पर कड़ी नाराजगी जताई और अशोक लेलैंड जैसी कंपनियों को एक माह के भीतर स्थानीय शिक्षित युवाओं को रोजगार देने की चेतावनी दी। एसीपी रजनीश वर्मा की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से आगे बढ़ी इस यात्रा में बड़ी संख्या में किसान नेता और कार्यकर्ता शामिल रहे। यात्रा के दसवें दिन पीजीआई के वृंदावन में एक विशाल किसान पंचायत आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश भर के किसान अपनी मांगों को लेकर हुंकार भरेंगे और प्रशासन की गंभीरता न दिखाने पर बड़े आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे।

## लॉटरी सिस्टम से होगा संग्रामगढ़ गांव के कोटे का चयन

लालगंज, प्रतापगढ़। विकासखण्ड रामपुर संग्रामगढ़ की ग्राम पंचायत संग्रामगढ़ में रिक्त चल रहे कोटे का चयन अब लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए पांच फरवरी से बीस फरवरी तक बंद लिफाफे में आवेदन मांगे गये हैं। आवेदन फार्म उप जिलाधिकारी कार्यालय लालगंज से प्राप्त किये जा सकते हैं। आगामी 25 फरवरी को तहसील सभागार में लॉटरी सिस्टम के द्वारा कोटे का चयन तहसील स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र वर्मा द्वारा जारी विज्ञप्ति में दी गयी है।

## सीएम करेंगे गोरक्षनाथ प्रतिमा का अनावरण अफसरों ने कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था परखी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सीतापुर। जनपद सीतापुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनज़र शुक्रवार को वरिष्ठ अधिकारियों ने शहर के शास्त्री नगर स्थित कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और अन्य आवश्यक तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया गया। मुआयना करने वालों में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अनूप शुक्ला सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड स्थल और मुख्यमंत्री के आवागमन मार्गों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 9 फरवरी को सीतापुर के शास्त्री नगर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं इस दौरान महंत योगी तेज नाथ जी महाराज द्वारा स्थापित गुरु गोरक्ष नाथ की प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री द्वारा किए जाने की संभावना है इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। अधिकारियों ने हेलीपैड के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल और कार्यक्रम स्थल के साथ आपातकालीन व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की।

साथ ही कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने वाले मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी तरह की अव्यवस्था से बचने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने की योजना बनाई जा रही है। मुआयना के दौरान अधिकारियों ने आयोजकों से भी बातचीत कर कार्यक्रम की रूपरेखा और अपेक्षित भीड़ के बारे में जानकारी ली प्रशासन का कहना है कि मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएंगी, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराया जा सके!!

# पुलिस सर्राफा लूट के बदमाशों तक पहुंची बाइक की हुई शिनाख्त

### ● दो लाख की लूट में लगी आठ पुलिस टीमें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



सीतापुर। जनपद सीतापुर में सकरन थाना क्षेत्र में बीती 31 जनवरी को हुई सर्राफा व्यापारी से लूट की सनसनीखेज वारदात के खुलासे के लिए पुलिस ने तेज़ी से कार्रवाई शुरू कर दी है। लूट प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिए बदमाशों की सुरागरसी तेज कर दी है और कुख्यात कोहिनूर गैंग के सदस्यों पर खास निगरानी रखी जा रही है पुलिस सूत्रों के अनुसार इस मामले के खुलासे के लिए कुल 8 टीमें गठित की गई हैं, जो अलग-अलग बिंदुओं पर काम कर रही हैं। गहन छानबीन के दौरान पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक और लूट में शामिल बदमाशों से जुड़े अहम सुराग भी हासिल कर लिए हैं इसके साथ ही कई पुराने और संदिग्ध अपराधियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है, ताकि बदमाशों तक जल्द से जल्द पहुंचा जा सके। मालूम हो कि 31 जनवरी की शाम बाइक सवार दो बदमाशों ने सर्राफा व्यापारी मोनू रस्तोगी से जेवरात से भरा बैग छीन लिया था व्यापारी अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहे थे, तभी बदमाशों ने मौका पाकर वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। छीने गए बैग में करीब दो लाख रुपये कीमत के जेवरात बताए जा रहे हैं। पीड़ित व्यापारी बिसवां कोतवाली क्षेत्र के पटना गांव का रहने वाला है और मोहलिया चौकी क्षेत्र में सर्राफे का व्यवसाय करता है। घटना के बाद से ही इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं व्यापारियों में रोष भी देखा गया है। सीओ बिसवा अमन सिंह का कहना है कि लूट का खुलासा जल्द किया जाएगा और वारदात में शामिल सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि शीघ्र ही इस मामले का पर्दाफाश किया जाएगा!!

# दिव्यांग-जनों को उत्तरोत्तर अवसर दिए जाने की प्रतीक्षा



**दिव्यांगों की जिजीविषा सर्व अनुकरणीय।**

भारत में दिव्यांगता केवल एक सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय विकास की एक महत्वपूर्ण वास्तविकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व स्तर पर लगभग हर छह में से एक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार की दिव्यांगता के साथ जीवन यापन कर रहा है। विश्व में ऐसे लोग एक अरब से अधिक है। यही नहीं, संयुक्त राष्ट्र भी मानता हैं कि दुनिया भर में दिव्यांगजन की जनसंख्या इतनी बड़ी है कि सामाजिक समावेशन और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले तभी विश्व की प्रगति पूर्ण हो सकती है। भारत की स्थिति पर ध्यान दें तो 2011 की आधिकारिक जनगणना के अनुसार देश में लगभग 2.68 करोड़ व्यक्ति दिव्यांगता के अंतर्गत आते हैं, जो कुल जनसंख्या का लगभग 2.21% हिस्सा है। परंतु मध्य सर्वेक्षण और स्वास्थ्य समीक्षाएं संकेत देती हैं कि वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है और कुछ सर्वे के मुताबिक यह लगभग 4% से अधिक अनुमानित है, क्योंकि परंपरागत डेटा इकट्ठा करने के तरीकों में कई लोग दर्ज नहीं होते। भारत जैसे विविध और बड़े देश में यह संख्या केवल एक आंकड़ा नहीं है, यह हर वर्ग, क्षेत्र और सामाजिक स्तर पर फैली एक चुनौती और अवसर दोनों है।

दिव्यांगता का मतलब है किसी व्यक्ति के शारीरिक या मानसिक क्षमता में दीर्घकालिक कमी, जो उसके दैनिक जीवन और सामाजिक सहभागिता को बाधित करती है। यह शारीरिक अक्षमता, दृष्टिहीनता, श्रवणक्षमता, भाषण से जुड़ी असमर्थता, मानसिक विकलांगता, बहु दिव्यांगता आदि कई रूपों में हो सकती है। यह सीमा केवल चिंतन के आयामों तक सिमित नहीं है, बल्कि सामाजिक ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आत्मनिर्भरता जैसे सबसे बुनियादी मूल्यों को प्रभावित करती है।

भारत सरकार ने इस संवेदनशील विषय पर कई ऐतिहासिक निर्णय और सुधार किए हैं। 1995 में विकलांग व्यक्ति अधिकार अधिनियम पारित हुआ और 1996 में लागू कर दिया गया, जो दिव्यांगजन के लिए शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और आरक्षण जैसे प्रावधानों को शामिल करता है। यह कानून समाज की जिम्मेदारियों को स्पष्ट करता है और दिव्यांगता को एक अधिकार-आधारित दृष्टिकोण से परिभाषित करता है, जहां दिव्यांगजन को समान अवसर और सम्मान मिले। इसके उपरांत 1999 में राष्ट्रीय स्थायी न्यास बनाया गया ताकि दिव्यांगजन की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए एक औपचारिक मंच हो।

2012 में केंद्र सरकार ने सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को स्थापित किया, जिसका उद्देश्य दिव्यांगों के लिए अलग से योजनाएँ, नीति और उनके समावेशन को सुनिश्चित करना है। 2016 में पर्सन विद डिसेबिलिटी एक्ट आया, जिसने दिव्यांगता की परिभाषा को और विस्तृत कर दिया तथा 21 प्रकार की विकलांगताओं को मान्यता दी। इसके साथ ही दिव्यांगजन के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, तकनीकी सहायता और रोजगार में सुधार की कई नई धारणाएँ लाई गई।

शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने 2015 में दिव्यांगजन की शिक्षा नीति को अपनाया, जिसमें उनके लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और समतुल्य अवसर प्रदान करने का प्रावधान रखा गया। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँच सुनिश्चित करने के लिए ऑनलाइन पुस्तकालय, सुगम्य सीख जैसे कोर्स शुरू किए गए ताकि बटन क्लिक से ही दिव्यांग छात्र पुस्तकों और संसाधनों तक पहुँच सकें। साथ ही 2016 में दिव्यांग अधिकारिता विभाग की सलाह से एक जॉब पोर्टल भी लॉन्च हुआ, जो नौकरी के अवसर, स्वरोजगार ऋण, शिक्षा ऋण और कौशल प्रशिक्षण जैसी सेवाएँ एकल मंच पर प्रदान करता है, जिससे दिव्यांगजन की आर्थिक भागीदारी और आत्मनिर्भरता बढ़ सके।

समाज और सरकार का समन्वय जब अपने चरम पर होता है तो महान उपलब्धियाँ सामने आती हैं। 2017 में दिव्यांग साथी मोबाइल ऐप की शुरुआत की गई, जिसका लक्ष्य दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की योजनाओं, नियमों, छात्रवृत्तियों, रोजगार-संबंधी अवसरों की सरल एवं सीधी जानकारी प्रदान करना है ताकि वास्तविक सशक्तिकरण को धरातल पर लागू किया जा सके। 2026 के भारत के बजट में भी दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांग कौशल योजना और दिव्यांग सहारा योजना जैसी योजनाओं की घोषणा की गई, जो कौशल विकास, सम्मानजनक आजीविका और आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने पर केंद्रित हैं।

स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्र में हालांकि कई सुधार हुए हैं, कुछ चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। उदाहरण के तौर पर एक ताज़ा सर्वे में यह खुलासा हुआ है कि लगभग 82% दिव्यांगजन के पास कोई स्वास्थ्य बीमा नहीं है, और लगभग 42% को आयुष्मान भारत जैसी प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी नहीं है, जिससे उनके लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुँच सीमित रह जाती है। इस दिशा में सुधार की आवश्यकता है ताकि स्वास्थ्य सुरक्षा और आर्थिक सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हो सकें।

**अक्षर सत्ता** रोजगार और आर्थिक समावेशन की दिशा में भी गति आई है, परंतु आंकड़े बताते हैं कि भारत में लगभग 1.3 करोड़ दिव्यांग रोजगार योग्य हैं, लेकिन उनमें से केवल कुछ लाख ही रोजगार पा रहे हैं। निजी क्षेत्र में दिव्यांगों को नौकरी देने के नियम व्यापक रूप से लागू नहीं होते या कंपनियाँ जुर्माना देकर इन नियमों से बचने का चुनाव करती हैं, जिससे आत्म-निर्भरता के अवसर कम होते हैं।

क्रीड़ा और सामाजिक उपलब्धियाँ इन कठिनाइयों के बावजूद दिव्यांगजन की जिजीविषा का प्रदर्शन हैं। भारतीय दिव्यांग खिलाड़ियों ने कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते हैं, जिससे देश का नाम विश्व मंच पर चमका। पैरा ओलंपिक में भारत के खिलाड़ियों का प्रदर्शन, और क्रिकेट, एथलेटिक्स, निशानेबाजी और अन्य खेलों में उनके उपलब्धियाँ स्थापित करती हैं कि दिव्यांगता क्षमता की कमी नहीं, बल्कि सामाजिक अवरोधों के प्रतिबिंब मात्र है।

ऐसी प्रेरणाएँ अनेक हैं जैसे अरुणिमा सिन्हा जिन्होंने प्रथम भारतीय विकलांग महिला के रूप में माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा; पैरालंपिक में दीपा मलिक व देवेंद्र झाझरिया जैसे खिलाड़ियों ने पदक हासिल कर देश का गौरव बढ़ाया; साथ ही कला, संगीत, चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में भी दिव्यांगजनों ने अपनी पहचान बनायी है। दिव्यांगजन में अपार क्षमता है और वे समाज के प्रेरणा स्रोत हैं, बशर्ते उन्हें अवसर, सम्मान और सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए केवल शासन ही नहीं, स्वास्थ्य पेशेवर, शिक्षक, सामाजिक संस्थाएँ, स्वयंसेवी समूह और आम नागरिक सबको आगे आकर समावेशी समाज की दिशा में मिलकर कार्य करना होगा। यही वह मार्ग है जो दिव्यांगजन को मुख्यधारा में पूर्ण रूप से जोड़ कर भारत को सामाजिक समरसता, गरिमा और प्रगति की ऊँचाइयों तक ले जाएगा।

**संजीव ठाकुर**

# संपादकीय

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील, धैर्य, दूरदृष्टि और आर्थिक आत्मविश्वास की जीत




भारत और अमेरिका के बीच लंबे समय से चली आ रही व्यापार वार्ताओं का सकारात्मक नतीजा सामने आना केवल एक समझौता भर नहीं है, बल्कि यह भारत की बदली हुई वैश्विक आर्थिक हैसियत, कूटनीतिक परिपक्वता और नीतिगत स्थिरता का प्रमाण है। टैरिफ दरों में 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत तक की कटौती के बाद जिस तरह से शेयर बाजार, कमोडिटी मार्केट और मुद्रा बाजार में उत्साह दिखा, उसने साफ कर दिया कि यह फैसला केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीनी अर्थव्यवस्था को गति देने वाला है। सेंसेक्स और निफ्टी का रिकॉर्ड तेजी के साथ बंद होना, निवेशकों की संपत्ति में एक ही दिन में करीब 12 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी और रुपये की तीन साल की सबसे बड़ी मजबूती, यह सब बाजार की उस भरोसे की अभिव्यक्ति है जो मौजूदा सरकार की आर्थिक नीतियों पर दिखाई देता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए संसदीय दल की बैठक में इस समझौते को धैर्य और दूरदृष्टि का परिणाम बताया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आलोचनाएं होती रहीं, दबाव भी था, लेकिन सरकार ने राष्ट्रीय हितों से समझौता किए बिना संयम बनाए रखा। आज उसी का परिणाम है कि भारत एक मजबूत सौदे की स्थिति में खड़ा है। यह बयान केवल राजनीतिक प्रतिक्रिया नहीं है, बल्कि उन तथ्यों से भी पुष्ट होता है जो बाजार और वैश्विक संकेतकों में दिख रहे हैं। ट्रेड डील के ऐलान के तुरंत बाद निवेशकों का भरोसा बढ़ा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की गतिविधियां तेज हुई और घरेलू निवेशकों ने भी आक्रामक खरीदारी की।

विपक्ष की ओर से यह आरोप लगाया जा रहा है कि यह समझौता किसानों और घरेलू उद्योगों के हितों के खिलाफ है, लेकिन ये आरोप वास्तविकता की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। सरकार ने साफ किया है कि कृषि और संवेदनशील क्षेत्रों में भारत के हितों की पूरी तरह रक्षा की गई है। किसी भी तरह का ऐसा प्रावधान नहीं किया गया है जिससे भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचे। वास्तव में, यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए अमेरिकी बाजार में बेहतर पहुंच सुनिश्चित करता है, जिससे कृषि उत्पादों के साथ-साथ मैन्युफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्र को भी लाभ होगा। यह कहना कि भारत ने दबाव में आकर रियायतें दी हैं, तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने जैसा है।

कमोडिटी बाजार की बात करें तो सोना और चांदी में आई तेजी यह दर्शाती है कि निवेशक इस समझौते को दीर्घकालिक रूप से सकारात्मक मान रहे हैं। बीते कुछ दिनों की गिरावट के बाद सोने के दामों में करीब 8,200 रुपये की बढ़ोतरी और चांदी में 14 प्रतिशत से अधिक का उछाल केवल सट्टा नहीं है, बल्कि वैश्विक आर्थिक स्थिरता की उम्मीद का संकेत है। आम तौर पर जब निवेशकों को भविष्य पर भरोसा होता है, तो वे जोखिम और सुरक्षित निवेश दोनों में संतुलन बनाते हैं। यही रुझान इस समय भारतीय बाजारों में देखने को मिल रहा है। रुपये में मजबूती भी इस पूरी तस्वीर का अहम हिस्सा है। डॉलर के मुकाबले रुपये की तीन साल की सबसे बड़ी बढ़त यह बताती है कि भारत की बाहरी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। विदेशी मुद्रा भंडार, चालू खाते का प्रबंधन और निर्यात संभावनाओं में सुधार, इन सभी का संयुक्त प्रभाव मुद्रा बाजार में दिखा है। यह मजबूती आयात लागत को नियंत्रित करने में मदद करेगी, जिससे महंगाई पर भी सकारात्मक असर पड़ सकता है। आम नागरिक के लिए इसका मतलब है कि ईंधन, खाद्य तेल और अन्य आयातित वस्तुओं की कीमतों पर दबाव कम हो सकता है।

सरकार का यह दावा भी महत्वपूर्ण है कि आने वाले वर्षों में भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार 500 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह लक्ष्य महत्वाकांक्षी जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने जिस तरह से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी जगह मजबूत की है, 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों के जरिए उत्पादन क्षमता बढ़ाई है, उससे यह लक्ष्य यथार्थवादी लगता है। अमेरिकी कृषि मंत्री के बयान को लेकर विपक्ष भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन यह समझना जरूरी है कि किसी भी द्विपक्षीय समझौते में दोनों पक्षों को लाभ होता है। यदि अमेरिकी कृषि निर्यात बढ़ता है, तो भारतीय उपभोक्ताओं को भी प्रतिस्पर्धी कीमतों पर बेहतर विकल्प मिलते हैं, जबकि भारतीय निर्यातकों को अमेरिकी बाजार में नई संभावनाएं मिलती हैं।

एनडीए संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री का सांसदों से अनुशासन और सक्रियता पर जोर देना भी इस पूरे घटनाक्रम को व्यापक संदर्भ में देखने का संकेत है। सरकार केवल समझौते कर लेने से संतुष्ट नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहती है कि संसद की कार्यवाही प्रभावी हो, नीतियों पर सार्थक चर्चा हो और बजट व आर्थिक फैसलों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचे। यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने की सोच को दर्शाता है। विपक्ष जहां हर मुद्दे पर सरकार को घेरने की रणनीति अपनाता है, वहीं सरकार का फोकस परिणाम और संवाद दोनों पर है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस समझौते के बाद उद्योग जगत से लेकर छोटे निवेशकों तक में एक नई ऊर्जा दिख रही है। अडाणी, रिलायंस और प्रमुख वित्तीय कंपनियों के शेयरों में आई तेजी केवल बड़े कॉरपोरेट्स तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी देखने को मिला। इससे रोजगार सृजन, निवेश चक्र और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की संभावना बढ़ती है। यही कारण है कि बाजार विश्लेषक इसे पिछले कई महीनों की सबसे मजबूत रैली मान रहे हैं।

विपक्ष का यह कहना कि सरकार अमेरिका के दबाव में झुकी है, उस बदलते वैश्विक परिदृश्य को नजरअंदाज करना है जिसमें भारत अब केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक निर्णायक भूमिका निभाने वाला देश बन चुका है। जी-20 की अध्यक्षता से लेकर वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अहम हिस्सेदारी तक, भारत की आवाज पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हुई है। ऐसे में किसी भी समझौते को कमजोरी के चश्मे से देखना वास्तविकता से मुंह मोड़ने जैसा है।

कुल मिलाकर, भारत-अमेरिका ट्रेड डील एक ऐसे समय में सामने आई है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था अनिश्चितताओं से जूझ रही है। इस माहौल में भारत का आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना, निवेशकों का भरोसा जीतना और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना, सरकार की नीतिगत स्पष्टता को दर्शाता है। यह समझौता केवल आज के बाजार आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले वर्षों में भारत की आर्थिक दिशा और वैश्विक भूमिका को नई ऊंचाई देने वाला कदम साबित हो सकता है।

**कांतिलाल मांडोत**

# अब आया ऊँट पहाड़ के नीचे




भारत और अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापारिक समझौते ने केवल दो देशों की नीतियों को ही नहीं बदलाए बल्कि वैश्विक राजनीति के समीकरणों को भी नई दिशा दी है। जिस अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान आयात शुल्क को हथियार बनाकर पूरी दुनिया को चेतावनी दी थीए वही ट्रंप अचानक भारत के मामले में नरम पड़ते दिखाई दिए। जिन शुल्कों को उन्होंने पहले पचास प्रतिशत तक पहुँचा दिया थाए उन्हें घटाकर अठारह प्रतिशत पर लाना कोई सामान्य फैसला नहीं था। यह बदलाव न तो अचानक हुआ और न ही एकतरफा दबाव का परिणाम था। इसके पीछे भारत की एक सधी हुईए दूरदर्शी और संतुलित कूटनीति काम कर रही थीए जिसने अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश को भी बातचीत की मेज पर सम्मान के साथ बैठने को मजबूर कर दिया।

ट्रंप की राजनीति हमेशा आक्रामक रही है। उनका मानना रहा कि आर्थिक दबाव के जरिए ही किसी देश को झुकाया जा सकता है। सत्ता में आते ही उन्होंने चीन के साथ व्यापार युद्ध छेड़ दिया और उसी क्रम में भारत को भी निशाने पर लिया। भारत पर यह आरोप लगाया गया कि वह विदेशी वस्तुओं पर बहुत अधिक कर लगाता है और अमेरिकी कंपनियों को उचित अवसर नहीं देता। इसी सोच के तहत भारत को विशेष व्यापारिक सुविधा की सूची से बाहर कर दिया गयाए जिससे भारतीय निर्यातकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस फैसले से दवाइयोंए कपड़ोंए रत्नों और कृषि उत्पादों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा और भारत के लिए अमेरिकी बाजार कठिन हो गया।

भारत ने इस दबाव को चुपचाप स्वीकार नहीं किया। उसने जवाबी कदम उठाए और अमेरिका से आने वाले कई उत्पादों पर कर बढ़ा दिए। इससे अमेरिका के किसान और उद्योगपति प्रभावित हुए। बादामए सेब और अन्य कृषि उत्पादों के निर्यात पर असर पड़ा। यह संकेत साफ था कि भारत केवल सुनने वाला देश नहीं हैए बल्कि अपने हितों की रक्षा करना जानता है। इसके बावजूद भारत ने टकराव की भाषा नहीं अपनाई। उसने संवाद के दरवाजे खुले रखे और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत साबित हुई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति का मूल आधार संतुलन रहा है। न तो किसी के आगे झुकना और न ही अनावश्यक टकराव। इसी नीति के तहत भारत ने अमेरिका के साथ रणनीतिक सहयोग बढ़ाया। सुरक्षाए रक्षा उत्पादनए तकनीक और निवेश के क्षेत्र में साझेदारी को मजबूत किया गया। भारत ने यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया कि वह केवल एक बाजार नहींए बल्कि भरोसेमंद साझेदार है। अमेरिका की बड़ी कंपनियों को भारत में निवेश के अवसर दिए गएए उत्पादन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के माध्यम से उद्योगों को आकर्षित किया गया और नौकरशाही अड़चनों को कम करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए।

इन सभी प्रयासों का असर तब दिखा जब ट्रंप ने खुद स्वीकार किया कि प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के बाद उन्होंने अपने रुख पर पुनर्विचार किया। यह कोई साधारण फोन वार्ता नहीं थीए बल्कि वर्षों की रणनीति और विश्वास का परिणाम थी। ट्रंप जैसे नेताए जो आमतौर पर सार्वजनिक रूप से किसी की प्रशंसा नहीं करतेए उन्होंने मोदी को प्रभावशाली और सम्मानित नेता बताया। यह बदलाव केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहाए बल्कि नीतियों में भी दिखाई दिया। नए व्यापारिक समझौते के तहत भारत और अमेरिका दोनों ने एक दूसरे को राहत दी। भारत ने कुछ कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करने का संकेत दियाए जबकि अमेरिका ने भारतीय इस्पातए कपड़ा और दवा उद्योग को बड़ी राहत दी। इससे भारत के निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और लाखों लोगों के रोजगार सुरक्षित होंगे। दवा उद्योग के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैए क्योंकि भारतीय दवाइयाँ सस्ती और प्रभावी मानी जाती हैं और अमेरिका में उनकी मांग लगातार बढ़ रही है। इस पूरे घटनाक्रम में एक बड़ा सवाल यह भी उठा कि क्या अमेरिका से बढ़ती नजदीकी का असर भारत के रूस के साथ संबंधों पर पड़ेगा। यह सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यूक्रेन युद्ध के बाद रूस से सस्ता तेल खरीदने के कारण भारत पश्चिमी देशों की आलोचना के केंद्र में रहा है। भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस से तेल खरीद जारी रखीए जिससे उसे अरबों रुपये की बचत हुई और ऊर्जा सुरक्षा मजबूत हुई। अमेरिका ने इस पर असंतोष जरूर जतायाए लेकिन कोई ठोस प्रतिबंध नहीं लगाया।

रूस की ओर से भी यह स्पष्ट किया गया कि भारत के साथ उसके संबंधों में कोई बदलाव नहीं आया है। रूसी नेतृत्व ने कहा कि भारत एक भरोसेमंद रणनीतिक साझेदार है और दोनों देशों का सहयोग आगे भी जारी रहेगा। रक्षा क्षेत्र में चल रही परियोजनाएँए मिसाइल प्रणालियों की आपूर्ति और सैन्य सहयोग पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि भारत ने अपनी कूटनीति में संतुलन बनाए रखा है और किसी एक खेमे में खुद को सीमित नहीं किया है।

भारत की यह नीति कोई नई नहीं है। आज़ादी के बाद से ही भारत ने गुटनिरपेक्षता और रणनीतिक स्वायत्तता का रास्ता चुना है। बदलती दुनिया में शब्द भले बदल गए होंए लेकिन मूल भावना वही है। भारत अपने फैसले स्वयं करता हैए दबाव में नहीं। अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता भी इसी सोच का परिणाम है। इसमें न तो आत्मसमर्पण है और न ही टकरावए बल्कि आपसी लाभ का रास्ता है।

इस समझौते का असर केवल भारत और अमेरिका तक सीमित नहीं रहेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भी इसके सकारात्मक संकेत दिखाई देंगे। जब दो बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ सहयोग का रास्ता चुनती हैंए तो बाजारों में स्थिरता आती है। निवेशकों का भरोसा बढ़ता है और विकास को गति मिलती है। भारत के लिए यह अवसर है कि वह खुद को विश्व उत्पादन केंद्र के रूप में स्थापित करे और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अपनी भूमिका मजबूत करे।

हालांकि चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं। डिजिटल करए बौद्धिक संपदा अधिकार और आंकड़ों की सुरक्षा जैसे मुद्दों पर मतभेद बने हुए हैं। भारत को सावधानी से आगे बढ़ना होगा ताकि घरेलू हितों की अनदेखी न हो। विदेशी कंपनियों को अवसर देते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि देश के कानूनों और संप्रभुता से कोई समझौता न हो।

राजनीतिक दृष्टि से भी यह समझौता महत्वपूर्ण है। इससे यह संदेश जाता है कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहींए बल्कि वैश्विक नीतियों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की यह एक बड़ी परीक्षा थीए जिसमें वे सफल दिखाई देते हैं। ट्रंप का नरम रुख इस बात का संकेत है कि भारत की बात अब सुनी जाती है। आने वाले वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग और गहरा हो सकता है। उभरती तकनीकोंए रक्षा उत्पादन और निवेश के क्षेत्रों में नए रास्ते खुलेंगे। साथ ही रूस के साथ ऊर्जा और रक्षा सहयोग भी जारी रहेगा। भारत दोनों शक्तियों के साथ अपने हितों के अनुसार संबंध बनाए रखेगा। अंततः यह कहानी किसी की हार या जीत की नहीं हैए बल्कि बदलती दुनिया में समझदारी भरी कूटनीति की है। यह दिखाती है कि शोर मचाने से नहींए बल्कि संवाद और संतुलन से बड़े फैसले लिए जाते हैं। भारत ने यही रास्ता चुना है और यही उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है।

**महेन्द्र तिवारी**

# हवा-पानी-मिट्टी ही नहीं, अब रिश्ते भी प्रदूषित हो रहे हैं



आज 'प्रदूषण' की चर्चा केवल वायु, जल या मृदा तक सीमित नहीं रही। यह धीरे-धीरे मानवीय संबंधों की उस पवित्र भूमि तक पहुँच चुका है, जहाँ कभी विश्वास, प्रेम, समर्पण और सहअस्तित्व के बीज बोए जाते थे। विडंबना यह है कि आज शायद ही कोई ऐसा रिश्ता बचा हो, जिसकी निष्कलुषता पर स्वार्थ, संदेह या अहंकार की परछाई न पड़ी हो। परिवार, जो कभी सुरक्षा और संस्कार का सबसे सुदृढ़ केंद्र हुआ करते थे, आज स्वयं असंतोष, अविश्वास और विघटन की प्रयोगशाला बनते जा रहे हैं। पारिवारिक जीवन से प्रेम, सहयोग, सामंजस्य और सहनशीलता जैसे मूल तत्व तेज़ी से लुप्त हो रहे हैं। इनके स्थान पर छल, कपट, धोखाधड़ी और वैमनस्य ने जगह बना ली है। आधुनिक मनुष्य इतना आत्मकेंद्रित और लोभग्रस्त होता जा रहा है कि वह रिश्तों को तोड़ते समय न तो संकोच करता है और न ही किसी प्रकार का पश्चाताप अनुभव करता है। परिणामस्वरूप भारतीय समाज में पारिवारिक विघटन, तलाक़ और विवाह-पूर्व 'लिव-इन रिलेशनशिप' की घटनाएँ निरंतर बढ़ रही हैं। संयुक्त परिवारों का एकल परिवारों में सिमटना केवल संरचनात्मक परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह सामाजिक-मनोवैज्ञानिक असंतुलन का संकेत भी है, जिसका सीधा प्रभाव युवा पीढ़ी पर पड़ रहा है। अपराध, नशावृत्ति और अवसाद की ओर युवाओं का झुकाव इसी टूटते पारिवारिक ताने-बाने की एक गंभीर परिणति है।

मेरे दृष्टिकोण से रिश्तों का यह क्षरण पर्यावरणीय प्रदूषण से भी अधिक घातक है, क्योंकि यह समाज की आत्मा को भीतर से खोखला कर देता है। इस तथ्य की पुष्टि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट 'क्राइम इन इंडिया' (सितंबर 2025) से भी होती है। वर्ष 2023 में महिलाओं के विरुद्ध 4.48 लाख से अधिक अपराध दर्ज किए गए, जिनमें लगभग 31.4 प्रतिशत मामले पति या उसके परिजनों द्वारा की गई क्रूरता से संबंधित थे। इसी प्रकार बच्चों के विरुद्ध दर्ज 1.77 लाख अपराधों में पोक्सो अधिनियम के अंतर्गत आने वाले 96 प्रतिशत से अधिक मामलों में आरोपी कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, बल्कि पीड़ित का परिचित या संबंधी ही था। हत्या जैसे जघन्य अपराधों में भी 'पारिवारिक कलह' एक प्रमुख कारण के रूप में उभरकर सामने आई है। ये आँकड़े केवल अपराध की नहीं, बल्कि रिश्तों के गहरे नैतिक पतन की कहानी कहते हैं।

सनातन संस्कृति में परिवार को सदैव 'संस्कारों की प्रयोगशाला' माना गया है। भारतीय परिवार व्यवस्था कभी ऐसी नैतिक शक्ति का स्रोत थी, जिसकी ओर पाश्चात्य समाज भी आकृष्ट होता था। किंतु आज वही परिवार अपनी परंपराओं, मूल्यों और सांस्कृतिक अनुशासन से दूर होता जा रहा है। युवा पीढ़ी का बढ़ता स्वकेंद्रित दृष्टिकोण इस संकट को और गहरा कर रहा है। कैरियर, भौतिक सुख-सुविधाएँ और व्यक्तिगत स्वतंत्रता उसकी प्राथमिकताओं में शीर्ष पर हैं, जबकि परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व हाशिये पर खिसकते जा रहे हैं। संभवतः यही कारण है कि पवित्र वैवाहिक बंधन के स्थान पर अस्थायी संबंधों को अधिक स्वीकार्यता मिल रही है। इस सामाजिक परिवर्तन का एक और चिंताजनक संकेत गिरती प्रजनन दर है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार शहरी भारत में कुल प्रजनन दर 1.6 तक पहुँच चुकी है, जो प्रतिस्थापन स्तर 2.1 से काफी नीचे है। यह आँकड़ा भविष्य में एक ऐसे समाज की ओर संकेत करता है, जहाँ बुजुर्ग अकेलेपन से जूझेंगे और पारिवारिक सहारा एक दुर्लभ मूल्य बन जाएगा। लोकसभा की 2024 की एक रिपोर्ट बताती है कि लगभग 60 प्रतिशत भारतीय युवा 'एकाकीपन' का अनुभव कर रहे हैं, जो आगे चलकर अवसाद और नशे जैसी प्रवृत्तियों को जन्म दे सकते हैं। यूनिसेफ की विभिन्न रिपोर्टें भी यह स्पष्ट करती हैं कि किशोरों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के पीछे पारिवारिक कलह एक बड़ा कारण है।

आज परिवारों में संवादहीनता और सहनशीलता की कमी ने उस संस्कार-कवच को नष्ट कर दिया है, जो कभी संयुक्त परिवारों के रूप में समाज को संबल देता था। कोरोना काल और उससे जुड़े अनेक अध्ययनों ने यह सिद्ध किया कि संयुक्त परिवारों में रहने वाले लोगों ने भावनात्मक सहयोग के कारण कठिन परिस्थितियों का अधिक सशक्त ढंग से सामना किया। इसके विपरीत, एकल परिवारों में अकेलापन और असुरक्षा की भावना अधिक गहराई से उभरी।

यह समझना आवश्यक है कि आजीविका के कारण भौगोलिक दूरी विवशता हो सकती है, किंतु मन की दूरी केवल हमारे अहंकार और विकृत प्राथमिकताओं का परिणाम है। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 'परिवार प्रबोधन' जैसे अभियानों के माध्यम से सामाजिक चेतना जागृत करने का प्रयास न केवल सराहनीय है, बल्कि अन्य सामाजिक संगठनों के लिए अनुकरणीय भी है। 140 करोड़ की आबादी वाले भारत में परिवार को पुनः विश्वास, संवाद और संवेदनशीलता का केंद्र बनाना केवल संस्थाओं का नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है।

ऋग्वेद की शाश्वत प्रार्थना 'संगच्छध्वं संवदध्वं' हमें साथ चलने और संवाद बनाए रखने का संदेश देती है। यदि समय रहते सांस्कृतिक और पारिवारिक चेतना को पुनर्जीवित नहीं किया गया, तो हमारी गौरवशाली परंपरा केवल आँकड़ों और इतिहास के पन्नों में सिमट कर रह जाएगी। समय की माँग है कि विकास की दौड़ में हम अपनों का हाथ न छोड़ें, क्योंकि सशक्त समाज की नींव सुदृढ़ रिश्तों पर ही टिकी होती है।

**लेखकः प्रो. (डॉ.) मनमोहन प्रकाश**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## प्रो सुमित्रा शर्मा सर्वोच्च साहित्यकार सम्मान से सम्मानित



**गोरखपुर।** प्रभा देवी मेमोरियल पी.जी. महाविद्यालय, जयपुर के लोक प्रशासन विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. सुमित्रा शर्मा को दीप साहित्यिक सेवा संस्थान, गोरखपुर द्वारा सर्वोच्च साहित्यकार सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें साहित्यिक सृजन, सामाजिक कार्यों तथा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। मुख्य ट्रस्टी एवं प्रसिद्ध साहित्यकार कवि दिनेश गोरखपुरी ने बताया कि डॉ. शर्मा की पुस्तक सामाजिक विकास एवं ग्रामीण महिलाएं ग्रामीण महिलाओं की वास्तविक समस्याओं और उनके अधिकारों का सशक्त चित्रण करती है। पुस्तक में महिलाओं को उचित सम्मान और अवसर देने की आवश्यकता पर बल दिया गया है। सम्मान मिलने पर कवि नंदलाल मणि त्रिपाठी, डॉ. संजय यादव, डॉ. विवेकानंद उपाध्याय सहित अनेक साहित्यकारों ने बधाई दी।

## सामूहिक विवाह समारोह में 80 जोड़ों का विवाह संपन्न, विधायक ने जोड़ों को दिया आशीर्वाद



**देवरिया, 4 फरवरी।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत बुधवार को प्रिंस पैलेस, कोटवा चौराहा, कसया रोड पर सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इसमें कुल 80 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया, जिनमें 73 हिंदू एवं 7 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामपुर कारखाना सुरेन्द्र चौरसिया रहे। उन्होंने अन्य अतिथियों के साथ नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि 6 फरवरी 2026 को सलेमपुर स्थित उत्सव लॉन में 151 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित होगा। योजना के तहत प्रति जोड़ा एक लाख रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान है।

## अजगर सांप के पकड़कर रोहिन नदी में छोड़ा

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर टोला मोतीपुर के समीप बुधवार को अजगर सांप निकलने से गांव में भय का माहौल बना हुआ है। वहीं ग्रामीणों की मदद से अजगर सांप पकड़ कर रोहिन नदी में छोड़ दिया गया है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत रतनपुर टोला मोतीपुर रोहिन नदी के समीप होने के कारण अजगर सांप निकल कर गांव के समीप आ गया था।अजगर सांप निकलने की सूचना पर भीड़ इकट्ठा हो गयी। ग्रामीण गिरीश चंद्र साहनी,पिंटू साहनी, सन्नी चौधरी,रवि साहनी, विकास साहनी, शिवमोद चौधरी, शिवा जायसवाल, अमन चौधरी सहित आदि लोगों ने अजगर सांप को रेस्क्यू कर रोहिन नदी में छोड़ा। इस संबंध में उत्तरी चौक रेंज के घोड़हवा बीट फारेस्टर जितेन्द्र कुमार गौड़ ने बताया कि अजगर सांप निकलने की सूचना हमें नहीं है।

## प्रभा देवी मल्टी स्पेसलिटी हॉस्पिटल गौरा चौकी मे प्रसूता कि मौत, परिजनों का हंगामा



**मनकापुर गोण्डा:** थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित प्रार्थनी आरती पत्नी स्वर्गीय केशव राम इस्लाम पुर पोखरहवा निवासी ने खोड़ारे थाने मे लिखित शिकायत के माध्यम से आरोप लगाया है कि 3 /02/2026 को सुबह अपने बहु पूनम पत्नी प्रवेश उम्र लगभग 2 4 वर्ष प्रभा देवी अस्पताल गौरा चौकी मे डॉक्टर अजय गुप्ता के यहां डिलेबरी केस मे भर्ती कराया गया पूनम को नार्मल डिलेबरी कराया गया और एक लड़का पैदा हुवा लेकिन डॉक्टर एवं स्टॉफ के लापरवाही से अस्पताल मे पूनम की मृत्यु हो गई मृतिका के सास का आरोप है की अस्पताल मे सही समय पर इलाज न होने से और आक्सीजन न देने से हमारे बहु की मृत्यु हो गई पीड़िता ने तहरीर के माध्यम से न्याय की गुहार लगाई है। बुधवार को सुबह टीम के साथ अपर मुख्य चिकत्सा अधिकारी गोण्डा डॉक्टर आदित्य वर्मा ने प्रभा देवी अस्पताल मे पहुंच कर जाँच पड़ताल किया इस दौरान मीडिया के जानकारी लेने पर उन्होंने मीडिया को जानकारी देते हूए बताया कि इस अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं है सभी महत्वपूर्ण विन्दुवो पर जाँच पड़ताल चल रहा है दोषी के खिलाफ उचित कार्यवाही किया जाएगा।

# गोरखपुर: गगहा क्षेत्र भैसही में भाजपा नेता पर जानलेवा हमला, गोली लगने से घायल- कई नामजद व अज्ञात पर गंभीर आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के भैसही गांव में मंगलवार देर शाम भाजपा नेता एवं लीलावती सिंह स्मारक इंटर कॉलेज के प्रबंधक राधामोहन सिंह पर जानलेवा हमला किए जाने से इलाके में हड़कंप मच गया। पीड़ित की तहरीर के अनुसार, घटना 3 फरवरी 2026 की शाम करीब 8:30 बजे की है, जब वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बैठक में शामिल होकर बाइक से घर लौट रहे थे। तहरीर में बताया गया है कि वह रोका कहर गांव के चन्द्रमौल पांडेय के यहां से निकलकर कैथवलिया गांव स्थित हुकहा बाबा मंदिर के पास पहुंचे ही थे कि बाइक पर सवार अनुज साहनी (निवासी–भैसही) और अभिषेक पासवान (निवासी–रकहर) ने उन्हें रोककर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली उनकी पीठ में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

पीड़ित का आरोप है कि जैसे ही वह रुके, पहले से घात लगाए बैठे सरकारी हैंडपंप के पास मौजूद मनीष भादव, सुरेश यादव, ऋषिकेश यादव और धनेष यादव (सभी निवासी–भैसही) भी फायरिंग करते हुए हमला करने लगे। हमलावर गालियां देते हुए पीछा करते रहे और जान से मारने की धमकी देते हुए निनगांव की ओर भागने लगे। घायल राधामोहन सिंह किसी तरह जान बचाकर संतोष यादव के घर पहुंचे और शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए, तब हमलावर मौके से फरार हो गए। इसी दौरान रकहर की ओर से एक अन्य बाइक पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति भी पहुंचे, लेकिन भीड़ देखकर वापस मुड़ गए और जाते-जाते धमकी देते हुए कहा कि 'अगली बार जान नहीं बचेगी।'

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि पूरी घटना सुनियोजित साजिश के तहत अंजाम दी गई, जिसमें नामजद लोगों के साथ अन्य अज्ञात व्यक्ति भी शामिल हैं। सभी हमलावर बाइक से थे, जिनमें कुछ की पहचान नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर नामजद व अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है और तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्क है।

## पूर्व प्रत्याशी और पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत को नोटिस

●गोण्डा सदर के क्क्र्र को दी जा रही धमकी- सूरज सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोंडा।** जहां एक ओर पूरे देश में और खास तौर पर दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश में हो रहे एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग खासा परिश्रम कर रहा है वहीं अब मतदाताओं को अनावश्यक नोटिस देने का दौर शुरू हो गया। इसी क्रम में गोंडा जिले की सदर विधानसभा सीट से पूर्व सपा प्रत्याशी सूरज सिंह और उनकी पत्नी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सिंह को नोटिस देकर पुनः एसआईआर कराने के लिए कहा गया है। मूल रूप से वजीरगंज ब्लाक के बल्लीपुर गांव निवासी और पूर्व मंत्री स्वश्र पंडित सिंह के परिजन सूरज सिंह और पत्नी श्रद्धा सिंह को प्रशासन ने नोटिस दी है। इसी क्रम में सूरज सिंह ने सोशल मीडिया पर लाइव वीडियो जारी कर सरकार और प्रशासन के अलावा चुनाव आयोग पर पक्षपात करने का आरोप लगाया है। सूरज सिंह ने वीडियो के माध्यम से बताया कि गैर भाजपाइयों और समुदाय विशेष के लोगों को विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में उलझाकर उनको परेशान किया जा रहा है। समुदाय विशेष और समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं का वोट मतदाता सूची से हटवाने की मंशा से प्रशासन ऐसा काम कर रहा है। सपा नेता सूरज सिंह ने डीएम, एडीएम और एसडीएम गोण्डा को फ़ोन एवं पत्र के माध्यम से एवं तरबगंज एसडीएम को पत्र लिखकर यह बात पूछी है कि उनका और उनकी पत्नी श्रद्धा सिंह को नोटिस किस नियत से दिया गया है। सूरज सिंह ने आगे बताया कि 2003 की मतदाता सूची में उनका नाम था और उसी सूची से मैपिंग भी कराई गई थी बावजूद इसके उनका नाम नो मैपिंग में डालकर उनको नोटिस थमा दी गई है।

सपा नेता ने कहा कि विधानसभा गोण्डा सदर के बीएलओ को जबरन दबाव बनाकर मतदाताओं को परेशान करने के लिए भाजपा के लोगों द्वारा फॉर्म 7 भरकर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। बीएलओ के जमा लेने से मना करने पर उनके ऊपर दबाव बनाया जा रहा है। बीएलओको परेशान करने का साक्ष्य भी उपलब्ध है जिसे सुनवाई न किये जाने पर सार्वजनिक किया जायेगा और चुनाव आयोग को साक्ष्य भेजे जायेंगे। सपा नेता ने कहा कि अगर प्रशासन का यही रवैया रहा तो इसके लिए आंदोलन होगा और आयोग और प्रशाशन की इस मनमानी के लिए युद्ध स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी।

## मिशन शक्ति के तहत छात्र-छात्राओं को किया गया जागरूक



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विशुनपुरा, असुरैना व परसामलिक में स्थित स्कूलों में स्थानीय पुलिस ने बुधवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को उनके सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर जागरूक किया। पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को जागरूक करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ-साथ महिला हेल्पलाइन नंबर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर, पॉस्को एक्ट, बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियां व मिशन शक्ति से जुड़ी अन्य कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ सभी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें इन अपराधों से बचाव और उनके निवारण के लिए उपलब्ध कानूनी उपायों को लेकर प्रशिक्षित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला उपनिरीक्षक संजू गौड़ महिला कांस्टेबल अनुराधा शुक्ला व प्रधानाचार्य शिव प्रसाद प्रजापति समेत अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# युवाओं में बढ़ता नशा: समाज के लिए गंभीर चेतावनी: डॉ. जीतेंद्र मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** आज का भारत युवा शक्ति का देश कहा जाता है, लेकिन इसी युवा वर्ग में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति समाज के लिए एक गंभीर और चिंताजनक संकेत बन चुकी है। नशा अब केवल किसी एक वर्ग या क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शहरों से लेकर गांवों तक इसकी जड़ें तेजी से फैल रही हैं। यह स्थिति न केवल युवाओं के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि देश की सामाजिक और आर्थिक सेहत को भी कमजोर कर रही है।तेजी से बदलती जीवनशैली, बेरोज़गारी, प्रतिस्पर्धा का दबाव और भविष्य को लेकर अनिश्चितता युवाओं को मानसिक तनाव की ओर धकेल रही है। इस तनाव से राहत पाने के लिए कई युवा नशे को आसान रास्ता मान लेते हैं। वहीं फिल्मों, वेब सीरीज़ और सोशल मीडिया पर नशे को आधुनिकता और स्टेटस सिंबल के रूप में प्रस्तुत किया जाना भी इस प्रवृत्ति को बढ़ावा दे रहा है। दुर्भाग्यवश, नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता और कानून के ढीले क्रियान्वयन ने समस्या को और गंभीर बना दिया है। नशे के दुष्परिणाम केवल व्यक्तिगत स्तर तक सीमित नहीं रहते। इसका सीधा असर युवाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार पर पड़ता है। नशे की लत अपराध, हिंसा और सामाजिक अव्यवस्था को जन्म देती है। कई परिवार इस बुराई के कारण आर्थिक और मानसिक रूप से टूट रहे हैं। जब युवा पीढ़ी ही दिशाहीन हो जाए, तो राष्ट्र के विकास की कल्पना भी अधूरी रह जाती है। इस चुनौती से निपटने के लिए केवल युवाओं को दोषी ठहराना पर्याप्त नहीं है। परिवारों को चाहिए कि वे बच्चों के साथ संवाद बढ़ाएं और उनकी समस्याओं को समझें। शिक्षण संस्थानों में नशा विरोधी अभियान को औपचारिकता नहीं, बल्कि निरंतर प्रक्रिया बनाया जाए। सरकार और प्रशासन को नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर सख्ती से रोक लगानी होगी। साथ ही खेल, कला, योग और रोजगार के अवसर बढ़ाकर युवाओं को सकारात्मक दिशा देना समय की मांग है।नशा किसी भी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि समस्याओं की जड़ है। यदि आज समाज ने इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया, तो आने वाला कल और अधिक भयावह हो सकता है। युवाओं को नशे से नहीं, संकल्प और संस्कार से जोड़ना ही एक सशक्त और स्वस्थ राष्ट्र की बुनियाद रख सकता है।इस संबंध में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीह के केंद्र प्रभारी डॉ. जीतेंद्र मिश्रा ने बताया कि आज के युवा वर्ग को यह समझने की आवश्यकता है कि नशे के दुष्प्रभाव केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक जीवन को भी गहराई से प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने समाज और परिवार के बीच रहकर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास संभव हो सके।

डॉ. मिश्रा ने आगे बताया कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य युवाओं को मानसिक रूप से मजबूत बनाना, तनाव से निपटने के लिए सही मार्गदर्शन देना और नशा जैसी बुराइयों से दूर रखना है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की मानसिक परेशानी या नशे की लत की स्थिति में छिपाने के बजाय स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ लें और समय रहते उचित परामर्श प्राप्त करें।

## बंद घर में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग, पड़ोसियों और पुलिस की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ओबरा (सोनभद्र)** ओबरा सेक्टर 8 स्थित एक रिहाइशी मकान में बुधवार को शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, ओबरा परियोजना में श्रमिक के पद पर कार्यरत कौशल्या देवी (पत्नी स्वर्गीय घनश्याम मिश्रा, निवास स्थान 8-1-ञ्ञ42) अपने काम पर गई हुई थीं। इसी दौरान उनके घर के किचन में शॉर्ट सर्किट होने से आग धधक उठी। देखते ही देखते घर से धुएं का गुबार निकलने लगा।आस-पड़ोस के लोगों ने जब घर से धुआं निकलते देखा, तो तुरंत 112 पुलिस सहायता को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची। घर का ताला बंद होने के कारण पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ताला तोड़कर घर के अंदर प्रवेश किया और किचन से सामान बाहर निकालना शुरू किया।इसी बीच सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी मौके पर पहुँच गई। पुलिस और दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया।गनीमत रही कि आग समय रहते बुझा ली गई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना में किचन के सामान को नुकसान पहुँचा है, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## गीडा फैक्ट्रियों के प्रदूषण के खिलाफ चला हस्ताक्षर अभियान

**सहजनवां- गोरखपुर:** गीडा स्थित फैक्ट्रियों द्वारा नगर पंचायत सहजनवां और आसपास के गांवों में फैला रही प्रदूषण के चलते आमजन का जीवन त्रस्त हो चुका है। जिसको लेकर आमजन में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। इससे निजाद पाने के लिए समाजसेवी वैभव चतुर्वेदी के नेतृत्व में नगर और तहसील पर वृहद हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान बताया गया कि प्रदूषण के कारण लोग पलायन करने को मजबूर हो रहे है। भारत सरकार के मानकों के हिसाब से खतरनाक पीएम 2.5 और एएम 10 की संख्या निश्चित अनुपात से कई गुना बढ़ चुका है। जो आमजन के लिए खतरा पैदा हो रहा है। प्रदूषण के कारण नपुंसकता का खतरा मंडरा रहा है। हस्ताक्षर अभियान में दुर्गेश मास्टर, सुशील शुक्ल, राजकुमार, संतोष शुक्ल, लव कुमार सिंह, जगदम्बा गुप्ता,अमित निगम मौजूद थे।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में कथित धांधली के विरोध में सपा ने किया प्रदर्शन



**देवरिया।** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में कथित धांधली के विरोध में समाजवादी पार्टी ने सोमवार को ज़ोरदार प्रदर्शन किया। सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव के नेतृत्व में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी प्रशासन को सौंपा। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जनपद में भाजपा से जुड़े लोग बीएलओ पर दबाव बनाकर फॉर्म-7 भरवा रहे हैं, जिससे सपा समर्थित वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अवैध रूप से हटाए जाने की साजिश हो रही है। उन्होंने इसे लोकतंत्र की बुनियाद के खिलाफ बताते हुए कहा कि इससे निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिह्न लगता है। व्यास यादव ने चेतावनी दी कि यदि किसी भी वैध मतदाता का नाम गलत तरीके से काटा गया तो समाजवादी पार्टी सड़क से लेकर प्रशासनिक स्तर तक आंदोलन करेगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व विधायक आशुतोष उपाध्याय, पूर्व एमएलसी जे.पी. जायसवाल, गजाला लारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग




●सरया तिवारी में भागवत कथा में शिव विवाह प्रसंग को सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खजनी गोरखपुर** खजनी ब्लाक अंतर्गत सरया तिवारी में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य ओमप्रकाश जी महाराज अयोध्या से पधारे शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग

सरया तिवारी में चल रही नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास ओम प्रकाश महाराज जी ने मुख्य जजमान दिनेश चंद्र त्रिपाठी शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने शिव विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुई और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुई। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उसकी शादी की चिंता सताने लगी। कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए, लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार किया। विवाह प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। वहीं धार्मिक भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके। लल्लन शुक्ल, धीरेंद्र चंद्र त्रिपाठी, वीरेंद्र चंद्र त्रिपाठी, रावेन्द्र चंद्र त्रिपाठी, देवनारायण त्रिपाठी, अविनाश शुक्ल,रामचंद्र शुक्ल, आदि मौजूद रहे।

# पंद्रह दिन तक थाने-दर-थाने भटकती रही पीड़िता, सीओ के हस्तक्षेप पर दर्ज हुआ मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला- गोरखपुर।** न्याय की आस लिए एक पीड़िता को पंद्रह दिनों तक भटकना पड़े, यह सवाल केवल एक मामले का नहीं बल्कि व्यवस्था की संवेदनशीलता पर भी सीधा प्रहार करता है। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम पटौहाँ की रहने वाली मीना पत्नी रामनाथ उर्फ टसर को आखिरकार तब राहत मिली, जब क्षेत्राधिकारी (सीओ) गोला ने हस्तक्षेप करते हुए मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया।

पीड़िता मीना के अनुसार घटना 19 जनवरी की रात करीब 8:30 बजे की है। दो अज्ञात युवक बाइक से उसके घर के सामने आकर शराब पीने लगे। जब मीना ने उन्हें घर के सामने शराब पीने से मना किया तो वे उग्र हो गए और फोन कर अपने चार अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया। इनमें से एक युवक की पहचान गोलू यादव पुत्र रणजीत यादव निवासी कोहरा के रूप में हुई है।

आरोप है कि सभी आरोपियों ने एकजुट होकर मीना, उसके पति रामनाथ और उनकी तीन नाबालिग बेटियों के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर लात-घूंसे से बेरहमी से मारपीट की गई। इस हमले में मीना का हाथ टूट गया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना के बाद मीना के पति ने तत्काल थाना गोला में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने गंभीर मामले के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता और उसका परिवार कई दिनों तक थाने के चक्कर काटता रहा, पर सुनवाई नहीं हुई। न्याय न मिलने से मानसिक और सामाजिक रूप से टूट चुके परिवार ने अंततः मंगलवार को क्षेत्राधिकारी गोला से सीधे शिकायत की। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ गोला ने कोतवाली गोला को तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए। सीओ के आदेश के बाद संबंधित धाराओं में केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई। इस पूरे घटनाक्रम ने स्थानीय स्तर पर पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र में यह चर्चा जोरों पर है कि यदि पीड़िता को पहले दिन ही न्याय मिल जाता तो उसे पंद्रह दिन तक दर-दर भटकना क्यों पड़ता। अब देखना यह है कि दर्ज मुकदमे में पुलिस कितनी तेजी और निष्पक्षता से कार्रवाई करती है और पीड़िता को वास्तविक न्याय कब तक मिल पाता।

# सफाई कर्मचारी संघ का चुनाव सम्पन्न, रणजीत अध्यक्ष व विजेंद्र बने महामंत्री

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रतनपुर/महराजगंज।** पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न सिंह के नेतृत्व में बुधवार को नौतनवां ब्लाक के रतनपुर सभागार कक्ष में ब्लाक संगठन का चुनाव सम्पन्न हुआ। वहीं अध्यक्ष पद पर रणजीत यादव व महामंत्री पद पर विजेन्द्र कुमार कन्नौजिया विजयी घोषित हुए। ऐसे में नौतनवां ब्लाक के सफाई कर्मचारी संघ के चुनाव में ब्लाक अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवार रणजीत यादव व सदानंद यादव ने परचा दाखिल किया। वहीं महामंत्री पद के लिए विजेन्द्र कन्नौजिया व विजय मद्धेशिया ने परचा दाखिल किया। नौतनवा ब्लाक में टोटल 109 सफाई कर्मचारी तैनात हैं। चुनाव में कुल 107 मत पड़ा तथा 2 मत अवैध घोषित हुआ। अध्यक्ष पद के लिए रणजीत यादव को 57 मत मिले वही प्रतिद्वंद्वी सदानंद यादव को 50 मत मिले। अध्यक्ष पद के लिए रणजीत यादव 7 मत से विजयी घोषित हुए। वहीं महामंत्री पद के लिए विजेन्द्र कन्नौजिया को 82 मत तथा प्रतिद्वंद्वी विजय मद्धेशिया को 26 मत मिले, जिससे महामंत्री पद के लिए विजेन्द्र कन्नौजिया को 56 मतों से विजयी घोषित किया गया। वहीं संगठन मंत्री सहेन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिवसागर चौधरी तथा सम्प्रेक्षक पद के लिए ओमप्रकाश प्रसाद को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया है।

इस अवसर पर जिला संरक्षक सत्येन्द्र कुमार दूबे, जिला महामंत्री रामजीत, नागेन्द्र यादव, चन्द्र भान यादव, चन्द्रकेश यादव, सुरेन्द्र यादव, राजमन यादव,पप्पू कुमार,बीरु चौधरी, दीपचंद यादव, गजेन्द्र चौधरी, संजय यादव, रामबचन, त्रिलोकी, बाबूलाल, राधेश्याम यादव, कमलावती, सुभावती, अनीता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एससी-एसटी एक्ट के वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइया निवासी एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइया निवासी वारंटी घिसियावन पुत्र शिवराज को स्थानीय पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक रामजीत, हेड कांस्टेबल सुभाष यादव व कांस्टेबल विकास यादव ने गिरफ्तार अभियुक्त को थाने लाई तत्पश्चात कागजी कार्यवाही के बाद न्यायालय भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि एससी-एसटी एक्ट में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

# भदैया लगातार 11 वीं बार बना ओवरऑल चैंपियन

●जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर।** पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिवसीय जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक समारोह का समापन हो गया। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि डीएफओ अमित सिंह और विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 14 ब्लॉक और नगर क्षेत्र के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भदैया ब्लॉक ने कुल 197 अंक प्राप्त कर लगातार ग्यारहवीं बार ओवरऑल चैंपियन का खिताब जीता। धनपतगंज ब्लॉक 137 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि जयसिंहपुर ब्लॉक ने 116 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। विभिन्न स्पर्धाओं में, 100 मीटर जूनियर दौड़ में कूरेभार के अविनाश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चक्का फेंक जूनियर बालक वर्ग में भदैया के वीरू विजेता रहे।

टेबल टेनिस बालक वर्ग में दूबेपुर ने पहला और भदैया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में भदैया प्रथम और दूबेपुर द्वितीय रहा। बैडमिंटन में जयसिंहपुर ने बालक और बालिका दोनों वर्गों में जीत दर्ज की, जबकि भदैया दोनों वर्गों में उपविजेता रहा। जूडो और कुश्ती प्रतियोगिताओं में भदैया और धनपतगंज का दबदबा रहा, जहाँ कई भार वर्गों में स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। व्यक्तिगत चैंपियनशिप में प्राथमिक बालक वर्ग में दूबेपुर के जोहिद और बालिका वर्ग में कूरेभार की आर्या यादव ने खिताब जीता। जूनियर बालक वर्ग में दूबेपुर के योगेश और बालिका वर्ग में कुड़वार की अनुश्री मिश्रा व्यक्तिगत चैंपियन बनीं। इस दौरान, ब्लॉक व्यायाम शिक्षकों के बीच हुई दौड़ प्रतियोगिता में लंभुआ के पंकज सिंह ने प्रथम और धनपतगंज के अरविंद सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। खेल अनुदेशकों और शिक्षा मित्रों की दौड़ में भदैया के उमेश यादव प्रथम और मोतिगरपुर के अजहर द्वितीय रहे।

कार्यक्रम का संचालन अनिल यादव और बबिता सिंह ने किया। जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी ने बताया कि विजेता खिलाड़ी अब मंडलीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। जिला व्यायाम शिक्षिका ने कहा कि पात्रता संबंधी सभी औपचारिकताएं पूरी कर विजेता खिलाड़ियों को तैयार किया जाएगा, ताकि वे मंडल स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर जिला स्काउट मास्टर धर्मेंद्र सिंह, जिला गाइड कैप्टन ज्योति सिंह, विभिन्न ब्लॉक के व्यायाम शिक्षक, शिक्षक संघों के पदाधिकारी और शिक्षक मुनेंद्र मिश्रा, रितेश त्रिपाठी, जितेंद्र मौर्य, संतोष सिंह, मनोज, राहुल, गायत्री सिंह, अर्जुन यादव, अनुपम शुक्ला सहित कई विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एन एच 730 पर भीषण सड़क हादसा



**बाइक-कार की आमने-सामने टक्कर,युवक की मौके पर मौत, दो गंभीर घायल**

**लखीमपुर-** खीरी के संसारपुर क्षेत्र में गोला-खुटार नेशनल हाईवे-730 पर बुधवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। संसारपुर के पश्चिम बाइक और कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर में बाइक सवार युवक विवेक (32) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक राहुल वर्मा (24) और महिला नीतू (28) गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि गोला की ओर से आ रही बाइक पर तीन लोग सवार थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पीछे बैठे विवेक उछलकर सड़क पर जा गिरे और घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए। कार के एयरबैग खुल गए और अगला टायर फट गया, जिससे टक्कर की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। घायलों को पुलिस ने एंबुलेंस से सीएचसी गोला भेजा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए फरार कार सवारों की तलाश शुरू कर दी है।

### बाबा तुरंतनाथ धाम तेंन्धुआ मंदिर पर धनुष यज्ञ मेला मे दूसरे दिन मनु सतरूपा तप व नारद मोह की झांकी दिखाई गई



**मनु सतरूपा तप व नारद मोह के जन्म की कथा का चित्रण किया गया**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला तहसील क्षेत्र के गाँव कपरहा के मजरा तेन्धुआ मन्दिर पर पौराणिक धनुष यज्ञ मेले आयोजन किया जा रहा है जिसमे दूसरे दिने के मेले के आयोजन मे कलाकरों के द्वारा मनू महाराज और माता सतरूपा के तप की कथा का करते हुये दिखाया कि मनु और माता सतरूपा अपना सारा राज पाठ छोड कर जंगलो मे घनघोर तपस्या करने लगे उनकी कठिन तपस्या सुनकर भगवान विष्णु जी प्रगट हुये कहा हे राजन बरदान मांग लो तुम्हे क्या चाहिये तो उन्हो ने कहा कि हमको विल्कुल आप के जैसा पुत्र चाहिये तो भगवान ने कहा जाओ राजन त्रेता युग मे जब आप अयोध्या कः राजा बनोगे तो हम तुम्हारे यहां राम बनकर जन्म लेगे।और यह कहकर भगवान अन्तर ध्यान हो गये वही विति रात्री की बेला मे नारद मोह की कथा का चित्रण किया गया था। इस अवसर पर आयोजक उमा शकर मिश्र, ललुआ सेठ, मेला कमेटी के अध्यक्ष कमलेश शुक्ला व कोषाध्यक्ष राजू वर्मा,राधेश्याम वर्मा,गौरव शुक्ला,लालता प्रसाद पुजारी, आशाराम शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### महाराजा सूरजमल शोभायात्रा के अध्यक्ष बने - भंवर सिंह

**13 फरवरी को निकलेगी महाराजा सूरजमल की शोभायात्रा**



**टूण्डला-** महाराजा सूरजमल की शोभायात्रा को लेकर एक बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष भंवर सिंह चौधरी नगर पालिका चेयरमैन टूण्डला एवं कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह जुरैल को बनाया गया। जिनका फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जाट समाज के जिलाध्यक्ष शरद पौनिया ने कहा कि महाराजा सूरजमल की भव्य शोभायात्रा 13 फरवरी को दीपा चौराहे से लेकर सुभाष चैराहे तक धूमधाम के साथ निकाली जाएगी। जिसका समापन ठाकुर बीरी सिंह कालेज में होगा। शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में जाट समाज के लोग पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। बैठक में सुशील पौनिया, दिनेश पाल सिंह, हमवीर सिंह, चौधरी पंकज, चौधरी जगबीर सिंह, डॉ. गौतम नौहवार, उदयवीर सिंह पौनिया, जसवीर सिंह चौधरी, दीपक ठेनुआ, भोली चौधरी, भूपेंद्र चौधरी, लवदीप चौधरी, बीनू वर्मा, आकाश पोनिया, यस चौधरी, एड. चन्द्रवीर, ओमप्रकाश, सत्यपाल चौधरी, प्रवीन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# निर्माण कार्य न होने की झूठी जानकारी देते रहे लेखपाल और धरातल पर जारी रहा अवैध निर्माण-आरोप

**● लेखपाल ग्राम प्रधान और अवैध कब्जेदार के बीच मिली भगत आई सामने**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**खीमपुर खीरी।** तहसील गोला में अवैध कब्जा धारको और तहसील प्रशासन के बीच चल रही दुरभी संधि का एक सनसनीखेज मामला कुकरा परगना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है ।बताया जाता है कि आज के 4 साल पहले ग्राम पंचायत जटपुरा में खेल मैदान और प्राइमरी पाठशाला की आरक्षित जमीनों पर अवैध कब्जा कर लिया गया था जिसकी की गई शिकायत की जांच तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र वर्मा द्वारा की गई जिसमें विपक्षी लोगों से साथ गांठ करके फर्जी रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह किया गया था ।लेखपाल भूपेंद्र वर्मा द्वारा लगाई गई अपनी जांच रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि खेल मैदान पर किसी भी व्यक्ति का कोई अवैध कब्जा नहीं है ।अभी हाल ही में पुनः की जांच एवं पैमाइश में लगभग आधा दर्जन लोगों का अवैध कब्जा पाया गया और सभी के पक्के मकान बन पाएं गये।तत्कालीन लेखपाल द्वारा तहसीलदार न्यायालय में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी। तहसीलदार न्यायालय द्वारा उक्त सभी को नोटिस जारी करते हुए जवाब दाखिल करने के आदेश दिए हैं तहसीलदार न्यायालय से जारी नोटिस के बाद भी कुछ दबंग अवैध कबजेदारों द्वारा न्यायालय के आदेश को ताक पर रखते हुए अपना निर्माण कार्य जारी रखा गया। जिसके जानकारी पुन तहसीलदार गोला को दी गई तहसीलदार गोला द्वारा लेखपाल शैलेंद्र वर्मा को मौके पर भेज कर निर्माण कार्य रुकवाने के निर्देश दिए गए थे लेकिन ग्राम प्रधान और लेखपाल के बीच चल रही दूरभसंधि के चलते लेखपाल शैलेंद्र वर्मा द्वारा बगैर मामले की जांच किये तहसीलदार को झूठी रिपोर्ट देते रहे कि यहां पर किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य नहीं चल रहा है। जबकि हकीकत के धरातल पर बाहर से ताला लगाकर अंदर 3 दिन से लगातार निर्माण कार्य चल रहा था। यह कहना गलत है कि निर्माण कार्य नहीं हो रहा है यदि निर्माण कार्य नहीं हो रहा है तो अंदर दो कमरे लेट्रिन बाथरूम कैसे बन गए। सूत्र बताते हैं यह सारा खेल ग्राम प्रधान के शह पर हो रहा था ।उक्त मामले की जब जानकारी तहसीलदार गोला सहित एसडीएम गोला को भी दी गई उक्त के क्रम में तहसीलदार गोला ने लेखपाल शैलेंद्र वर्मा को काम रुकवाने के लिए जटपुरा भेजा लेखपाल साहब मौके पर गए ही नहीं और तहसीलदार को झूठी जानकारी भेज कर गुमराह करते रहे और उधर निर्माण होता रहा ऐसा लोगों का आरोप है।मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी कुकुरा की सक्रियता से अवैध निर्माण रुक सका। इस संबंध में जब तहसीलदार गोला भीमचंद जी से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है मामले में पुलिस को भेज कर काम रुकवा दिया गया है और दोषी व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जा रहा है। झूठी रिपोर्ट देने के आरोप में लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की भी बात कही है।

## जेई के ड्राइवर के द्वारा ट्रांसफॉर्मर और लाइन हटाने की डील किए जाने के आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लखीमपुर खीरी।** जे ई के ड्राइवर बने सुनील कुमार के द्वारा 95000 की डील कर ट्रांसफार्मर और लाइन को हटाने की की गई थी बात ग्राम पंचायत कडिया मे ट्रांसफार्मर एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट भी किया गया था बिना स्टूमेंट के ग्राम पंचायत कडिया में लगी बिजली विभाग की 11000 लाइन को हटाने को षड्यंत्र रचा जा रहा जबकि इससे पहले बिना इंस्टूमेंट के ट्रांसफार्मर को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया था।अब इस लाइन को हटाने की प्रक्रिया तिकुनिया पावर हाऊस में तैनात कनिष्ठ अभियंता दिलीप कुमार के द्वारा षड्यंत्र रचा जा रहा है।11000 लाइन तार को हटाने का जिसके चलते बिजली विभाग को लाखों का चूना लगाने के लिए माहिर होने वाले और सुर्खियों में छाने वाले तिकुनिया पावर हाउस के कनिष्ठ अभियंता दिलीप कुमार अब इस मामले को भी रफा-दफा करने की कर रहे तैयारी जबकि बिना इंस्टूमेंट के इससे पहले एक स्थान से दूसरे स्थान पर ट्रांसफार्मर शिफ्ट किया गया था जबकि इससे पहले 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था जो 100 केवी में बदला गया और उन्हें दूसरे स्थान पर शिफ्ट कर दिया गया था। इस मामले में लगभग 95000 का लेनदेन हुआ था जेई दिलीप कुमार की गाड़ी चला रहे प्राइवेट लड़का सुनील कुमार के द्वारा जोप्रधान सहित कई लोगों की रिकॉर्डिंग साक्ष्य के तौर पर उपलब्ध है।जबकि वह लाइन जहां से ट्रांसफार्मर हटाया गया वह लाइन अभी भी चालू स्थिति में है। लेकिन उसको हटाने के लिए षड्यंत्र रच रहे तिकुनिया पावर हाउस के कनिष्ठ अभियंता दिलीप कुमार।

## किशनपुर में की गई शिवलिंग की स्थापना मंदिर में भव्य आयोजन किया

**बरेली**/नवाबगंज तहसील के गांव किशनपुर कुइया के ग्राम प्रधान मुकेश कुमार गंगवार द्वारा इस मंदिर का का सौंदर्यीकरण करवा के मंदिर के अंदर शिवलिंग की स्थापना की गई इस अवसर पर विधिवत पूजा पाठ करने के बाद शिवलिंग की स्थापना की गई और बाद में ग्रामीणों के सहयोग से विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया इस अवसर पर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार के साथ ही गन्ना समिति डायरेक्टर पीतांबर सिंह एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोगों को भी आमंत्रित किया गया इस भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर ग्राम प्रधान के इस सराहनीय कार्य के लिए उनको बधाई दी और कहा सनातन के लिए कार्य करना बड़ी बात है इसलिए बाय बधाई के पात्र हैं।

## खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, नहीं रुक रहा क्षेत्र में खनन

**● तहसील क्षेत्र में खनन माफियाओं के लिए हो रहा वरदान साबित**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**निघासन खीरी।** जिलाधिकारी का खनन पर रोक लगाने के बाद भी तहसील निघासन के निघासन सिंगाही बेलरायां तिकुनिया में अवैध मिट्टी एवं सफेद रेती बालू का खनन का काला कारोबार खुले आम किया जा रहा है। बालू एवं मिटटी खनन का धंधा क्षेत्रीय पुलिस एवं राजस्व विभाग के लिए अवैध कमाई करने का जरिया बना हुआ है। विभागीय अधिकारियों को सूचना मिलते ही खनन माफियाओं के पास संदेश पहुंचा दिया जाता है जिससे वह चौंकने होकर थोड़ी देर के लिए अपने काम को अंजाम रोक कर स्थान बदल कर छुप जाते हैं।खनन माफियाओं व प्रशासनिक अफसरों की आंख मिचोली का खेल बनता जा रहा है। सिंगाही थाना क्षेत्र में खनन अधिकारी पर जान लेवा हमला का मुकदमा भी दर्द हुआ था फिर भी खनन माफियाओं के हौसले को खत्म नहीं कर पाया। बताते चलें की एक माह पहले अवैध खनन रोकने के लिए।जिला खनन इंस्पेक्टर आशीष सिंह पर खनन माफियाओं पर कार्रवाई करने के लिए मोतीपुर भौंका घाट पर पहुंचे कुछ बालू से लदी ट्रालियों को पकड़ था इसकी भनक खनन माफियाओं को लग गई। माफियाओं ने ट्रॉली को छुड़ाने के लिए उन पर जान लेवा हमला कर उनके साथ मारपीट की और उनकी कनपटी पर तमंचा लगाकर जान से मारने की कोशिश की जिसका मुकदमा सिंगाही थाने मे दर्ज किया गया। लेकिन पुलिस की मेहरबानी से खनन माफिया पकड़े नहीं गए और वह हाईकोर्ट से स्टे लाकर गिरफ्तार होने से बच गये। उसके बाद सिंगाही के खैरीगढ रोड़ पर चौराहा नाला मांझा घाट पर जिला प्रशासन के द्वारा खनन का पट्टा बनाया गया। जिसको निरस्त करने के लिए क्षेत्रीय किसानों ने अपनी जमीन नदीम मैं कट जाने का हवाला देकर हफ्ता तम्बू कनात लगाकर आंदोलन किया। उसके बाद जिलाधिकारी के आदेश पर नदी में बना होम पाइपों का पुल हटा दिया गया। बालू खनन करने का रास्ता साफ होते ही अवैध खनन करने वालों बालू माफिया फिर से सक्रिय हो गये। और धरती की कोख को खोद कर धरती को बाँझ बनाने की कावायद शुरू कर दी है। मिट्टी और बालू खनन करने वालों के लिए फिर से वरदान बन गया है क्षेत्रीय प्रशासन भी गोरख धंधे से दिन दूनी रात चौगुनी कमाई कर रहा है। निघासन तहसील में हरी पुरवा खनन माफियाओं का गढ़ बना है।यहां पर खनन माफियाओं के ट्रैक्टर-ट्रॉली फर्राटा भरकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं सिंगाही भौंका, मोतीपुर में सरजू नदी के घाटों से रात के अंधेरे में जेसीबी मशीन से खनन किया जाता है तिकुनिया कोतवाली के बघैया में बालू डम्प की गयी है।

### बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत मुसहर बस्ती में जागरूकता कार्यक्रम

**प्रतापगढ़।** तरुण चेतना एवं एएचटी थाना के संयुक्त तत्वावधान में तथा पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में पट्टी तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत ढिढुई स्थित मुसहर बस्ती में सरकार द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह को लेकर समुदाय को मंगलवार को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एएचटी थाना के उप निरीक्षक राम चन्द्र राम गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसमें संलिप्त पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। समाज की जिम्मेदारी है कि वह बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करे। वहीं तरुण चेतना के सह निदेशक हकीम अंसारी ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय है।इस अवसर पर दीवान फिरोज सिद्दीकी, कांस्टेबल तौसीफ रज़ा, आलोक सिंह, प्रदीप कुमार, ग्राम ढिढुई के पूर्व प्रधान आजाद अली सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने बाल विवाह न करने एवं रोकने का संकल्प लिया।

## नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर का हुआ आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मैलानी-खीरी।** मैलानी नगर के सिद्धि विनायक पब्लिक स्कूल में नि:शुल्क मोतियाबिंद शिविर का आयोजन प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 01: बजे तक किया गया।यह आयोजन मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी के सौजन्य से कराया गया।इस शिविर में डॉ0 श्राफ चैरिटी आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टर पहुंचे थे।जिनका स्वागत जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर ने पटका पहना कर किया।शिविर में नि:शुल्क मोतियाबिंद की जांच की गई और उचित सलाह दी गई।जिनका ऑपरेशन होना था उन्हें ऑपरेशन की सलाह दी गई।शिविर में मोतियाबिंद के मरीजों के लिए नि:शुल्क अस्पताल तक ले जाने-आने और खाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी।जिनका आयुष्मान कार्ड बना था वो मरीज अपना कार्ड और आधार कार्ड,मोबाइल नंबर आदि लेकर आए थे और जिनका नहीं था वो मरीज़ आधार कार्ड और मोबाइल नंबर लाए थे।इस शिविर में लगभग ओपीडी 64,केट्रेक्ट 11 और रजिस्ट्रेशन 18 मरीजों के हुए।शिविर मरीजों की जांच मुख्य चिकित्सक डॉ0 फौजिया रहीम,सहायक डॉ0 अमित राठौर,समीर अली और शोभित दीक्षित तथा साथ में आए हुए और लोगों के द्वारा की गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गुरमीत कौर,द्वारिका प्रसाद गोयल,रागिनी कुशवाहा,हरि हर दत्त मिश्र,भाजपा कार्यकर्ता और काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## .पूर्वी आर्या ने जीता राष्ट्रीय कला गौरव आर्ट पुरस्कार



**बरेली।** बरेली की होनहार बिटिया पूर्वी आर्या ने विगत दिवस दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कला प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया था। आर्या आर्मी पब्लिक स्कूल की छात्रा है विगत दिवस 26 जनवरी को स्कूल निदेशक ने आर्या को सम्मानित किया। मिस पूर्वी आर्या ख्याति प्राप्त चित्रकार राष्ट्रपति पदक विजेता दिवाकर आर्य की सुपुत्री हैं। श्री दिवाकर आर्य भगवा परिषद के मंडलीय अध्यक्ष भी हैं। पूर्वी आर्या के पुरस्कृत होने पर अजय कटियार,संतोष उपाध्याय, डॉक्टर सुबोध अस्थाना, अश्विनी कमठान, सुनील सक्सेना मिलन,रवि सक्सेना, रक्ष पाल सिंह, अवधेश कुमार सिंह,आशीष सक्सेना,गौरव पांडे, शैलेन्द्र सक्सेना शैलू, विमल सक्सेना,विकास सक्सेना नीटू, अंकुर पाठक,दीपक राज, सचिन कंचन, प्रदीप शर्मा महंत, प्रदीप मिश्रा,राहुल शर्मा, गौरव मिश्रा, विपिन कौसर, मोहित शर्मा, अनुभव कुमार, प्रदीप गुप्ता, दीपक सक्सेना ने हर्ष व्यक्त किया है।

## खेतों में तेंदुए की दहशत, वन विभाग ने लगाए दो पिंजरे

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सिंगाही खीरी।** दुधवा नेशनल पार्क की बफर जोन की रेंज बेलरायां वन बीट नौरंगाबाद में तेंदुए को पकड़ने के लिए लगाए गयें पिंजरा में आठ दिन बाद भी तेंदुआ ना बंद होना ग्रामीणों के लिए सर दर्द बना हुआ बार-बार पिंजरे में बंधे गए बकरा को लगातार निवाला बन रह है।वन विभाग आठ दिनों से लगातार तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाकर उसको पकड़ ने के लिए प्रयास कर रहा लेकिन कभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है। नौरंगाबाद फार्म क्षेत्र के खेतों में तेंदुआ देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। तेंदुए की लगातार गतिविधियों से परेशान ग्रामीणों ने वन विभाग से उसे पकड़ने की मांग की थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम सक्रिय हुई और तेंदुए को पकड़ने के लिए राजू पाली के घर के पास दो पिंजरे लगाए गए हैं। वन विभाग की ओर से पिंजरों में बकरी को चारे के रूप में रखा गया है। साथ ही तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कैमरे भी लगाए गए हैं। रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। तेंदुए को पकड़ने के लिए दो पिंजरे लगाए गए हैं और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा। वन विभाग की टीम सीसीटीवी कैमरा की मदद से उसकी गति विधियों पर लगातार मॉनिटरिंग कर रही है तेंदुए को पकड़ने की इस कार्रवाई में फॉरेस्ट गार्ड नसीम, अजीत, राकेश, आकाश तथा न्यूनतम वेतन कर्मी अजीज, हकीमउद्दीन और अजमत शामिल रहे। वन विभाग की टीम की तत्परता से ग्रामीणों को कुछ राहत मिली है। ग्रामीणों ने वन विभाग का आभार जताते हुए तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की है, ताकि क्षेत्र में भय का माहौल समाप्त हो सके।

## जांच में गर्दन फंसते देख काम पूरा कराने में जुटे प्रधान

**● मामला विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत बस्तौली और जहांपुर का है ।जहां भारी भ्रष्टाचार के आरोप ग्रामीणों ने लगाए हैं।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** जनपद के विकासखंड बिजुआ में विकास कार्य के नाम पर भारी भ्रष्टाचार होने का मामला जन चर्चा का विषय बना है जिसकी बानगी दिखाने हम आपको ग्राम पंचायत जहानपुर और बस्तौली ले चल रहे हैं।जहां महज काग़ज़ों पर काम दिखाकर सरकारी धन का बंदर बाट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।सूत्र बताते हैं कि उक्त दोनों ग्राम पंचायतों में कहीं काग़ज़ों पर काम दिखा तो कहीं आधे अधूरे कामों को पूरा दिखाकर सरकारी धन की जमकर लूट की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस भ्रस्टाचार के खेत.मे प्रधान, पंचायत सचिव रोजगार सेवक,सहित जे. ई..टी. ए और ए.पी . ओ मनरेगा से लेकर खंड बिकास अधिकारी बीजूआ तक के शामिल होने के आरोप लगाये जा रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत जहांपुर में राजाराम के घर से मनोरथ के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य की वर्क आईडी आरसी 064 9915 में बॉक्सिंग बोल नहीं बनाई गई पश्चिम साइड में पहले से पक्का बाल बना हुआ है और पूरब साइड में बॉक्सिंग नहीं बनाई गई है उक्त पर बी बिल के सापेक्ष कार्य नहीं कराया गया दूसरा मामला रामकुमार के घर से वेद प्रकाश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य जिसकी वर्क आईडी आरसी 06499 18 है की लंबाई 5 मीटर और चौड़ाई 3.5 मी स्थल में कम पाई गई है 15 * 3.5 बराबर 17.5 मीटर बल एवं बी के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया तीसरा नंबर पीडब्ल्यूडी की रोड से कुलदीप के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण क आईडी 6499 26 की लंबाई सत्यापन मापन के दौरान 3.5 * 3 मीटर = 10.5 मीटर कम पाई गई। यहां पर भी बी वे बिल के अनुरूप कार्य नहीं कराया गया कल्याण के चारों तरफ खाई खुदाई कार्य में भी म से 40 मी कार्य काम कराया गया और भुगतान पूरे का निकाल लिया गया यह खुलासा मौके पर की गई मैप से होने की बात सामने आई है एमपी में कुल लंबाई 362 मीटर है और मौके पर मात्र 322 मी ही कार्य कराया गया है सुरेंद्र के घर से कुंडा के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य की वर्क आईडी आरसी पब्लिक 64 9929 में एक तरफ पहले से बनी नाली का निर्माण कार्य देखा गया है तथा दूसरी तरफ एक राधा लगाकर इंशाल्लाह की वापसी बॉक्सिंग बनाई गई है जो मानक विपरीत है अधूरी बॉक्सिंग बी बिल अनुसार कार्य नहीं कराया गया है वही श्री राम के घर से पवन के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य आईडी आरसी 6499 23 पर काम शुरू ही नहीं कराया गया और फर्जी तरीके से निकाल लिया गया मजदूरों का भुगतान चर्चा का विषय बना है बताया जाता है कि इस खेल में प्रधान से लेकर खंड विकास अधिकारी बिजुआ तक के शामिल होने की चर्चाएं थमने का नाम नहीं ले रही। फर्जी तरीके से निकल गया मजदूरों की मजदूरी का भुगतान जहां चर्चा का विषय बना हुआ है बताया जाता है कि यही हाल ग्राम पंचायत बस्तौली में भी प्रकाश में आया है कि ग्राम पंचायत बस्तौली में भी ठेकेदारी पर काम कराए जाने के आरोप लगाया जा रहे हैं ठेके द्वारा मनवाने तरीके से मानकों के अनदेखी करते हुए आधा अधूरा काम करवा कर कागजों पर कार्य पूर्ण दिखाकर लाखों का घोटाला किया गया है दोनों ग्राम पंचायत में प्रधान सचिव और के सहित रोजगार सेवक तथा ता की मिली भगत से काफी बड़ा घोटाला किया जाने का बताते हुए मामले की शासन प्रशासन से शिकायत किए जाने की बात सामने आई है सूत्र बताते हैं उक्त मामले की जांच के लिए गठित की गई जांच टीम की भनक लगते ही प्रधानों व सचिव मैं हड़कंप मच गया है जांच में फसते ह्वदेख दोनों प्रधान काम पूरा करने में एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं वहीं यदि इस मामले की कर ली जाए निष्पक्ष जांच जिसमें माप पुस्तिका कार्य पूर्ति रजिस्टर मास्टर रोल आदि की गहनता से कर ली जाए जांच तो एक बहुत बड़ा फर्जी वाला और भ्रष्टाचार का खुलासा होना होगा तय।इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी बीजूआ से जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने ने बताया कि आप अपनी जानकारी दुरुस्त कर लीजिए कहीं कोई भुगतान नहीं निकल गया है काम पहले से कराए हुए पड़े हैं कहीं कोई काम आधा अधूरा नहीं जबकि हकीकत के धरातल पर कई जगह माप में कार्य अपूर्ण एवं भुगतान से कम लंबाई में कार्य कराए गए हैं।

## संघटक राजकीय महाविद्यालय भदपुरा में अतिरिक्त व्यवस्था कर कराई परीक्षा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**बरेली/भदपुरा।** बुधवार को संघटक राजकीय महाविद्यालय भदपुरा में पहली पाली में 700 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। रुहेलखंड विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र पर सामान्य से अधिक संख्या में छात्र पहुंचे, जिसके बावजूद परीक्षा सुचारु रूप से संपन्न हुई। महाविद्यालय में आमतौर पर प्रतिदिन 500 विद्यार्थी परीक्षा देते हैं। हालांकि, बुधवार को कला वर्ग के माइनर, बीएससी माइनर, कृषि एमएससी और बीएससी के बैक पेपर के विद्यार्थियों को मिलाकर कुल 700 छात्र परीक्षा देने पहुंचे। प्राचार्य डॉ. रुद्रमन सिंह ने बताया कि उन्होंने विश्वविद्यालय से माइनर परीक्षा हटवाने का अनुरोध किया था, लेकिन समय के अभाव के कारण यह संभव नहीं हो पाया। इसके बाद, उन्होंने अपने शिक्षकों के साथ देर रात तक रुककर प्रयोगशालाओं और कंप्यूटर कक्षों में अतिरिक्त व्यवस्थाएं करवाईं। बाहरी शिक्षकों को भी बुलाया गया ताकि सभी व्यवस्थाएं कुशलतापूर्वक संचालित हो सकें। चूंकि यह महाविद्यालय विश्वविद्यालय का कैंपस है, इसलिए महाविद्यालय के शिक्षक और स्टाफ किसी भी चुनौती के लिए तैयार रहते हैं। बुधवार की परीक्षा भी सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसके लिए प्राचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस महाविद्यालय में एचआरपी कॉलेज, चौधरी निहाल सिंह कॉलेज, एलबीएस और अन्य संस्थानों के कृषि तथा अन्य शाखाओं के विद्यार्थियों का भी परीक्षा केंद्र है।

# आई जी आर एस पोर्टल लगाई फर्जी रिपोर्ट

**● यदि लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ने न लगे होती फर्जी रिपोर्ट तो शायद नहीं होता खेल मैदान पर अवैध कब्जा**

**लेखपाल भूपेंद्र वर्मा और प्रधान कुलदीप पर लगाए जा रहे 200000 लेकर खेल मैदान पर अवैध कब्जा करवाने के गंभीर आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखीमपुर खीरी।** मामला तहसील गोला क्षेत्र के अंतर्गत विकासखंड बांकेगंज की ग्राम पंचायत जटपुरा में तत्कालीन लेखपाल रहे भूपेंद्र वर्मा और ग्राम प्रधान के काली करतूत खोलकर सामने आई है। सूत्र बताते हैं कि ग्राम पंचायत जटपुरा में प्राइमरी पाठशाला के नाम आरक्षित भूमि गाटा संख्या 474 और गाटा संख्या 159 तथा खेल मैदान की आरक्षित भूमि गाटा संख्या 1192 हेक्टेयर पर गांव के ही दबंग लोगों से 200000 रिश्वत राशि लेकर लगभग एक दर्जन लोगों के मकान बनवा दिए गए ।इस खेल में तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र वर्मा और ग्राम प्रधान की मिली भगत होने के आरोप लगाए जा रहे हैं । ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त अवैध कब्जों की जब आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायत कर अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग की गई तो तत्कालीन लेखपाल भूपेंद्र वर्मा द्वारा अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने की नीयत से फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए फर्जी तरीके से शिकायत का निस्तारण कर दिया गया।भूपेंद्र वर्मा द्वारा लगाई गई जांच रिपोर्ट में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि खेल मैदान विद्यालय की बाउंड्री वाल के अंदर है तथा इस पर कोई भी अवैध कब्जा नहीं पाया गया। जबकि हाल ही में हुई शिकायत के बाद वर्तमान लेखपाल शैलेंद्र वर्मा द्वारा की गई पैमाइश में लगभग आधा दर्जन लोगों के पक्के मकान खेल मैदान पर बन पाए गए। जिनके विरुद्ध 67 (1)की कार्रवाई की गई और बेदखली की नोटिस जारी की गई है जो भूपेंद्र वर्मा के रिश्वतखोरी की पोल खोलने को काफी है। ग्रामीणों का आरोप है यदि लेखपाल भूपेंद्र वर्मा ने उस समय न लगाई होती फर्जी जांच रिपोर्ट और की होती करवाई तो शायद आज खेल मैदान पर अवैध कब्जा नहीं होता ।मामले की लिखित शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर कर फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करने तथा अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने वाले लेखपाल भूपेंद्र वर्मा के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है। शिकायत होने के 20 दिन बाद भी आज तक भूपेंद्र वर्मा पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है जो तहसील प्रशासन के जिम्मेदारों की मिली भगत की ओर इशारा करता है देखना अब यह है की फर्जी जांच रिपोर्ट लगाकर अवैध कबजेदारों को संरक्षण देने वाले तथा शासन प्रशासन को गुमराह करने वाले लेखपाल भूपेंद्र वर्मा के विरुद्ध कार्रवाई की जाती है या फिर यूं ही फाइल को बंद कर दिया जाता है। और लेखपाल साहब को प्रमोशन कर कानूनगो बना दिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हिस्ट्रीशीटर की दबंगई से दहशत, सहन दरवाजे पर दो महीने से गोबर फेंक रहा आरोपी

**भदोही।** सुरियावां थाना क्षेत्र के महजूदा गांव में कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करता एक गंभीर मामला सामने आया है। थाने का हिस्ट्रीशीटर और चर्चित तस्कर अपने ही पड़ोसी के सहन दरवाजे पर पिछले लगभग दो महीने से कूड़ा-करकट और गोबर फेंककर ढेर लगाए हुए है, जिससे पीड़िता और उसका परिवार भय और नारकीय हालात में जीने को मजबूर है। पीड़िता के अनुसार शिकायत मिलने पर पुलिस मौके पर जरूर पहुंचती है, लेकिन आरोपी हर बार पुलिस के सामने दो-तीन दिन में गंदगी हटाने का झूठा आश्वासन देकर बच निकलता है। पुलिस के लौटते ही आरोपी फिर धमकी देने लगता है और बिना किसी भय के रोजाना दरवाजे पर गोबर फेंकने की हरकत दोहराता है। पीड़िता पूर्णिमा सिंह ने पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि आरोपी गांजा तस्करी और अवैध शराब के मामलों में कई बार जेल जा चुका है, उस पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई हो चुकी है और वह सुरियावां थाने का हिस्ट्रीशीटर है। आरोप है कि दबंगई के बल पर उसने आबादी की जमीन पर कब्जा कर मकान खड़ा कर लिया है और अब अतिक्रमण बढ़ाने की नीयत से उत्पीड़न कर रहा है। पीड़िता का दावा है कि पुलिस के सामने सफाई का वादा और दूसरे ही दिन गोबर फेंकने की पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद है। इसके बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश और भय का माहौल है। इस संबंध में सुरियावां थानाध्यक्ष मनीष द्विवेदी ने बताया कि मामले की जांच हल्का प्रभारी द्वारा कराई जा रही है।

### राम जानकी मंदिर में संत समागम, 500 जरूरतमंदों को कंबल व 500 महिलाओं को साड़ी वितरण

**भदोही।** राम जानकी मंदिर ट्रस्ट, सुंदरबन कटेबना के तत्वावधान में बुधवार को धार्मिक व सामाजिक सेवा का भव्य आयोजन किया गया। ट्रस्ट की ओर से माँ राजलक्ष्मी मंदा ने बताया कि काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी डॉ. राम कमलाचार्य वेदांती महाराज तथा यज्ञाचार्य पंडित कमलेश मिश्रा वाराणसी का मंदिर प्रांगण में आगमन हुआ। इस अवसर पर गुरुदेव ने भगवान महादेव का दर्शन व विधिवत आरती की। इसके उपरांत आयोजित प्रवचन में उन्होंने मानव सेवा, सदाचार और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। प्रवचन के बाद 500 जरूरतमंदों को कंबल एवं 500 महिलाओं को साड़ियाँ वितरित की गई, जिससे श्रद्धालुओं और लाभार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम के समापन पर बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य लोगों और श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। इस अवसर पर टी. मदन कुमार, शोभा गुप्ता, कमलेश मिश्रा, ज्योति मिश्रा, मनीष पाण्डेय, श्री प्रकाश, सुशील कुमार सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

### सब्जी मंडी से लेकर एडीए मोड़ तक चला अतिक्रमण अभियान



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र में बुधवार को चला नगर निगम अतिक्रमण अभियान जहां सड़क की पटरी पर लगाई गई दुकानों को हटवाने के लिए टीम पहुंची और दुकानदारों को कड़ा निर्देश देते हुए दुकानों को हटवाने के साथ उनका चालान काटा। नैनी में यह अभियान सब्जी मंडी से लेकर एडीए मोड़ तक चलाया गया। नगर निगम की टीम भी दुकानदारों का चालान काटने के बाद वापस लौट गई।नगर निगम की ओर से पहुंची टीम को देख पहले पटरी के दुकानदारों ने अपनी दुकानों को हटाना शुरू कर दिया। नैनी में अतिक्रम की बात करें तो लेप्रोसी चौराहे से लेकर एडीए मोड़ तक अतिक्रमण फैला हुआ है। सड़क के किनारे पटरी पर दुकानदारों ने अवैध तरीके से चाय, नाश्ते के अलावा अन्य दुकानें खोल रखी है। इस दुकानों को हटवाने के लिए आए दिन नगर निगम के अधिकारी अपने दलबल के साथ कार्रवाई के लिए पहुंचते है और वापस लौट जाते है। पटरी पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों का कहना है कि वह अपनी दुकान को लेकर कहां जाए। छोटी सी दुकान के भरोसे परिवार का भरण पोषण किया जा रहा है। उसमें भी नगर निगम प्रशासन दुकानों को हटवा देता है। जिससे दुकानें नहीं लग पाती है।

# गौवंश की अवैध हत्या करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



दिनेश चौधरी की रिपोर्ट

थाना धनपुरी को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि नीलकंठ मंदिर के पीछे बरमसिया की झाड़ियों के बीच दो व्यक्ति मवेशी (गाय/बैल) की अवैध रूप से हत्या कर रहे हैं। सूचना की तस्दीक एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी धनपुरी द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी गई। पुलिस टीम के पहुंचते ही मौके पर दो व्यक्ति मवेशी को काटते हुए पाए गए, जो पुलिस को देखकर भागने लगे। घेराबंदी के दौरान एक आरोपी को मौके से दौड़ाकर पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा आरोपी अंधेरे एवं झाड़ियों का लाभ उठाकर फरार हो गया। पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम मोहम्मद अंसार अंसारी पिता स्व. इब्राहिम अंसारी उम्र 40 वर्ष निवासी भुतहीटोला बुढ़ार, थाना बुढ़ार, जिला शहडोल (म.प्र.) बताया। आरोपी के कब्जे से दो नग नायलोन की रस्सी, दो अदद लोहे की धारदार नुकीली चाकू, दो मोटरसायकल एवं एक अदद एंड्रॉइड मोबाइल फोन जप्त किया गया। फरार आरोपी के संबंध में पूछताछ करने पर उसका नाम अज्जू अंसारी निवासी सिंहपुर थाना सिंहपुर बताया गया है, जिसकी तलाश की जा रही है। उक्त घटना के संबंध में थाना धनपुरी द्वारा बी.एन.एस., मध्य प्रदेश गौवंश प्रतिषेध अधिनियम, पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 एवं 25-सी आयुध अधिनियम 1959 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी मोहम्मद अंसार अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उक्त कार्यवाही एसडीओपी धनपुरी श्री विकाश पाण्डेय के नेतृत्व में निरीक्षक खेमसिंह पेन्द्रो, उप निरीक्षक आर.पी. प्रजापति, सउनि भूपेन्द्र सिंह, दीपक तिवारी, प्र.आर. दिनेश सिंह, रामनाथ, गेंद सिंह, राजू प्रसाद, सनत कुशवाहा, आरक्षक कोमल, परिमल, सतवंत कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## गोपीगंज तिराहे पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत



**भदोही।** मिर्जापुर-सोनभद्र जाते समय बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का गोपीगंज तिराहे पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि फॉर्म-7 से जुड़ी गड़बड़ियों और धांधलियों पर निर्वाचन आयोग द्वारा संज्ञान लिया जाना पीडीए प्रहरी की सजगता का परिणाम है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकतंत्र की रक्षा के लिए और अधिक सतर्क रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पीडीए प्रहरी, ईमानदार पत्रकारों और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों की भूमिका से ही लोकतंत्र सुरक्षित रह सकता है। संगठन को मजबूत करते हुए हर स्तर पर निगरानी बनाए रखने की जरूरत है। इस अवसर पर प्रदीप यादव, हृदय नारायण प्रजापति, संतोष यादव, नगर अध्यक्ष अनिल यादव, राजेंद्र दुबे, सरिता बिंद, पंचलाल सरोज, दिलीप कनौजिया, करिया पाल, अशोक मुन्ना सिंह मिर्जापुरी, मो. सालिम, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पप्पू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महिलाओं को न्याय दिलाने उतरी महिला आयोग की सदस्य ने की जनसुनवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जनपद भदोही में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य नीलम प्रभात की अध्यक्षता में बुधवार को महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थानाध्यक्षों व जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में महिलाओं से जुड़ी समस्याओं की सीधे सुनवाई की गई। महिला उत्पीड़न की रोकथाम, घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद और त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से आयोजित जनसुनवाई में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 7 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 4 मामलों को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। महिला आयोग की सदस्य नीलम प्रभात ने पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्रों में लंबित मामलों को तत्काल निस्तारित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने साइबर अपराधों पर विशेष चिंता जताते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर महिला की छवि धूमिल करना गंभीर अपराध है, ऐसे मामलों में पुलिस को त्वरित और कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला उत्पीड़न से जुड़े किसी भी प्रकरण को लंबित नहीं रखा जाएगा और सभी संबंधित विभाग नियमानुसार समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।कोविड श्रेणी में 199 बच्चों को लाभान्वित किया गया।मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के अंतर्गत 1241 बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है।स्पॉन्सरशिप योजना के तहत जनपद में 1320 बच्चे लाभान्वित हुए हैं। इस अवसर पर शेष मनी सरोज एंड पार्टी द्वारा जनजागरूकता से जुड़े गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महिला थानाध्यक्ष, जिला 1098, चाइल्ड लाइन, वन स्टॉप सेंटर, जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, संरक्षण अधिकारी सहित प्रोबेशन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरकारी भूमि पर अधिकारियों की शह पर भू-माफियाओं का कब्जा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**झांसी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री जहां मंचों से सरकारी जमीनों से अतिक्रमण हटाने और भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई के आदेश दे रहे हैं, वहीं झांसी में उन्हीं आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अधिकारियों की कथित मिलीभगत से भू-माफिया बेशकीमती सरकारी भूमि पर बेखौफ कब्जा कर रहे हैं, जिससे शासन की मंशा और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जनपद झांसी के वार्ड संख्या-22, बिजौली में नगर निगम झांसी की भूमि पर बड़े पैमाने पर कब्जा कर अवैध निर्माण का आरोप लगा है। जागरूक समाजसेवी नागरिकों द्वारा जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को दी गई शिकायत में बताया गया है कि आराजी संख्या 439, 440, 441मि., 442, 443मि., 444, 445मि. एवं 448/3मि. पर फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर कब्जा कराया जा रहा है। आरोप है कि नगर निगम और झांसी विकास प्राधिकरण के कुछ जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक नहीं, बल्कि इस पूरे खेल के संरक्षक बने हुए हैं। भारतीय प्रजाशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज रावत ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह केवल अतिक्रमण नहीं, बल्कि सरकारी जमीन की संगठित लूट है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री स्पष्ट आदेश दे चुके हैं, तब अधिकारियों की शह पर भू-माफियाओं का कब्जा यह साबित करता है कि झांसी में कानून नहीं, बल्कि माफिया राज चल रहा है। यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी सड़कों पर उतरकर जनआंदोलन करेगी। शिकायतकर्ताओं ने तत्काल सीमांकन, अतिक्रमण हटाने, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई और भूमि को सुरक्षित कराने की मांग की है। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि शिकायत की निष्पक्ष जांच कराकर सरकारी भूमि से अवैध कब्जे हर हाल में हटाए जाएंगे तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।अब निगाहें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि वह इस मामले में कितनी गंभीरता दिखाता है।

## बजट 2026 के विरोध में किसान सभा का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**भदोही।** संयुक्त किसान मोर्चा के केंद्रीय आह्वान पर उत्तर प्रदेश किसान सभा द्वारा बुधवार को सुरियावां क्षेत्र के कौडर गांव में बजट 2026 के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान जिला मंत्री ज्ञान प्रकाश प्रजापति के नेतृत्व में बजट की प्रतियां जलाकर किसानों की मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। प्रदर्शनकारियों ने बजट को किसान विरोधी बताते हुए कृषि से जुड़े मुद्दों पर पुनर्विचार की मांग की। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों की आय, फसल लागत और समर्थन मूल्य से जुड़े सवालों को बजट में पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया है। कार्यक्रम में भान सिंह मौर्य, भूलाल पाल, फूलदेई, प्रेमादेवी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। किसान सभा ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आगे आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट व न्यायालयों का किया सघन निरीक्षण

### ● साफ सफाई व लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद में प्रशासनिक एवं न्यायिक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित समस्त कार्यालयों एवं न्यायालयों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय नारायण सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, भवनों की स्थिति, फर्नीचर, अग्निशमन उपकरण, अभिलेख प्रबंधन एवं जनसुविधाओं का जायजा लिया। पान थूकने के निशान, टूटी कुर्सी-मेज, दीवारों व छतों पर जाले, टूटे प्लास्टर तथा एक्सपायर अग्निशमन सिलेंडर पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। साथ ही परिसर की नियमित सफाई एवं पेंटिंग कराने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (वि/रा), अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर के न्यायालयों का निरीक्षण कर 05 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों की पत्रावलियों का अवलोकन किया और ऐसे मामलों में सतत सुनवाई कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय, कोषागार, चकबंदी, अभियोजन, संयुक्त कार्यालय, अभिलेखागार सहित विभिन्न कार्यालयों में फाइलों एवं पत्रावलियों को सुव्यवस्थित रखने, समयबद्ध निस्तारण और अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में जनसामान्य के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, स्वागत/पूछताछ कक्ष, वाहन पार्किंग एवं भवन मरम्मत संबंधी व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। राजस्व न्यायालयों के निरीक्षण के दौरान आरसीसीएमएस प्रणाली पर लंबित वादों की प्रविष्टि, पुराने वादों के निस्तारण, आदेशों के ऑनलाइन अपलोड तथा दाखिल-दफ्तर की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। इसके अलावा राजस्व, न्यायिक एवं आंग्ल अभिलेखागार, भूलेख कार्यालय, मुख्य राजस्व लेखागार, नजारत एवं विभिन्न पटलो का निरीक्षण कर सेवा संबंधी प्रकरणों, पेंशन, वसूली, विभागीय कार्यवाहियों एवं प्रमाण-पत्रों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रशासनिक शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जनहित से जुड़े सभी कार्यों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए।

## बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलू मिश्रा का पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़, मीरजापुर।** त्रिवेंद्रम (केरल) में आयोजित 46वीं नेशनल मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हाई जंप (50+ आयु वर्ग) में रजत पदक जीतकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन करने वाली सीखड़ की सीडीपीओ नीलू मिश्रा को उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उनके कार्यालय सीखड़ पहुंच कर सम्मानित किया गया। नीलू मिश्रा को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। रतन पांडेय पत्रकार सीखड़ जिला संवाददाता स्वतंत्र प्रभात मीरजापुर ने उनके अनुशासन, निरंतर अभ्यास और खेल के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि महिलाओं, युवाओं और सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर अमर उजाला पत्रकार एवं जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन मीरजापुर शीतलेश्वर प्रसाद पाठक ने कहा कि नीलू मिश्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल सीखड़ बल्कि पूरे मीरजापुर जनपद और उत्तर प्रदेश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद इस प्रकार की सफलता यह दर्शाती है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। ऐसे खिलाड़ियों को समाज और प्रशासन की ओर से निरंतर प्रोत्साहन मिलना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि नीलू मिश्रा जैसी खिलाड़ी आने वाली पीढ़ी को खेलों के प्रति प्रेरित करेंगी और महिलाओं की भागीदारी को भी नई दिशा देंगी।नीलू मिश्रा वर्तमान में बाल एवं पुष्टाहार विभाग में बाल विकास परियोजना अधिकारी के पद पर विकास खण्ड सीखड़ में कार्यरत हैं। उक्त अवसर पर बड़े बाबू संजीव कुमार मोटवानी मुख्य सेविका रेनू मौर्या, विनोद कुमार ,अनिल कुमार सहित कुछ आंगनबाड़ी कार्यकत्री उपस्थित रही।

## एसआईआर के अंतर्गत मतदाताओं की सुविधा हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर स्थापित होगा मतदाता सहायता केन्द्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही /** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) /उप जिला निर्वाचन अधिकारी,कुँवर वीरेन्द्र मौर्य ने जानकारी देते हुए बताया कि एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर सम्प्रति चल रहे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां दिनांक 06.01.2026 से प्राप्त किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम अन्तर्गत मतदाताओं की सुविधा हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर मतदाता सहायता केन्द्र (Voter Assistance Centre) स्थापित किया जाएगा तथा दावे और आपत्तियाँ जमा करने हेतु बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वान्ह 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपने मतदेय स्थलों पर आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली की प्रति, अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृत / डुप्लीकेट (ASDD) की सूची, विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2003 की अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली की प्रति, पर्याप्त मात्रा में फार्म-6 (घोषणा-पत्र सहित), फार्म-7 व फार्म-8 (घोषणा-पत्र सहित) के साथ उपस्थित रहेंगे। जिन अर्ह मतदताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से छूट गया है वह अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6, निर्वाचक नामावली की किसी प्रविष्टि में संशोधन करने / मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रति स्थापन / दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन करने/ निवास परिवर्तन हो जाने के संबंध में फार्म-8 आवश्यक दस्तावेज के साथ तथा मतदाता सूची से मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट एवं अनुपस्थित प्रविष्टिओं को हटाने हेतु फार्म-7 भरकर बी0एल0ओ0 / ई0आर0ओ0 के पास जमा किया जा सकता है अथवा आयोग की वेबसाइट www.voters.eci.gov.in या ECINET mobile app के माध्यम से आनलाइन किया जा सकता है।

## चुनार प्रीमियर लीग का आयोजन 7 से 13 फरवरी

पूर्व मेयर स्व.सरोज सिंह के स्मृति में क्रिकेट प्रतियोगिता का होता है आयोजन




**सीखड़, मीरजापुर।** विंध्य क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में पूर्व मेयर व चुनार विधायक अनुराग सिंह की माता स्वर्गीय सरोज सिंह के स्मृति में राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता 'चुनार प्रीमियर लीग' का आयोजन मिनी स्टेडियम मेड़िया में 7 से 13 फरवरी को किया गया है। उक्त आशय की जानकारी चुनार विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह ने दी।

## वोट काटे जाने को लेकर सपा में उबाल,कलेक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

### ● भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाए फार्म नंबर 7 भरकर मतदाता सूची से वोट कटवाने के आरोप

### सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

### कार्रवाई किए जाने की उठाई मांग, आन्दोलन की दी चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम सत्यप्रकाश के नाम संबोधित ज्ञापन एडीएम नमामि गंगे राजेश श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपकर कर कई बूथों पर फार्म सात (मतदाता सूची से नाम हटाने का प्रारूप) के माध्यम से लोगों का नाम कटवाने की साजिश का पर्दाफाश किया। उन्होंने नाम काटे जाने के संबंध में कई साक्ष्य भी प्रस्तुत किए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेताओं के इशारे पर चिन्हित बूथों पर फार्म सात भेजा गया हैं। इसके बाद भाजपा के लोग साजिस के तहत बीएलओ पर नाम काटने का दबाव बना रहे हैं। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने बताया कि भाजपा के मंडल और बूथ अध्यक्ष बीएलओं को देकर लोगों का नाम काटने का दबाव बना रहे हैं। उन्होने दावा किया कि सपा कार्यकर्ताओं ने कई बूथों पर गड़बड़ी को पकड़ लिया हैं समाजवादी पार्टी ने दावा किया कि ललितपुर विधानसभा के बूथ नंबर 492 सेंट्रल पब्लिक स्कूल आजादपुरा, बूथ नंबर 430, 431, 432, 433, 434 नदीपुरा, बूथ नंबर 523, 524, 525, 526 नेहरू नगर सहित पूरे जनपद में विभिन्न बूथों पर बनाए हुए वोटरों के जिन्होंने अभी एस आई आर प्रक्रिया पूरी की है। उनके फार्म नंबर 7 भरकर बीएलओ के पास जमाकर बीजेपी के कार्यकर्ताओं द्वारा वोट काटने का दबाव बनाया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में भारी आक्रोश है, साथ ही वोटर मानसिक दबाव में भी है। सपा कार्यकर्ताओं ने इस प्रकरण का पर्दाफाश कर दिया। उन्होने दावा किया कि वोटरों के नाम मतदाता सूची से बाहर करने की साजिश चल रही हैं। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा नेताओं के इशारे पर यह काम किया जा हैं। ललितपुर विधानसभा के अलावा उन्होंने महरौनी विधानसभा के बूथों में भी गड़बड़ी करने का मुद्दा उठाया। समाजवादी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले का संज्ञान नहीं लिया गया तो पार्टी विशाल धरना प्रदर्शन करते हुए आंदोलन को बाध्य होगी। इस दौरान पूर्व महिला सभा जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी, प्रदेश सचिव गीता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, आशीष चौबे, विधाकांत मालवीय, मो.अनवर खान, जिला कोषाध्यक्ष रोहित राठौर पूर्व पार्षद, नगर अध्यक्ष अभि खजुरिया, हरिसिंह यादव जिजयावन, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष हृदेश यादव मुखिया, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, छात्र सभा जिलाध्यक्ष गौरव विश्वकर्मा, नगर महासचिव एड विजय कुमार सिंह, राममूर्ति तिवारी, चंदन पटेल, राजेश झा, एड पुष्पेंद्र यादव, यशपाल सिंह बछरावनी, प्रमोद इमलिया, अरविंद परिहार, चंद्रपाल यादव, देवेंद्र सिंह, लाखन यादव, गजराज सिंह, साहिल मंसूरी, अमित चौहान, अजय यादव सहित अनेक सपा नेता मौजूद रहे।

## पीएम मोदी के कारण ट्रंप ने टैरिफ 50% से घटा कर 18 प्रतिशत कर दिया

### ● GC मामले में लोगों को संयम बरतना चाहिए

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**विंध्याचल।** मां विंध्यवासिनी देवी दरबार में मंगलवार की रात भाजपा सांसद मनोज तिवारी मृदुल अपने परिवार के साथ पहुंचे। पुरानी वीआईपी मार्ग पर नगर विधायक व तीर्थ पुरोहितों ने अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। तत्पश्चात होटल रत्नाकर में कुछ देर विश्राम करने के बाद गेट नंबर एक वीआईपी से गणेश द्वार होते हुए मां विंध्यवासिनी देवी माता के गर्भगृह में पहुंच कर विधि विधान पूर्वक मां का दर्शन पूजन अर्चन किया। तत्पश्चात मंदिर प्रांगण में स्थित सभी देवी देवताओं के चरण स्पर्श करते हुए कहा कि पीएम मोदी के कारण ट्रंप ने टैरिफ 50% से घटा कर 18 प्रतिशत कर दिया। मंदिर प्रांगण से बाहर आए। इनको तीर्थ पुरोहित सुमीत पांडेय ने दर्शन पूजन कराया। पत्रकार से वार्ता करते सांसद मनोज तिवारी ने बताया कि नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी का जो सबसे बड़ी नीति सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास है और अब तो यूजीसी पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद लेकिन यूजीसी का बिल संसद ने नहीं बनाया, हम लोगों ने नही बनाया है, एक विभाग ने कुछ अपना नियम बनाया है। अब सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। उसकी समीक्षा हो रही है और जो चीज सामाजिक एकता और सौहार्द को बिगड़ती हैं उसको ठीक कर लिया जाएगा। सांसद मनोज तिवारी ने आगे कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के साथ 12 साल से काम कर रहा हूँ। जिसमें इस देश में 370 हटाया हो, जिसने इस देश मे राम मंदिर का रास्ता प्रस्तुत किया हो, करोड़ों लोगों को इलाज अनाज, सड़क की व्यवस्था मुहैया कराई हो उनके ऊपर संदेह नहीं किया जा सकता। लोग संयम बरतें सब वैसे ही होगा जैसे समाज चाहता है । उन्होंने कहा कि आज भारत की शक्ति के कारण जो अमेरिका 50% टैरिफ लग रहा था आज 18 परसेंट कर दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने खुद उसे एक्स पर इसकी जानकारी दी। उत्तर प्रदेश में शंकराचार्य और प्रदेश सरकार के विवाद पर मनोज तिवारी ने कहा कि कुछ लोग गलत प्रचार कर रहे हैं। इस मौके पर इस दौरान भाजपा के नगर विधायक पंडित रत्नाकर मिश्रा जी ने मनोज तिवारी और उनके पत्नी को मां का चुनरी पहनाकर स्वागत किया।

## सुंदरकांड एवं भंडारे का आयोजन किया गया

**नैनी,प्रयागराज।** माघ मेला के अरैल सेक्टर 7 चक्र माधव मंदिर के सामने स्थित 'सनातन आस्था सेवा ट्रस्ट' के शिविर में बुधवार को सुंदरकांड का पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सनातन आस्था सेवा ट्रस्ट के संरक्षक आस्था पांडे ने बताया, कि लोगों की सेवा ही सनातन है। सनातन में आस्था होनी चाहिए। सेवा करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। इस मौके पर पूर्व कुलपति काशी विश्वविद्यालय गिरीश चंद्र त्रिपाठी, विधायक करछना पियूष रंजन निषाद, पार्षद पति एवं समाजसेवी प्रदीप महरा शास्त्री, संस्था के अध्यक्ष आनंद शंकर पांडे, उपाध्यक्ष प्रांजल पांडे, पार्षद मयंक यादव, पार्षद रण विजय सिंह (डब्बू), शिव शंकर दीक्षित, राजन शुक्ला, सत्यम शुक्ला, अभिमन्यु मिश्रा, कृष्णा केसरवानी, विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रचारक मंगल जी, रिचा नारायण एवं मिश्र बंधु समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### CJM के FIR आदेश पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में यूपी पुलिस को झटका

**ब्यूरो प्रयागराज।** सम्भल में CJM विभांशु सुधीर द्वारा ASP अनुज चौधरी सहित कई पुलिसकर्मियों पर FIR दर्ज करने के आदेश के खिलाफ उत्तर प्रदेश पुलिस इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंची थी। लेकिन फिलहाल हाईकोर्ट से पुलिस को कोई राहत नहीं मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई जस्टिस समित गोपाल की अदालत में हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने FIR आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया और मामले को अगली सुनवाई के लिए 9 फरवरी की तारीख तय कर दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस स्तर पर हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं बनता। यानी CJM के आदेश पर फिलहाल कोई स्थगन नहीं दिया गया है और मामला न्यायिक प्रक्रिया में आगे बढ़ेगा। इस मामले में सबसे अहम बात यह है कि आरोप पुलिस अधिकारियों पर हैं और शिकायत को निचली अदालत ने प्रथम दृष्टया गंभीर माना है। अब 9 फरवरी की सुनवाई तय करेगी कि FIR पर आगे क्या रुख अपनाया जाएगा।

### तीन दिवसीय गन्ना एवं चीनी मिल समितियों के अध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट

**ब्यूरो प्रयागराज।** तीन दिवसीय गन्ना एवं चीनी मिल समितियों के अध्यक्षों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ। कार्यक्रम में सहारनपुर मेरठ मुरादाबाद बरेली परिक्षेत्र के समिति अध्यक्षों के साथ साथ कोर्डिनेटर के रूप में परिक्षेत्र अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाप्रबंधक संजय भंडारी जी ने के गन्ना समिति अध्यक्षों से नैनो ऊर्वरक वे इफको जल विलय उर्वरकों की बिक्री व किसानों के बीच इफको उत्पाद की उपलब्धता के बारे में चर्चा की और गन्ना समितियों द्वारा किए जा रहे हैं इफको के सहयोग की सराहना की।इसके बाद कोरडेट प्रधानाचार्य डॉ डी के सिंह ने समिति अध्यक्षों को नैनो उर्वरक, जैव उर्वरक एव जल विलय उर्वरकों के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी और साथ ही पारंपरिक यूरिया व डी.ए.पी से हो रहे जल, मिट्टी एवं वायु प्रदूषण के साथ साथ मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों के बारे में भी अवगत कराया ताकि समिति अध्यक्षों के माध्यम से उनके छेत्र के किसानों तक नैनो उर्वरक प्रयोग की सही जानकारी पहुँच सकें। कार्यक्रम के अंत में मृदा परीक्षण प्रभारी डॉक्टर हरिश्चंद्र ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में कोरडेट संस्थान से सुमित तेवतिया ,श्री मुकेश तिवारी, राजेश सिंह व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दिशा छात्र संगठन के छात्रों पर जानलेवा हमला करने वालो पर एफ़आईआर करवाने के लिए चीफ़ प्राक्टर को ज्ञापन



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में परिचर्चा कर रहे दिशा छात्र संगठन के छात्रों पर जानलेवा हमला करने वाले अराजक तत्वों पर एफ़आईआर करवाने के लिए चीफ़ प्राक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने के बाद छात्र जुलूस निकालते हुये एडीएम सिटी कार्यालय पहुँचे और एडीएम फर्स्ट के जरिये पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। जहाँ छात्रों के साथ एडीएम फर्स्ट ने वार्ता किया। निधि ने कहा कि कल विश्वविद्यालय में शांतिपूर्ण तरीके से परिचर्चा कर रहे छात्रों पर अराजक तत्वों द्वारा गाली-गलौच, मारपीट, छात्राओं के साथ अभद्रता की गई थी। 30-40 की संख्या में आये अराजक तत्वों का नेतृत्व भावेश दुबे, विपुल तिवारी, अनुराग मिश्रा, धीरज पाण्डेय, वैभव पाण्डेय, सम्राट राय कर रहे थे। परिसर में बिना नम्बर की एक बाहरी गाड़ी में भरकर आये अपराधी किस्म के लोग छात्रों पर जानलेवा हमला करते हैं। अभी तक उक्त के सन्दर्भ में विश्वविद्यालय प्रशासन और जिला प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। पीड़ित छात्रों का अबतक मेडिकल नहीं किया गया है। लम्पट तत्व विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और जनवादी माहौल को ख़राब कर रहे हैं। हम लोगों के साथ मारपीट करने वाले अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। एक लोकतान्त्रिक देश में न्याय मिलना इंसानी ज़िन्दगी से भी महँगा हो गया है। लगातार कुत्सा प्रचार करने में अपराधियों और इनके लग्गुओं-भग्गुओं का साथ विश्वविद्यालय प्रशासन भी दे रहा है। छात्र दोपहर 12:00 बजे सीनेट परिसर गेट पर इकठ्ठा हुये और मार्च निकालते हुये चीफ़ प्राक्टर कार्यालय पहुँचे और वहाँ ज्ञापन सौंपे। छात्रों ने कहा कि अगर गुंडों पर एफ़आईआर नहीं होता है तो हम आन्दोलन तेज करने के लिए मजबूर होंगे। जुलूस में चन्द्रप्रकाश, पूजा, संजय, सौम्या, इशांत आदि शामिल थे।

# सजा देने का हक न्यायपालिका के पास... यूपी में जारी बुलडोजर एक्शन से नाराज हुआ इलाहाबाद हाईकोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हमीरपुर से जुड़े एक मामले में याचिकाकर्ताओं द्वारा अपनी संपत्तियों को बुलडोजर एक्शन से बचाने के लिए दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए तल्ख टिप्पणी की है. याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट से अपनी संपत्तियों के संभावित विनाश को रोकने के लिए न्यायिक हस्तक्षेप किए जाने की मांग की है। हाईकोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद राज्य में इमारतों को गिराने की दंडात्मक कार्रवाई जारी है. यह कोर्ट ऐसे कई मामलों का गवाह है जहां अपराध होने के तुरंत बाद किसी रहने की जगह पर कब्जा करने वाले लोगों को तोड़ने का नोटिस जारी किया जाता है और उसके बाद कानूनी ज़रूरतों को पूरा करने का दिखावा करके उसे तोड़ दिया जाता है। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आदेश के बावजूद तोड़-फोड़ जारी रही है. भले ही सुप्रीम कोर्ट ने इस सिद्धांत पर मुहर लगाई थी कि इमारतों को सजा के तौर पर तोड़ना शक्तियों के बंटवारे का उल्लंघन है. क्योंकि सजा देने का अधिकार न्यायपालिका के पास है इसलिए कोर्ट ने पार्टियों के लिए कानून के 5 सवाल तय किए है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जहां तक स्टे एप्लीकेशन का सवाल है. पहले पास किया गया कोई भी अंतरिम आदेश अगले आदेश तक जारी रहेगा. पुलिस याचिकाकर्ताओं की जान, शरीर और संपत्ति की सुरक्षा करेगी ताकि वो अपनी संपत्तियों में बिना किसी रोक-टोक के आ-जा सकें. कोर्ट इस मामले में नौ फरवरी को अगली सुनवाई करेगी. ये आदेश जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस सिद्धार्थ नंदन की डबल बेंच ने फ़ैमुद्दीन और दो अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। मामले के अनुसार तीनों याचिकाकर्ता सुमेरपुर, जिला हमीरपुर में रहते है. याचिकाकर्ता 1, 2 और 3 रिश्ते से बेटा, पिता और मां है. तीनों ने हमीरपुर के सुमेरपुर थाने में 16 जनवरी 2026 को दर्ज FIR को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी है. एफआईआर आरोपी आफान खान के खिलाफ BNS की धारा 64(1), 62/351(3), 61(2) और IT एक्ट की धारा 67(A), POCSO एक्ट की धारा ङ और .क्कगैरकानूनी धार्मिक धर्मांतरण निषेध अधिनियम की धारा 3/5(1) के तहत मामला दर्ज हुआ है. आरोपी आफान खान याचिकाकर्ता नंबर एक का चचेरा भाई और याचिकाकर्ता नंबर 2 और 3 का भतीजा है। याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट में कहा गया कि घटना के तुरंत बाद कथित तौर पर पुलिस की मिलीभगत से भीड़ ने याचिकाकर्ताओं के घर को निशाना बनाया था. कोर्ट में दोनों पक्षों की ओर से शुरुआती दलीलें दी गई. याचिकाकर्ता में प्रतिवादी नंबर एक हालांकि याचिकाकर्ता स्न्ढ्ढक्र में सह-आरोपी नहीं हैं फिर भी प्रतिवादियों ने याचिकाकर्ता नंबर दो को नोटिस जारी किया है जो उस रिहायशी घर का मालिक है, जिसमें वो रहते हैं यह अपराध होने और स्न्ढ्ढक्रदर्ज होने के तुरंत बाद किया गया. याचिकाकर्ता नंबर तीन के नाम पर 'इंडियन लॉज' के रूप में रजिस्टर्ड एक कमर्शियल प्रॉपर्टी को प्रतिवादियों ने सील कर दिया है. याचिका पर सुनवाई के दौरान दूसरी ओर राज्य ने एक शुरुआती आपत्ति उठाई जिसमें याचिका समय से पहले दायर की गई है क्योंकि कोई कार्रवाई का कारण नहीं बना है। याचिकाकर्ताओं को जारी किए गए नोटिस का जवाब देना है. इसलिए निवास और लॉज को आज तक सील नहीं किया गया है. याचिकाकर्ताओं ने साफ हाथों से कोर्ट का रुख नहीं किया है क्योंकि उन्होंने यह तथ्य छिपाया है कि आरा मिल को सील कर दिया गया था क्योंकि उसके परिसर से प्रतिबंधित लकड़ी (नीम और ढाक) बरामद हुई थी, जिसका खुलासा याचिका में नहीं किया गया था. अतिरिक्त महाधिवक्ता अनूप त्रिवेदी द्वारा कोर्ट को मौखिक रूप से आश्वासन दिया गया कि कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया का पालन किए बिना और याचिकाकर्ताओं को संबंधित अधिकारियों के सामने अपना मामला रखने का उचित अवसर दिए बिना कोई तोड़फोड़ नहीं होगी। कोर्ट ने कहा कि कोर्ट ऐसे कई मामलों का गवाह है जहां अपराध होने के तुरंत बाद किसी रहने की जगह पर कब्ज़ा करने वाले लोगों को तोड़ने का नोटिस जारी किया जाता है और उसके बाद कानूनी ज़रूरतों को पूरा करने के दिखावे के बाद उसे तोड़ दिया जाता है. ये तोड़-फोड़ सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद जारी है जिसमें कहा गया था कि इमारतों को सज़ा के तौर पर तोड़ना शक्तियों के बंटवारे का उल्लंघन है क्योंकि सज़ा देने का अधिकार न्यायपालिका के पास है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि राज्य के किसी ढांचे को तोड़ने के अधिकार और आर्टिकल 14 और 21 के तहत उसके रहने वालों के अधिकारों से जुड़े इस मामले की व्यापक प्रकृति को ध्यान में रखते हुए और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बावजूद राज्य में ये तोड़-फोड़ कैसे जारी है जिसमें कहा गया था कि इमारतों को सज़ा के तौर पर तोड़ना मना होगा. कोर्ट ने इस मामले से सीधे जुड़े कानून के पांच तैयार करना



ज़रूरी समझता है। कोर्ट ने कहा कि ये वो सवाल हैं जिनके जवाब कोर्ट पार्टियों से उम्मीद करती है।

**वो पांच सवाल इस प्रकार हैः-**

(1) क्या ढांचे को गिराने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के पैराग्राफ 85 और 86 का पालन नहीं किया गया है?

(2) क्या तोड़ने का अधिकार, किसी स्ट्रक्चर को तोड़ने के काम को सही ठहराता है या क्या राज्य पर राष्ट्र का जनक के तहत यह ड्यूटी है कि सार्वजनिक ज़रूरत/मकसद के बिना किसी रहने की जगह को न तोड़ा जाए?

(3) क्या किसी अपराध के होने के तुरंत बाद किसी स्ट्रक्चर को गिराने की दिशा में उठाए गए कदम, कार्यकारी विवेक का दिखावटी इस्तेमाल होंगे?

(4) हाईकोर्ट राज्य के किसी स्ट्रक्चर को गिराने के कानूनी अधिकार और आर्टिकल 21 और 14 के तहत आम नागरिक के इसे रोकने के मौलिक अधिकार के बीच टकराव वाले हितों को कैसे बैलेंस करेगा?

(5) क्या किसी नागरिक के लिए कोर्ट में आने के लिए 'तोड़े जाने का उचित डर' एक कारण हो सकता है और अगर 'हाँ', तो इस कोर्ट के लिए ऐसे 'उचित डर' के अस्तित्व को मानने के लिए कम से कम क्या ज़रूरी है?

# एपस्टीन फाइल्स, अमेरिका में अडानी केस के कारण ट्रेड डील हुईः राहुल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बड़ा आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि यह समझौता इसलिए किया गया क्योंकि एपस्टीन फाइल्स में से काफी कुछ रिलीज होना बाक़ी है और अमेरिका में अडानी समूह पर मुक़दमा चल रहा है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि इसी दबाव में समझौते पर साइन किया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी कॉम्प्रोमाइज्ड हैं और देश के किसानों व पूरे हिंदुस्तान को बेच दिया है। यह बयान मंगलवार को आया, जब लोकसभा में चीन मुद्दे पर बहस के दौरान राहुल को बोलने से रोका गया। राहुल गांधी ने अपने बयान में कहा कि पिछले चार महीनों से रुकी हुई ट्रेड डील में कोई बदलाव नहीं हुआ, लेकिन अचानक सोमवार शाम इसे साइन कर दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि इसके पीछे क्या वजह है? राहुल ने कहा, 'मैं जानता हूँ और नरेंद्र मोदी जानते हैं। मोदी जी पर भयंकर दबाव है। उनकी इमेज का गुब्बारा, जिसे हजारों करोड़ रुपये खर्च कर बनाया गया था, फूट सकता है।' कांग्रेस नेता ने दावा किया कि असली समस्या पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे का बयान नहीं है, बल्कि मोदी का कॉम्प्रोमाइज्ड होना है। राहुल ने कहा, 'इस ट्रेड डील से मोदी ने हिंदुस्तान के किसानों की मेहनत को बेच दिया है। उन्होंने सिर्फ किसानों को नहीं, पूरे देश को बेच दिया है। इसलिए मुझे संसद में बोलने नहीं दे रहे हैं।' राहुल ने पीएम मोदी के डर का ज़िक्र करते हुए कहा कि जिन लोगों ने उनकी इमेज बनाई है, वही अब उसे तोड़ने में लगे हैं। एपस्टीन फाइल्सः राहुल ने कहा कि एपस्टीन फाइल्स में अभी बहुत सारी जानकारी बाक़ी है, जो रिलीज नहीं हुई है। पूरा देश यह जानना चाहता है कि इसमें क्या है। बता दें कि जेफरी एपस्टीन अमेरिका का एक विवादित व्यक्ति था, जिसकी फाइल्स में कई हाई-प्रोफाइल लोगों के नाम जुड़े हैं। ये फाइल्स 2024 में अनसील हुई थीं, लेकिन कांग्रेस का दावा है कि इसमें और सामग्री है जो मोदी पर दबाव बना सकती है। अमेरिका में अडानी केसः राहुल ने आरोप लगाया कि अमेरिका में अडानी पर चल रहा केस असल में अडानी को टारगेट नहीं कर रहा, बल्कि यह मोदी के फाइनेंशियल स्ट्रक्चर पर हमला है। उन्होंने कहा, 'अडानी पर केस दरअसल नरेंद्र मोदी पर केस है।' बता दें कि अडानी समूह पर अमेरिका में ब्राइबरी और फ्रॉड के आरोप हैं, जो 2023 से चल रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि यह मोदी को कमजोर करने का तरीका है। राहुल ने चेतावनी दी कि देश समझ ले कि प्रधानमंत्री कॉम्प्रोमाइज्ड हैं। उन्होंने कहा कि मोदी घबराए हुए हैं और इसी वजह से ट्रेड डील पर जल्दबाजी में सहमति दी गई। इस समझौते में अमेरिका ने भारत पर लगाए टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है, लेकिन भारत को अमेरिका से ज्यादा ऊर्जा, तकनीक, कृषि उत्पाद और कोयला खरीदना पड़ेगा। कांग्रेस का आरोप है कि इससे भारतीय किसानों को नुकसान होगा, क्योंकि अमेरिकी कृषि उत्पाद सस्ते आयात होंगे। यह आरोप ऐसे समय में आया है, जब सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस समझौते की घोषणा की थी। ट्रंप ने कहा था कि मोदी ने रूसी तेल खरीदना बंद करने और अमेरिका से ज्यादा सामान खरीदने पर सहमति जताई है। लेकिन कांग्रेस ने इसे मोदी की मजबूरी बताया है। पहले भी कांग्रेस नेता जयराम रमेश और अभिषेक सिंघवी ने समझौते की घोषणा ट्रंप द्वारा करने पर सवाल उठाए थे और इसे 'ट्रंप-निर्भरता' कहा था।

# करियर गाइडेंस और काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** आने वाली बोर्ड परीक्षाओं से पहले, प्रयागराज के जगत तारन गोल्डन जुबली स्कूल ऑडिटोरियम में क्लास IX से XII तक के स्टूडेंट्स के लिए एक करियर गाइडेंस और काउंसलिंग प्रोग्राम सफलतापूर्वक ऑर्गनाइज़ किया गया। इस प्रोग्राम का मकसद स्टूडेंट्स को उनकी पढ़ाई के अहम पड़ाव पर सोच-समझकर एकेडमिक और करियर से जुड़े फैसले लेने में मदद करना था। यह कार्यक्रम सिलेक्शन सेंटर ईस्ट, भारतीय सेना और रक्षा मंत्रालय के तहत पब्लिक रिलेशन्स ऑफिस, प्रयागराज की एक संयुक्त आउटरीच पहल के रूप में आयोजित किया गया था, और इसका आयोजन यूफोरियल यूथ सोसाइटी ने किया था। इस पहल का मकसद छात्रों को क्लास ङ्ग के बाद सब्जेक्ट चुनने, उच्च शिक्षा के अवसरों, करियर प्लानिंग और ज़रूरी लाइफ स्किल्स के विकास के बारे में व्यवस्थित मार्गदर्शन देना था। छात्रों को संबोधित करते हुए, मेजर जनरल धर्म राज राय ने एक प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक बातचीत की, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन दोनों में अनुशासन, नेतृत्व, मकसद की स्पष्टता और लचीलेपन के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने छात्रों को स्पष्ट लक्ष्य तय करने, अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रखने और अपने भविष्य के करियर को आकार देते समय ईमानदारी, जिम्मेदारी और समाज सेवा जैसे मूल्यों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके संबोधन ने छात्रों को तुरंत मिलने वाले अकादमिक नतीजों से आगे सोचने और लंबे समय तक व्यक्तिगत विकास और राष्ट्र निर्माण पर ध्यान केंद्रित



करने के लिए प्रेरित किया। इस प्रोग्राम में CBSE, ICSE और उत्तर प्रदेश बोर्ड से जुड़े अलग-अलग स्कूलों के लगभग 300 स्टूडेंट्स, NCC कैडेट्स और टीचर्स ने जोश के साथ हिस्सा लिया। जगत तरन गोल्डन जुबली स्कूल की प्रिंसिपल सुष्मिता कानूनगो ने इस मौके पर आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और करियर गाइडेंस पहल के लिए अपना समर्थन जताया। इंटरैक्टिव चर्चाओं और गाइडेंस सेशन के ज़रिए, पार्टिसिपेंट्स को अलग-अलग करियर के रास्ते, नए मौकों और करियर चुनने में अपनी दिलचस्पी और काबिलियत को मिलाने की अहमियत के बारे में प्रैक्टिकल जानकारी दी गई। फैकल्टी मेंबर्स और ऑर्गनाइज़र्स ने बताया कि ऐसी पहल स्टूडेंट्स में एकेडमिक स्ट्रेस को कम करने में अहम भूमिका निभाती हैं, खासकर एग्जाम के समय, क्योंकि ये फैसले लेने में क्लैरिटी और कॉन्फिडेंस देती हैं। इस इवेंट में युवा दिमागों को ज़िम्मेदार नागरिकता और प्रोडक्टिव करियर की ओर गाइड करने में जानकारी वाले मेंटरशिप और पॉजिटिव रोल मॉडल्स की भूमिका पर भी ज़ोर दिया गया। आयोजकों ने भाग लेने वाले संस्थानों, शिक्षकों, NCC कैडेट्स और छात्रों को उनके एक्टिव भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया, जिससे कार्यक्रम सफल रहा। इस पहल ने इंडियन आर्मी और रक्षा मंत्रालय की, व्यवस्थित आउटरीच प्रयासों के ज़रिए, युवाओं के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने और उनके सर्वांगीण विकास में सहायता करने की प्रतिबद्धता को फिर से पक्का किया। करियर गाइडेंस और काउंसलिंग प्रोग्राम ने स्टूडेंट्स को अपने एकेडमिक और प्रोफेशनल भविष्य की योजना बनाते समय दिशा, प्रेरणा और आत्मविश्वास हासिल करने के लिए एक मूल्यवान मंच प्रदान किया, जिससे लंबे समय के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सोच-समझकर लिए गए फैसलों और अनुशासित प्रयास के महत्व को बल मिला।

# यह न्याय व्यवस्था के लिए बीमारी, अब इलाज जरूरी फैसलों में देरी पर सीजेआई सूर्यकांत की दो टूक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स में फैसले सुनाने और उन्हें सार्वजनिक करने में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह न्याय व्यवस्था की एक पहचान योग्य बीमारी बन चुकी है, जिसे अब जड़ से खत्म करना जरूरी है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि समय पर न्याय न मिलना, न्याय से वंचित किए जाने जैसा ही है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ झारखंड हाईकोर्ट से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट ने 4 दिसंबर 2025 को याचिका खारिज करने का मौखिक आदेश तो सुना दिया, लेकिन महीनों बाद भी उसका लिखित फैसला अपलोड नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की ओर से पेश वकील से कहा कि इस तरह की देरी का कोई औचित्य नहीं है और निर्देश दिया कि पूरा फैसला अगले सप्ताह के अंत तक संबंधित वकील को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, मामले को



फरवरी 16 से शुरू होने वाले सप्ताह में फिर सूचीबद्ध करने का आदेश दिया गया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका के भीतर इस समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा 'कुछ जज बेहद मेहनती होते हैं, कई मामलों की सुनवाई कर फैसले सुरक्षित रखते हैं, लेकिन फिर लंबे समय तक निर्णय नहीं देते। यह व्यक्तिगत आरोप नहीं है, बल्कि पूरी न्यायपालिका के सामने एक चुनौती है। यह बीमारी है और इसे फैलने नहीं दिया जा सकता।' सीजेआई ने यह भी चिंता जताई कि कई मामलों में बहस पूरी होने के बाद भी केस को बार-बार आगे के निर्देशों के लिए सूचीबद्ध किया जाता है, जिससे अनावश्यक मुकदमेबाजी बढ़ती है। सीजेआई ने अपने अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि हाईकोर्ट जज के रूप में अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में मैंने कभी भी ऐसा नहीं किया कि फैसला सुरक्षित रखा हो और तीन महीने के भीतर सुनाया न हो। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा ऐसा लगता है जैसे केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। कोई सख्त संदेश जाना जरूरी है। यह कानून की गरिमा के साथ खिलवाड़ है। मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने बताया कि वह इस मुद्दे को हाईकोर्ट्स के मुख्य न्यायाधीशों की आगामी बैठक में उठाएंगे। उन्होंने कहा हम इस पर चर्चा करेंगे और ऐसा समाधान निकालने की कोशिश करेंगे, जिससे इस तरह की टाली जा सकने वाली कानूनी कार्यवाही खत्म हो। गौरतलब है कि नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्ट्स को निर्देश दिया था कि वे आरक्षित फैसलों से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट सौंपें, जिसमें फैसला सुरक्षित रखने की तारीख, सुनाए जाने की तारीख और अपलोड करने की तारीख स्पष्ट रूप से दर्ज हो। सुप्रीम कोर्ट इन निर्देशों के पालन की लगातार निगरानी कर रहा है।

# अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बीएनएसएस की धारा 163 को किया प्रभावी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट ने अवगत कराया कि आगामी 15 फरवरी 2026 को महाशिवरात्रि, 18 फरवरी से 12 मार्च 2026 तक हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, परीक्षायें, 02 मार्च को होली, 04 मार्च को भाई दोज, 21 मार्च को ईद-उल-फितर, 26 मार्च को रामनवमी एवं 31 मार्च को महावीर जयन्ती आदि त्यौहार हैं। कुछ अवांछनीय तत्वों द्वारा सामाजिक सद्भाव एवं शौहार्दपूर्ण वातावरण पर कुप्रभाव डालने का प्रयास किया जा सकता है तथा शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। इसलिए अपर जिला मजिस्ट्रेट अंकुर श्रीवास्तव ने 4 फरवरी से 31 मार्च 2026 तक के लिए बीएनएसएस की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। इस आदेश के तहत किसी भी स्थान पर पाँच या उससे अधिक व्यक्ति समूह के रूप में एकत्रित नहीं होंगे। सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना कोई भी व्यक्ति, पार्टी अथवा संगठन किसी तरह का प्रर्दशन नहीं करेगें। जिले की सीमाओं में कोई भी व्यक्ति अस्त्र, शस्त्र, लाठी, डण्डा, चाकू भाला आदि लेकर नही चलेगा और न ही शादी विवाह आदि में शस्त्र से फायर करेगा और न ही किसी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ लेकर चलेगा परन्तु यह प्रतिबन्ध शासकीय ड्यूटी पर तैनात अधिकारी ध् कर्मचारियों तथा लाठी के संबंध में अपंग व्यक्तियों पर लागू ड्यूट नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी स्थान, धार्मिक स्थल आदि पर इस प्रकार का भाषण, वक्तव्य चाहे वो मौखिक हो या लिखित रूप में, जारी नही करेगा, जिससे किसी धर्म, जाति, स प्रदाय अथवा समुदाय, व्यक्ति विशेष की भावनाओं को ठेस पहुँचे। किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनैतिक गतिविधियों के लिये नही किया जायेगा तथा किसी भी धार्मिक स्थल में इस प्रकार का कोई ऐसा कृत्य न किया जाये, जिससे सामाजिक धार्मिक एवं जाति द्वेष की भावना उत्पन्न हो। कोई भी व्यक्ति मदिरा व अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर जुलूस एवं अन्य सार्वजनिक आयोजनों में प्रवेश नहीं करेगा। उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा परिषद, की परीक्षाओं के लिये स्थापितध्अधिकृत परीक्षा केन्द्रों पर 100 मीटर की परिधि में परीक्षार्थी ध् परीक्षक ध् कक्ष निरीक्षक एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति प्रवेश नही करेगा। जनपद की परिसीमा के अन्दर स्थापित परीक्षा केन्द्रो के आस पास प्रातः 6.30 बजे से 10.30 एवं अपरान्ह 1.30 से 5.30 तक फोटो स्टेट मशीन की दुकाने आदि नही खुलेंगी। परीक्षा के दौरान कोई भी व्यक्ति नकल करने व नकल कराने का प्रयास नही करेगा व न ही उसमें सहयोग करेगा।

कोई भी व्यक्ति उक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की अनुमति के विना लाउडस्पीकर ध्वनि के यन्त्रो का प्रयोग नही करेगा। उक्त प्रतिबंधात्मक आदेश विशेष परिस्थितियों में अधोहस्ताक्षरीध्उप जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर, महरौनी, तालबेहट, पाली, मड़ावरा द्वारा अनुमति दिये जाने पर उस सीमा तक शिथिल होगे, जिस सीमा तक अनुमति दी जायेगी। उक्त आदेश, लागू करने की तिथि से प्रभावी होगा।

### युवाओं की पहलः अ बेडकर के नाम पर रखा गया मुहल्ले का नाम, बोर्ड लगाकर किया नामकरण

**महरौनी।** महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम पड़वा में युवाओं की एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जहां दलित बस्ती के युवाओं ने अपने मुहल्ले का नाम भारत रत्न डॉ. भीमराव अ बेडकर के नाम पर रखकर सामाजिक संदेश दिया। युवाओं ने कहा कि वे अ बेडकर जी के पदचिन्हों पर चलकर मुहल्ले का नाम रोशन करेंगे और उनके विचारों को जीवन में उतारेंगे। गौरतलब है कि ग्राम पड़वा क्षेत्र में शिक्षा और सरकारी सेवाओं की दिशा में लगातार उपलब्धियां हासिल कर रहा है। यहां के युवाओं का सेना, पुलिस, अध्यापक जैसी सरकारी सेवाओं में चयन, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, अटल आवासीय स्कूल तथा विद्याज्ञान स्कूल में बच्चों का चयन जैसी उपलब्धियां गांव की पहचान को मजबूत बना रही हैं। साथ ही परिषदीय विद्यालयों की छवि भी पूरे जनपद में उ दा मानी जाती है। ग्रामीणों द्वारा पीएमश्री कंपॉजिट विद्यालय, पड़वा को बेहतर बनाने के लिए भी प्रयास जारी हैं। उ मीद जताई जा रही है कि यह विद्यालय शीघ्र ही जनपद के श्रेष्ठतम विद्यालयों में शामिल होगा। वहीं गांव के धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और स्वच्छ वातावरण ने भी गांव को आकर्षक बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इसी प्रेरणादायक माहौल से प्रभावित होकर दलित बस्ती के युवाओं ने भी अपनी पहचान को बेहतर बनाने के उद्देश्य से डॉ. अ बेडकर के व्यक्तित्व और विचारों को अपनाने का संकल्प लिया।

# ढाई करोड़ की सरकारी जमीन को प्राइवेट के नाम करने पर डीएम का एक्शन

- कानूनगो का हुआ डिमोशन,बना लेखपाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के गंगापार के सोरांव तहसील में एक राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) को सरकारी जमीन की हेरफेर के आरोप में डिमोशन कर लेखपाल बना दिया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। आरोपी कानूनगो दूधनाथ को निलंबित भी कर दिया गया है। कानूनगो दूधनाथ पर फाफामऊ में बंजर और परती भूमि को पैसे लेकर अपने करीबियों के नाम करने का आरोप है। शिकायत के बाद मामले की जांच कराई गई,जिसमें वह दोषी पाए गए। इस मामले की शिकायत शासन और प्रशासन तक पहुंची थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम के नेतृत्व में एक जांच टीम गठित की गई,जिसमें दो नायब तहसीलदार, एक कानूनगो और एक लेखपाल शामिल थे। लगभग चार महीने तक चली जांच में तहसील और जिला अभिलेखागार के सभी दस्तावेज खंगाले गए। जांच में सामने आया कि कानूनगो ने परती जमीन को तीन लोगों के नाम करने के लिए अभिलेखों में छेड़छाड़ की थी। उन्होंने सरकारी भूमि को निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज कर दिया था। दो दिन पहले यह जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने दोषी कानूनगो को डिमोशन करते हुए लेखपाल बना दिया और उन्हें निलंबित भी कर दिया। इसके अलावा, दूधनाथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश भी पुलिस को दिए गए हैं। एक अन्य लेखपाल को यह मुकदमा दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया गया है। जांच में




पता चला है कि लगभग ढाई करोड़ रुपये की यह जमीन 20 लाख रुपये लेकर निजी लोगों के नाम की गई थी। सोरांव के एसडीएम ज्ञानेंद्र नाथ ने बताया कि जिलाधिकारी के आदेश पर जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि जांच अभी जारी है और जो भी दोषी पाया जाएगा,उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। कानूनगो दूधनाथ जनवरी 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले थे। तहसील के अभिलेखों में इस जमीन को फिर से परती की श्रेणी में दर्ज करा दिया गया है।

# अकीदत के साथ मनायी गयी शबे-बराअत

- कुरान नाजरा करने वालों का हुआ दस्तार
- कब्रितान जाकर माँगी मगफिरत की दुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मड़ावरा।** गुनाहों से तौबा और मगफिरत की रात शबे-बराअत का त्यौहार कस्बे में अकीदत और सादगी के साथ मनाया गया। हिजरी स वत के शाबान माह की 15वीं तारीख की रात को सब-बराअत का त्यौहार मनाया जाता है जिसे काफी रहमत भरी रात कहा जाता है। साथ ही इसी दिन हजरत ओवेस करनी की यादगार के घरों में हलवा बनाकर फातिहा वानी की गई। इस त्यौहार पर घरों में हलवा बनाकर न्याज की गई जिसे आपस में बांटकर खाया गया। त्यौहार के मौके कस्बे की दोनों मस्जिदों, बाबा मस्तानशाह की दरगाह और कब्रिस्तानों की साफ-सफाई कर रंगीन रोशनी से सजाया गया।

वहीं देरशाम को मस्जिदों में मीलाद का आयोजन किया गया साथ कस्बे में ग्रामीणों द्वारा रात में कब्रिस्तानों में जाकर दुनिया से गुजर चुके अपने परिजनों की मगफिरत के लिये दुआयें मांगी। इस दौरान जामा मस्जिद तथा सुन्नी मनव्वरी मस्जिद में शबे-बराअत की रात में न ल एवं सलातो-तस्वीह की नमाज अदा कर गुनाहों से तौबा करते हुई देश-दुनियां में चौन व अमन की दुआयें मांगी गई। नमाजों में उम्रदराजी, बलाओं से हिफाजत और अल्लाह की पनाह की दुआएं मांगी गई। जामामस्जिद के मकतब में पढने वाले मोह मद अरशद, मोह मद अयान , आलिया फातिमा, उवैश अली, फैजान, राहत मंसूरी, फरहान अली समेत जिन बच्चों द्वारा कुरान शरीफ का नाजरा मुक मल किया उनकी दस्तारबंदी और फूल माला पहनाकर उनकी हौसला अफजाई की गई। इस दौरान हाफिज अता-उस समद, हाफिज मोह मद आसिफ, मोह मद शमीमुल कादरी, द्वारा दीनी बातों का जिक्र कर इस मुबारक रात को जाग कर इबादत में गुजारने की अपील की गई।

# संक्षिप्त खबरें

## जिंदल फाउंडेशन, पतरातू द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा



### 70 किसानों के बीच वर्मी कम्पोस्टिंग किट का वितरण

**पतरातू, झारखंडः**- जिंदल फाउंडेशन, पतरातू द्वारा क्षेत्र में प्राकृतिक एवं सतत कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रोड्यूसर ग्रुप से जुड़े 70 किसानों के बीच वर्मी कम्पोस्टिंग किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाप्रबंधक संतोष कुमार सहित मीनू सिंह, रूपेश कुमार एवं कुमार राहुल उपस्थित रहे। अतिथियों ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए इसके दीर्घकालिक लाभों पर प्रकाश डाला। प्रत्येक वर्मी कम्पोस्टिंग किट में पॉलीथीन शीट, रोज़ कैन तथा 1 किलोग्राम केंचुए शामिल थे, जिससे किसान स्वयं जैविक खाद का निर्माण कर सकें। यह पहल किसानों को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने तथा पर्यावरण अनुकूल खेती अपनाने में सहायक सिद्ध होगी। जिंदल फाउंडेशन का यह प्रयास कम लागत वाली प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने, फसल उत्पादन में वृद्धि करने तथा किसानों की आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फाउंडेशन का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाते हुए क्षेत्र में एक टिकाऊ कृषि मॉडल को स्थापित करना है। कार्यक्रम का संचालन शोम्या श्री के द्वारा किया गया।

## बलिया में 11 वर्षीय बालक की हत्या के दो दोषियों को उम्रकैद, 21 हजार रुपये का अर्थदंड

**बलिया।** जिले के बहुचर्चित बाल हत्या मामले में न्यायालय ने कड़ा फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या-01 ने 11 वर्षीय बालक की चाकू मारकर हत्या के दोषी पाए गए दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने दोनों पर कुल 21 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत ने वीरेंद्र बिंद (पुत्र स्वर्गीय हवलदार बिंद) और रवि बिंद (पुत्र वीरेंद्र बिंद), निवासी छोटका प्लाट चांददीयर, थाना बैरिया, जनपद बलिया को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। अर्थदंड अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके अलावा न्यायालय ने दोनों अभियुक्तों को धारा 201 (अपराध के साक्ष्य मिटाने) के तहत भी दोषी करार देते हुए दो वर्ष का कारावास एवं एक हजार रुपये का अर्थदंड दिया है। इस राशि के भुगतान में चूक होने पर एक सप्ताह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। उल्लेखनीय है कि यह मामला 21 अक्टूबर 2012 का है, जब अभियुक्तों ने वादी के 11 वर्षीय भतीजे की चाकू मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। घटना के बाद प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना बैरिया में मुकदमा दर्ज किया गया था और विवेचना के उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस प्रकरण में बलिया पुलिस के मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन विभाग की सशक्त पैरवी से न्यायालय में दोष सिद्ध हुआ। अभियोजन की ओर से शासकीय अधिवक्ता राम नरेश यादव ने प्रभावी ढंग से मामले की पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप दोषियों को सख्त सजा दिलाई जा सकी।

## रिटायर्ड कर्नल को सैन्य सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई



**लालगंज,प्रतापगढ़।** क्षेत्र के देऊम पूरब निवासी रिटायर्ड ले0 कर्नल राधेश्याम मिश्र निधन रविवार की रात जयपुर राजस्थान में हुआ था, परिजनों की सूचना पर सब एरिया प्रयागराज से आये सैनिक दल ने सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी।इसके साथ ही सैनिक कल्याण बोर्ड के रिटायर्ड कर्नल, उप जिलाधिकारी लालगंज क्षेत्राधिकारी लालगंज थानाध्यक्ष सांगीपुर समेत तमाम क्षेत्रवासियों ने अंतिम विदाई में शामिल रहे। सब एरिया प्रयागराज से ईएमई के सूबेदार राकेश कुमार, नायक संजीव कुमार, सिपाही दिगंबर यादय,जिला सैनिक कल्याण बोर्ड अधिकारी रिटायर्ड कर्नल दिनेश कुमार मिश्र एसडीएम लालगंज शैलेन्द्र वर्मा सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र थानाध्यक्ष सांगीपुर गौरव त्रिवेदी, ओमप्रकाश पाण्डेय गुड्डू धनंजय मिश्र बृज बिहारी मिश्र पप्पू प्रधान,रामशकल मिश्र सूर्यकान्त मिश्र समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। सेना के जवानों ने सलामी के बाद तिरंगे को मृतक राधेश्याम के पुत्र डॉ राहुल मिश्र को देकर सैलूट किया।बताते चले कि स्वर्गीय राधेश्याम मिश्र के पुत्र डॉ राहुल मिश्र राजस्थान में खादी ग्रामोद्योग के निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

# इफको द्वारा बरही के गोरिया करमा में किसान संवाद एवं तकनीकी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः**- इफको हजारीबाग द्वारा बुधवार को बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम गोरिया करमा (जिला हजारीबाग) में किसान संवाद एवं तकनीकी जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आसपास के गांवों से आए कुल 70 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में संजय बीज भंडार के संचालक श्री संजय प्रसाद, गोरिया करमा पैक्स के अध्यक्ष श्री गिरधारी लाल यादव, कृषक मित्र धनपाली पासवान, अर्जुन प्रसाद, दिलीप सहित अन्य कृषक मित्र उपस्थित रहे। इसके अलावा एसएफए श्री विजय कुमार की भी सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान इफको के क्षेत्र प्रबंधक श्री अमित आनंद ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नैनो उर्वरकों जैसे नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं नैनो जिंक के महत्व, उनके लाभ तथा फसलों में सही उपयोग विधि पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरक कम मात्रा में अधिक प्रभावी परिणाम देते हैं और लागत घटाकर उत्पादन बढ़ाने में सहायक होते हैं। इसके साथ ही किसानों को पौधों के लिए आवश्यक मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों, उनकी उपयोगिता तथा कमी होने पर फसलों में दिखाई देने वाले लक्षणों के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बायोफर्टिलाइज़र (एनपीके कंसोर्टियम) तथा सागरिका लिक्विड एवं बकेट के उपयोग, लाभ एवं मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में उनकी भूमिका पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में प्रश्न-उत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया तथा उन्हें संतुलित उर्वरक उपयोग एवं नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। यह कार्यक्रम किसानों में नैनो एवं जैव उर्वरकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रमुख किसानों में उपेंद्र दास, प्रदीप चौधरी, उमेश मेहता, तिलेश्वर प्रजापति, हेमंत चौधरी, अर्जुन यादव, महेश यादव, सुखदेव प्रसाद, सुनील राणा, कामेश्वर चौधरी, कुलदीप चौधरी, महेंद्र ठाकुर, गोविंद प्रसाद कुशवाहा, चंद्रशेखर सिंह, झब्बू यादव सहित अन्य किसान शामिल रहे।

## Manipur Crisis के बीच केंद्र का बड़ा फैसला, राष्ट्रपति शासन हटा, अब BJP सरकार संभालेगी कमान



गृह मंत्रालय ने मंगलवार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की अधिसूचना जारी की। भारत के राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित एक 'घोषणा' के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मणिपुर राज्य के संबंध में संविधान के अनुच्छेद 356(2) के तहत जारी की गई घोषणा को निरस्त कर दिया है। पिछली घोषणा 13 फरवरी, 2025 को जारी की गई थी। राष्ट्रपति द्वारा बुधवार (4 फरवरी, 2026) को हस्ताक्षरित नई घोषणा में कहा गया है कि मणिपुर में राष्ट्रपति शासन वापस ले लिया गया है।

## सेवा सप्ताह के तहत बरही में बाल संस्कार केंद्रों पर बच्चों को वितरित किए गए नवीन वस्त्र



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः**- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सेवा सप्ताह के तृतीय दिवस पर बरही क्षेत्र में सेवा उपक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों के बीच नवीन वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन संघ की उस भावना को चरितार्थ करता है, जिसमें समाज के पिछड़े और पीड़ित वर्ग को साथ लेकर चलने का संकल्प व्यक्त किया गया है। सेवा सप्ताह के तहत बरही के चार बाल संस्कार केंद्रों–शिव मुहल्ला बेंदगी, पुरहारा, अंबेडकर नगर एवं शबरी नगर में बच्चों के बीच वस्त्र वितरण समारोह संपन्न हुआ। स्वयंसेवकों के माध्यम से बरही के सेवाभावी व्यावसायिक बंधुओं से संग्रहित नए वस्त्र बच्चों को प्रदान किए गए। इस सेवा उपक्रम में डॉ. विनोद साव, त्रिवेणी साव, अरविन्द कुमार, रविशंकर साहु, बसंत सिंह, राजेन्द्र केशरी सहित अन्य स्वयंसेवक व समाजसेवी बंधु उपस्थित रहे। वहीं शबरी नगर संस्कार केंद्र में राष्ट्र सेविका समिति की मातृशक्ति सुश्री कशिश केशरी एवं रेणु देवी के द्वारा बच्चों को वस्त्र वितरित किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से संघ द्वारा समाज के वंचित वर्गों के बच्चों को सहयोग प्रदान करते हुए सेवा और समरसता का संदेश दिया गया।

## पाकुड़िया प्रखंड के तीनों परीक्षा केंद्रों में 1052 में से 1049 परीक्षार्थियों ने दी कदाचार-मुक्त परीक्षा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः**- पाकुड़िया प्रखंड में आयोजित मैट्रिक बोर्ड परीक्षा गुरुवार को शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त माहौल में सम्पन्न हुई। प्रखंड के तीन परीक्षा केंद्रों–राजकीय +2 उच्च विद्यालय पाकुड़िया, प्रोजेक्ट हाई स्कूल गनपूरा फुलझिंझरी केंद्र तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौकीसाल–में कुल 1052 परीक्षार्थियों में से 1049 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। राजकीय +2 उच्च विद्यालय पाकुड़िया केंद्र पर 595 परीक्षार्थी, प्रोजेक्ट हाई स्कूल गनपूरा फुलझिंझरी एवं उत्क्रमित हाई स्कूल पाकुड़िया केंद्र पर 326 परीक्षार्थी, तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय चौकीसाल केंद्र पर 131 परीक्षार्थियों में से 128 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर परीक्षा पूर्णतः शांति एवं अनुशासन के साथ संचालित हुई। परीक्षा को कदाचार-मुक्त बनाने के लिए केंद्रों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी, सहायक अभियंता रोहित कुमार गुप्ता, तथा पुलिस पदाधिकारीयों ने सभी परीक्षा केंद्रों का लगातार निरीक्षण किया। प्रशासन की सतर्कता और केंद्राधीक्षकों की व्यवस्था के कारण परीक्षा बेहतरीन ढंग से सम्पन्न हुई।

## उधमपुर में Jaish की साजिश नाकाम, गुफा में छिपे दो पाकिस्तानी आतंकी मारे गए



बुधवार को जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सुरक्षा बलों और संदिग्ध आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, सुरक्षा बलों द्वारा मजालता इलाके के चारों ओर घेरा कड़ा करने के दौरान दो पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए हैं। उनकी पहचान जब्बार और मावी के रूप में हुई है। घटनास्थल से भारी गोलीबारी की सूचना मिली है और अभियान अभी भी जारी है। उनके ठिकाने की सूचना मिलने के बाद, सुरक्षा बलों ने भागने के सभी रास्ते बंद करने के लिए पूरे इलाके को घेर लिया।

## पूर्वी क्षेत्र युवा महोत्सव में आईसेक्ट विश्वविद्यालय का शानदार प्रदर्शन

### ● 28 सदस्यीय दल ने विभिन्न विधाओं में हासिल की उपलब्धि

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग,, झारखंडः**- एआइयू पूर्वी क्षेत्र उत्साह यूनिफेस्ट अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव 2025-26 में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। उड़ीसा के बालासोर स्थित फकीर मोहन विश्वविद्यालय की मेजबानी में आयोजित 39वें पूर्वी क्षेत्र युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय की ओर से 28 विद्यार्थियों का दल शामिल हुआ था। महोत्सव से लौटने पर विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।

इस मौके पर कुलपति प्रो पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, उप कुलसचिव विजय कुमार, उप कुलसचिव ललित मालवीय, उप कुलसचिव राकेश कुमार मिश्रा, फाइन आर्ट्स विभागाध्यक्ष शिव कुमार समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। टीम मैनेजर व परफार्मिंग आर्ट्स डीन कुमारी सीमा ने बताया कि प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग में एमएफए प्रथम सेमेस्टर की निशि शर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में एमएफए तृतीय सेमेस्टर की निधि कुमारी को चौथा स्थान मिला। बीपीए प्रथम सेमेस्टर के अनुज कुमार ने वेस्टर्न वोकल सोलो में चौथा स्थान हासिल किया। वहीं श्रुति, अनु, वाशु व अनुज कुमार ने वेस्टर्न ग्रुप सांग में सहभागिता कर सराहनीय प्रस्तुति दी और पांचवां स्थान प्राप्त किया। वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल सोलो में बीपीए के दीपक कुमार तथा क्ले मॉडलिंग में बीएफए तृतीय सेमेस्टर के पवन कुमार को भी पांचवां स्थान मिला। कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। यह उपलब्धि उनकी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।




कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देता है और ऐसे मंचों पर भागीदारी से प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने कहा कि युवा महोत्सव जैसे आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को मजबूत करते हैं। बताते चलें कि पिछले वर्ष के युवा महोत्सव में भी आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया था और इस बार भी उसी परंपरा को कायम रखा है।

# चौपारण में शब-ए-बारात शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, मस्जिदों-कब्रिस्तानों में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़

### ● हर तरफ कुफ्र ने कोहराम मचा रखा है, मैने हर हाल में ईमान बचा रखा है : हाफीज जमाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड;** चौपारण प्रखंड के 26 पंचायत व 269 गांव में शब-ए-बारात त्यौहार शांतिपूर्ण, अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। मगरिब की अजान होते ही मस्जिदों को सजा दिया गया एवं कब्रिस्तान रोशनी से जगमगा उठा। मस्जिदों में अकीदतमंदों ने महफिलें पाक का आयोजन करवाया। कुरान की तिलावत की और नफ़्ल नमाज अदा की। इलाक़ों में शब-ए-बारात की रात कब्रिस्तानों और दरगाहों पर अकीदतमंदों की आवाजाही देखने को मिली। वहां उन्होंने फातिया पढ़कर अपने पूर्वजों की मगफिरत के लिए अल्लाह से दुआएं मांगी, और रोजा रखा। प्रखंड पंचायत पाण्डेयबारा के गांव कमलवार में भव्य मिलाद शरीफ की महफिल सजाई गई। जिसमें कोडरमा से तशरीफ लाए हाफीज जमाल ने अपने नात शरीफ एवं शायरी से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी नात, हर तरफ कुफ्र ने कोहराम मचा रखा है, मैने हर हाल में ईमान बचा रखा है, जैसे अन्य कलाम को लोगो ने खूब सराहा। वही हाफीज हकीम ने नात शरीफ पढ़कर माहौल को इबादत व अकीदत से साराबोर कर दिया। कार्यक्रम में मदरसे के बच्चे-बच्चियों ने भी नात शरीफ पढ़कर और विभिन्न प्रकार के नाटक प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया। वहीं इमाम मुमताज आलम साहब ने शब-ए-बरात की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह रात अल्लाह की रहमतों और बरकतों की रात होती है, जिसमें बंदों की मगफिरत होती है और दुआएं कबूल की जाती हैं। महफिल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी रही। सभी ने अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली के लिए दुआ की। मिलाद शरीफ कार्यक्रम की संपूर्ण मीडिया कवरेज पत्रकार अक्सर अंसारी द्वारा की गई। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में हसन एवं उनके मित्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि अतहर हुसैन, समाजसेवी गुलबहार अंसारी, बेलाल आजाद, मो0 सेराज, अब्दुल वकील, बशारत हुसैन, बसीर अंसारी, इलियास अंसारी, मकसूद अंसारी, शाहबाज अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## नींव खुदाई के बाद स्टोन डस्ट या रेत दिए बिना ही मिट्टी पर की गई कम ढलाई



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः**- गारंटी पीरियड के पूर्व आरईओ विभाग द्वारा संचालित योजनाएं, विशेष रूप से पीच सड़कें, जीर्ण होने के बावजूद गार्ड वॉल व पथ पुलियों के निर्माण में बड़े पैमाने पर प्राक्कलन के अनुरूप निर्माण नहीं किए जाने से योजनाओं की गुणवत्ता पूरी तरह प्रभावित होने की चर्चा आए दिन नागरिकों में होती रही है। बताया जाता है कि पाकुड़ जिले के जनजातीय प्रखंड पाकुड़िया के खाकसा पंचायत के अंतर्गत गार्ड वॉल के निर्माण के क्रम में खुदाई के बाद फ्लोर में बिना स्टोन डस्ट या बालू लेवलिंग किए ही केवल दो इंच की ढलाई दस भाग मसाला से की जाने से गार्ड वॉल की गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित होती देखी गई।

उक्त व्यस्त पथ से आवागमन कर रहे लोगों ने ऐसे घटिया गार्ड वॉल निर्माण पर तीव्र प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उच्चाधिकारियों से स्थल निरीक्षण कर उचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि सरकारी राशि का सदुपयोग हो सके और योजनाएं टिकाऊ बनें। वहीं सड़क पुलियों के निर्माण में भी बड़े पैमाने पर सरकारी निर्देशों एवं शिलान्यास के क्रम में पदाधिकारी तथा सांसद, विधायक की योजनाएं प्राक्कलन के अनुसार हों ताकि गुणवत्ता में कमी न हो पाए और योजनाएं टिकाऊ बनें। इसके बावजूद भी बड़े पैमाने पर योजनाओं में अनियमितता जारी है। पथ पुलिया निर्माण कार्य के क्रम में नींव खुदाई के पश्चात सूखा मसाला में स्टोन मेटल मिक्सचर करते हुए ढलाई की जा रही है, जबकि बोल्डरों की जोड़ाई भी प्राक्कलन के अनुरूप होती नहीं दिखी। इस बाबत विगत दिनों आरईओ के कनीय अभियंता ओमप्रकाश जी को जानकारी व फोटो देने के बावजूद उन्होंने कह दिया कि बड़ा संवेदक है, कार्रवाई कैसे करें? इसी लिए कहा जाता है–नाम बड़े और दर्शन छोटे।

## वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने लगाया रक्तदान शिविर



**हजारीबाग, झारखंडः**- बीते दिन को वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया शिविर का शुभारंभ प्रमोद कुमार कुशवाहा 22 वीं बार रक्तदान कर के किया। तत्पश्चात राजेश रंजन सौरभ कुमार पटेल आनंद कुमार आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्लड मैन निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की? कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया। रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है प्रत्येक व्यक्ति को तीन माह के अंतराल में रक्तदान करना चाहिए शिविर को सफल बनाने में एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन महासचिव विनीत छाबड़ा कोषाध्यक्ष विनीत अग्रवाल ब्लड बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

## पुलिस - उद्योग समन्वय के लिए पुलिस आयुक्त ने की बैठक



**कानपुर।** उद्योगपतियों को सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण प्रदान करने तथा पुलिस-उद्योग समन्वय को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दिनांक 04.02.2026 को पुलिस आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में उद्योगपतियों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता रघुबीर लाल, पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा की गई। गोष्ठी में आशुतोष कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक/संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), दिनेश त्रिपाठी, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) तथा सत्यजीत गुप्ता, पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर चालक युवक की राइस मिल की बेल्ट में फंसकर मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया।** भीमपुरा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर चरौवा गांव में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर चालक युवक की राइस मिल की बेल्ट में फंसकर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, वहीं परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पहचान 20 वर्षीय सिट्टू यादव उर्फ नवनीत के रूप में हुई है, जो इमिलिया चरौवा निवासी रतन यादव का पुत्र था। सिट्टू अपने परिवार की आजीविका चलाने के लिए ट्रैक्टर चलाने का काम करता था और गांव के ही विनय यादव की ट्रैक्टर चालित राइस मिल (धानकुट्टी मशीन) संचालित करता था। बुधवार को वह कल्याणपुर चरौवा निवासी मुन्ना यादव के यहां धान कूटने गया था। इसी दौरान राइस मिल की बेल्ट में अलकतरा लगाते समय उसकी कलाई में पहना कड़ा बेल्ट में फंस गया। देखते ही देखते वह बेल्ट की चपेट में आ गया और



उसकी गर्दन बेल्ट में फंसकर बुरी तरह कुचल गई। जब तक आसपास मौजूद लोग ट्रैक्टर बंद कर पाते, तब तक सिट्टू की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। काफी मशक्कत के बाद शव को बेल्ट से बाहर निकाला गया। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। परिजनों के अनुसार सिट्टू चार भाइयों और दो बहनों में तीसरे नंबर पर था। पिता किसान हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण सिट्टू ट्रैक्टर चलाकर परिवार का सहारा बना हुआ था। इस संबंध में भीमपुरा थानाध्यक्ष अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में निवेश और ग्रीन स्टील युग का शुभारंभ

### ● 1.27 लाख करोड़ से अधिक निवेश प्रस्ताव, 46,555 से ज्यादा प्रत्यक्ष रोजगार सृजन की उम्मीद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखंडः**- मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम और यूनाइटेड किंगडम की यात्रा के बाद झारखंड में निवेश और ग्रीन स्टील युग का शुभारंभ हो चुका है। राज्य सरकार के उद्योग विभाग को स्टील, पावर सेक्टर, इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग, उन्नत कोटिंग एवं फिनिश्ड स्टील, ऑटोमोबाइल और सीमेंट उद्योग से जुड़े विभिन्न निवेशकों द्वारा कुल 1 लाख 27 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों के आशय पत्र सौंपे गए हैं, जिससे 46,555 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। इनमें नवीन जिंदल समूह का 70 हजार करोड़ तथा टाटा स्टील का 11 हजार करोड़ का निवेश भी शामिल है। इसके अतिरिक्त उड़ीसा एलॉय स्टील, रुंगटा माइन्स, अमलगाम स्टील एंड पॉवर, बीएमडब्लू इंडस्ट्रीज लिमिटेड, जय सस्पेंशन लिमिटेड और अंबुजा सीमेंट लिमिटेड जैसी प्रमुख कंपनियों ने भी झारखंड में निवेश के प्रति रुचि दिखाई है। लातेहार में उड़ीसा स्टील अलॉय लिमिटेड द्वारा 25,000 करोड़ के निवेश से ब्लास्ट फर्नेस और डीआरआई यूनिट्स स्थापित किए जाएंगे, वहीं सरायकेला-खरसावां में रुंगटा समूह 10,000 करोड़ की लागत से स्टील, पावर और सीमेंट प्लांट लगाएगा। बोकारो में बीएमडब्लू इंडस्ट्रीज 1,070 करोड़ से उन्नत कोटिंग वाले स्टील उत्पादों का निर्माण करेगी, जबकि आदित्यपुर में जय सस्पेंशन 255 करोड़ के निवेश से ऑटोमोटिव कंपोनेंट्स बनाएगी। कांड्रा में अमलगम स्टील द्वारा



4,980 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव है और सिंगापुर की सनशाइन ग्लोबल कैपिटल द्वारा 3,000 करोड़ की लागत से एआई डेटा सेंटर स्थापित करने की योजना भी शामिल है। इन परियोजनाओं से राज्य के युवाओं और स्थानीय लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार मिलेगा तथा अत्याधुनिक तकनीकों जैसे EASyMelt और Hisarna के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाकर झारखंड को ग्रीन स्टील और आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है।

# संक्षिप्त खबरें

## बीएलओ से प्रधान ने की मारपीट के मामले में,संघ ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के बूथ संख्या 45 पर बीएलओ के रूप में तैनात शिक्षामित्र विजय कुमार के साथ हुई मारपीट की घटना से जिले का शिक्षक समाज आक्रोशित है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। संघ के जिलाध्यक्ष एवं प्रान्तीय उपाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने बताया कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण निर्वाचन कार्य में लगे कर्मी के साथ इस प्रकार की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। मारपीट में घायल बीएलओ शिक्षामित्र की शारीरिक और मानसिक स्थिति गंभीर बनी हुई है। हालांकि घटना की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। लेकिन अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से पीड़ित परिवार भय के साए में जीवन व्यतीत कर रहा है।उन्होंने कहा कि इस घटना से जिले में निर्वाचन कार्य में लगे अन्य शिक्षक , शिक्षामित्रों व बीएलओ के बीच भी असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो गई है। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि नामजद आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि सभी बीएलओ भयमुक्त होकर अपना कार्य कर सकें और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।इस संबंध में जिला मंत्री योगेन्द्र प्रसाद पाण्डेय एवं जिला कोषाध्यक्ष अभय कुमार श्रीवास्तव ने भी घटना पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपील की है।

## बेतवन्ती बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम जैरवारा में रहने वाले दौलत राम पुत्र बहोरे रजक ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 3 फरवरी को उसका भाई भैय्यन, भाभी फूलाबाई व भतीजा रतिराम मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.एच. 0621 स्पेलेण्डर प्लस लेकर बबीना से तालबेहट आ रहे थे। वह जैसे ही टेकरी कट हाई-वे पर पहुंचे तो सामने से आ रही बस नं. यू.पी.93 बी.टी. 9989 वेतवन्ती के चालक ने तेजी व लापरवाही से बस चलाते हुये उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके भाई, भाभी व भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गये व बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को झांसी रेफर कर दिया गया, जहां उसके भाई भैय्यन को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं भाभी व भतीजे का उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बस चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (बी), 106 (1) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## साबुन के झाग पर पैर फिसला, युवक घायल

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र में रहने वाले संतोष विश्वकर्मा वर्तमान में थाना मड़ावरा के ग्राम सौंरई में निवासरत हैं। बीती देर रात जब संतोष छत पर था, तभी साबुन के झाग पर उसका पैर फिसल गया, जिससे वह करीब 10 फुट ऊंची छत से सीधा नीचे आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल संतोष को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।

## उ.नि. राहुल कुमार निलम्बित

**ललितपुर।** आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती पत्र के निस्तारण में पुरानी फोटो पोर्टल पर अपलोड कर देने के मामले को पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने गंभीरता से लिया है। देर रात एसपी ने थाना बार में तैनात उप निरीक्षक राहुल कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुये विभागीय कार्यवाही प्रचलित करने के आदेश जारी किये है।

# एआईएमआईएम का सुल्तानपुर में प्रदर्शन, SIR प्रक्रिया में धांधली का आरोप

● डीएम से कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सुल्तानपुर** एआईएमआईएम ने बुधवार को सुल्तानपुर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। पार्टी ने एसआईआर (SIR) प्रक्रिया में धांधली का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी (डीएम) को संबोधित एक मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को सौंपा। पार्टी जिलाध्यक्ष सरफराज अहमद द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया है कि जिले में एसआईआर प्रक्रिया के तहत प्रारूप-7 का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हो रहा है। इसमें आरोप लगाया गया है कि ग्राम पंचायत बूथ स्तर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ता बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) पर दबाव बना रहे हैं।

मांग पत्र के अनुसार, भाजपा कार्यकर्ता आपत्तिकर्ता बनकर प्रारूप-7 भरवा रहे हैं और बीएलओ से रसीदें ले रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप, नियमित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं। इसमें बीएलओ की मिलीभगत का भी आरोप लगाया गया है।

एआईएमआईएम ने इसे लोकतंत्र के लिए अत्यंत घातक बताया है। पार्टी का कहना है कि पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य के बिना नाम जोड़ना या काटना अवैध और दंडनीय अपराध है, जिससे क्षेत्र और देशवासियों का अहित हो रहा है। पार्टी ने मांग की है कि सभी बीएलओ को नियमानुसार कार्य करने के दिशा-निर्देश दिए जाएं और उनके कार्यों की पुनरीक्षण किया जाए। साथ ही, दोषियों के खिलाफ दंडनीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

एआईएमआईएम ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा प्रायोजित एबीएलओ (असिस्टेंट बूथ लेवल ऑफिसर) सरकारी कर्मचारी बीएलओ से मिलकर मुस्लिम मतदाताओं के नाम चुनकर दबावपूर्वक हस्ताक्षर करवा रहे हैं। वे काउंटर फाइलें वापस लेकर बीएलओ को दे रहे हैं ताकि संबंधित व्यक्तियों तक पहुंचाया जा सके। पार्टी ने दावा किया कि उनके पास 'एक कुंतल फाइलें' सबूत के तौर पर हैं। उन्होंने मदनपुर के भाजपा ब्लॉक अध्यक्ष का एक वीडियो होने का भी जिक्र किया, जिसमें वह कथित तौर पर दबाव में गलती स्वीकार कर रहे हैं। एआईएमआईएम ने सरकार और प्रशासन से इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

## महिला सुरक्षा और सम्मान सरकार की प्राथमिकता, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई गीता विश्वकर्मा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** 04 फरवरी, 2026 उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती गीता विश्वकर्मा ने बुधवार को सर्किट हाउस सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और उन्हें न्याय दिलाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक लहजे में कहा कि महिला हितों की रक्षा में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जनसुनवाई में जनपद के विभिन्न हिस्सों से आई महिलाओं ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, मानसिक प्रताड़ना और साइबर अपराध से संबंधित अपनी शिकायतें सदस्य के समक्ष रखीं। श्रीमती विश्वकर्मा ने एक-एक शिकायत को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि पीड़ितों को जल्द न्याय मिल सके। बढ़ते डिजिटल अपराधों को देखते हुए माननीय सदस्य ने महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के प्रति विशेष रूप से जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया और इंटरनेट के उपयोग में सावधानी बरतना अनिवार्य है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या ऑनलाइन प्रताड़ना की स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करें। गीता विश्वकर्मा ने महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न आपातकालीन सेवाओं की जानकारी साझा की और निर्भीक होकर शिकायत दर्ज कराने का आह्वान किया। 1090- महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 15100 कानूनी सलाह हेतु, 102/108 स्वास्थ्य एवं एम्बुलेंस सेवा इस महत्वपूर्ण जनसुनवाई के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विद्या देवी, प्रोबेशन अधिकारी इन्द्रावती यादव और अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिद्धार्थनगर में अनियंत्रित होकर स्कूल बस पलटी, बस ड्राइवर और एक महिला हुई घायल

**बस में 30 बच्चे थे सवार सभी हैं सुरक्षित**



**सिद्धार्थनगर,** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के ककरहवा साड्डा चौराहे से नोनहवा की ओर जाते समय बेलहरी के समीप बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलट गई । बस में लगभग 30 स्कूली छात्र सवार थे,जो सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह बस बर्डपुर स्थित सेंट पीटर स्कूल की थी, जो सड्डा से बिलहरी होते हुए बर्डपुर की ओर जा रही थी, बस चालक और बस में सवार एक महिला को मामूली चोटें लगी हैं। दोनों घायलों को उपचार के लिए भेजा गया है।हादसे में बस के कुछ हिस्से को आंशिक क्षति पहुंची है, लेकिन किसी बच्चे को चोट नही आई है।

# चक्कारी भीट गांव में शब-ए-बारात पर भव्य जलसा

● इबादत और दुआओं में डूबा इलाका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** जनपद के बल्दीराय क्षेत्र अंतर्गत चक्कारी भीट में शब-ए-बारात की पवित्र रात के अवसर पर एक भव्य जलसा-ए-शब-ए-बारात का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और रूहानियत के साथ किया गया। यह कार्यक्रम 3 फरवरी 2026, मंगलवार को नमाज़-ए-इशा के बाद शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय मुस्लिम भाई-बहनों ने शिरकत की, शब-ए-बारात, जिसे मगफिरत और अल्लाह की रहमत की रात के रूप में जाना जाता है, इस्लामी कैलेंडर के शाबान महीने की 15 वीं रात को मनाई जाती है। वर्ष 2026 में यह मुबारक रात 3 फरवरी की शाम से शुरू होकर 4 फरवरी तक रही। इस मौके पर देशभर की तरह चक्कारी भीट में भी लोगों ने नमाज़, तौबा, दुआ और कुरआन की तिलावत के जरिए पूरी रात इबादत में गुज़ारी, जलसे में मुख्य खिताब मुफ्ती मुहिब्बुद्दीन साहब (सुल्तानपुर) ने फरमाया। उन्होंने शब-ए-बारात की फजीलत, गुनाहों की माफी और अल्लाह तआला की बेशुमार रहमत पर विस्तार से रोशनी डाली। उनका प्रभावशाली पैगाम सुनकर मौजूद लोग भावविभोर हो उठे और तौबा व नेक अमल का संकल्प लिया।कार्यक्रम का सुंदर संचालन (निजामत) मौलाना गुलाम मुस्तफा कुड़वार और मौलाना शरीफ नवाज कादरी साहब (इसौली) ने किया। वहीं, हाफिज व कारी मोहम्मद फैजान रज़ा साहब (बिहार) की दिल को छू लेने वाली तिलावत-ए-कुरआन से पूरा माहौल रूहानी हो गया। नातख्वानी और शायरी के दौर में शायर-ए-इस्लाम कारी रियाज़ सुल्तानपुरी, शहीदों कौसर (रसूलाबाद, अमेठी), लारेब अख्तर एवं सबरेज़ अख्तर (इसौली) ने बेहतरीन नातें और नज्में पेश कीं, जिनसे श्रोताओं को गहरा रूहानी सुकून मिला। कार्यक्रम की व्यवस्था और निगरानी में गुलफाम अहमद (पत्रकार) सहित गुड्डू, अमरील, अफसार, मंजूर, रिजवान, अरबाज, महफूज, आशिक, मुस्ताक,



आमिर, शाहबाज, राशिद, जीशान, अमरोज, बबलू, दानिश, जबी उल्ला, शान उल्ला, मोहम्मद अहमद, पप्पू, इकरार प्रधान, आदिल, निजाम, सद्दाम, भाई और अमान उल्ला का विशेष योगदान रहा। यह जलसा न केवल शब-ए-बारात की अहमियत को उजागर करने वाला रहा, बल्कि समाज में भाईचारे, एकता और इबादत की भावना को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ। अंत में आयोजकों ने सभी शिरकत करने वालों का आभार जताया और आगामी रमजान माह की तैयारी के लिए दुआएं की गईं। अल्लाह तआला इस मुबारक रात के सदके सबकी दुआएं कबूल फरमाए और हमें मगफिरत व रहमत से नवाजे।

# घटनाओं के सटीक खुलासों के साथ कानपुर पश्चिम में जारी पुलिस का अभियान, अबतक कई शातिर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** यहां पश्चिमी पुलिस की सक्रियता जन समस्याओं की सुनवाई कर उनके समुचित और संतोषजनक निस्तारण के साथ घटनाओं के सटीक खुलासे तथा अपराधियों की अनवरत गिरफ्तारी के अभियान में भी लगातार सफल है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम दिशा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाई करते हुए अब तक जेल भेजे जा चुके दर्जनों अपराधियों के खिलाफ विभिन्न स्थानों में संगीन धाराओं के अनेक मुकदमे भी दर्ज हैं। साथ ही फरार चल रहे अन्य अपराधियों की तलाश भी लगातार जारी है।

अवगत कराते चलें कि अपनी लगातार प्रभावी कार्वाई से जो पश्चिम पुलिस आम जनता में भारी राहत और अपराधियों में जबरदस्त दहशत का कारण बनी है। आजकल उस वेस्ट पुलिस की कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल डीसीपी के रूप में आई पी एस एसएम कासिम आबिदी के हाथ में है।

सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में अनेक शातिर सफेदपोस माफिया अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके जुझारू डीसीपी आई पी एस एसएम कासिम आबिदी के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

इसी के साथ डीसीपी आई पी एस एसएम कासिम आबिदी की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि डीसीपी आई पी एस एसएम कासिम आबिदी की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है। और अपनी चुनौती पूर्ण नियुक्ति के बाद से कानून तथा शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ तथा पीड़ितों के हित में प्रभावी कार्रवाई का उनका यह सिलसिला पश्चिमी क्षेत्र में भी लगातार जारी है, जिससे आम जनता जहां भारी रात महसूस कर रही है। वहीं अपराधियों में जबरदस्त दहशत भी व्याप्त है।

## जूगैल के नए थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार का भव्य स्वागत, बाबा साहब की प्रतिमा भेंट कर किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/जूगैल।** जनपद के जूगैल थाना अध्यक्ष के रूप में जितेंद्र कुमार की नियुक्ति होने पर स्थानीय जनता और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। उनके कार्यभार ग्रहण करने के उपलक्ष्य में क्षेत्र के लोगों ने थाना परिसर पहुँचकर उनका गर्मजोशी से स्वागत और अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने नवागत थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार को फूल-मालाएं पहनाई और अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर विशेष रूप से भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की तस्वीर भेंट की गई, जो न्याय और समानता का प्रतीक है। उपस्थित जनसमूह ने विश्वास जताया कि जितेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में क्षेत्र की कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होगी और अपराधियों पर लगाम लगेगी। सम्मान से अभिभूत थाना अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अपनी कार्ययोजना स्पष्ट की। उन्होंने कहा। पुलिस का मुख्य उद्देश्य आम जनता के मन में सुरक्षा का भाव पैदा करना और अपराधियों में कानून का भय बनाए रखना है। मैं पूरी ईमानदारी और निष्पक्षता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाऊंगा। जनता की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान मेरी पहली प्राथमिकता होगी। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के युवाओं, गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्याम सूरत नायक, सीताराम भारती, राजेश कुमार, शिवम सिंह सहित भारी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## आपरेशन प्रहार के तहत पुलिस को मिली सफलता, 48 लीटर शराब के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद में अपराध व अवैध शराब तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे आपरेशन प्रहार के तहत पुलिस को लगातार सफलता मिली है। थाना भाटपाररानी पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 167 पैक अंग्रेजी शराब कुल 30 लीटर बरामद की। इस मामले में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। वहीं थाना बनकटा पुलिस ने पचरुखिया मोड़ के पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल व 18 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसे बिहार ले जाया जा रहा था। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान चलाया गया। सुबह 5 से 8 बजे तक चले इस अभियान में 19 स्थानों पर 433 व्यक्तियों व 215 वाहनों की चेकिंग की गई।

## अनपरा प्रेस क्लब का द्वितीय स्थापना दिवस कलः जुटेगा दिग्गजों का जमावड़ा

● भव्य आयोजन ऑडिटोरियम में सुंदरकांड, संगोष्ठी और सम्मान समारोह की तैयारी पूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अनपरा, सोनभद्र** 7 04 फरवरी, 2026 प्रेस क्लब अनपरा अपना द्वितीय वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करने के उपलक्ष्य में आगामी 05 फरवरी को भव्य स्थापना दिवस समारोह आयोजित करने जा रहा है। अनपरा तापीय परियोजना के ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर पत्रकारों और स्थानीय प्रबुद्धजनों में भारी उत्साह है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष दीपक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर बहुआयामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। लोकतंत्र की नींव विषय पर एक महत्वपूर्ण वैचारिक गोष्ठी आयोजित की जाएगी। क्षेत्र की प्रतिभाओं और विशिष्ट सेवा देने वालों का सम्मान किया जाएगा। इस गरिमामयी समारोह में शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी और प्रबुद्ध वक्ता शिरकत करेंगे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रेस क्लब के सभी सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं। अध्यक्ष दीपक सिंह ने कहा कि यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि पत्रकारिता के मूल्यों और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को रेखांकित करने का एक



मंच है। कार्यक्रम में क्षेत्र के बुद्धिजीवी और जागरूक मतदाता भी अपनी भागीदारी दर्ज कराएंगे। लोकतंत्र की नींव विषय पर होने वाली संगोष्ठी में वक्ता वर्तमान परिवेश में प्रेस की भूमिका और लोकतांत्रिक मूल्यों पर अपने विचार साझा करेंगे।

## बिठूर महोत्सव में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु एडीसीपी ने किया नानाराव पार्क का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** एडीसीपी यातायात राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा बिठूर महोत्सव के दृष्टिगत नानाराव पार्क का भौतिक निरीक्षण किया गया। सुगम,सुचारु यातायात व पार्किंग व्यवस्था हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान एसीपी यातायात इंद्रप्रकाश सिंह व यातायात निरीक्षक श्री हरिकेश आर्य उपस्थित रहे। इलेक्ट्रिक स्मार्ट सिटी बस डिपो, अहिरवां में सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरुकता कार्यक्रम में यातायात उपनिरीक्षक सतेंद्र पाल सिंह द्वारा बस चालको, परिचालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया व एम्बुलेंस को प्राथमिकता देते हुए रास्ता प्रदान करने का अनुरोध किया।

इस कार्यक्रम में एम0डी0 महेश कुमार, ए0आर0एम0 राकेश कुमार गुप्ता, सलाहकार पी0के0 शर्मा, यातायात उपनिरीक्षक राजेंद्र प्रसाद तिवारी व सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ उपस्थित रहे। कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 08 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

## गोविंद मिश्रा को प्रदेश महासचिव तथा हर्षित सिंह को युवा कांग्रेस का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेसी नेताओं में उत्साह

**देवरिया।** भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस के संगठनात्मक विस्तार के तहत गोविंद मिश्रा को पूर्वी जोन का प्रदेश महासचिव तथा हर्षित सिंह को युवा कांग्रेस का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर जनपद में कांग्रेसी नेताओं व कार्यकर्ताओं में हर्षोल्लास व्याप्त रहा। सूचना मिलते ही कांग्रेसजनों ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कांग्रेस प्रवक्ता व पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश उपाध्यक्ष केशव चंद्र यादव, जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन', पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि इन नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। कांग्रेस नेताओं ने विश्वास जताया कि गोविंद मिश्रा और हर्षित सिंह युवाओं को साथ लेकर पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेंगे।

# सीएम युवा उद्यमी योजना में बैंकों की सुस्ती पर जिलाधिकारी सख्त, उच्चाधिकारियों को पत्र लिखने के निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** सीएम युवा उद्यमी योजना के क्रियान्वयन में बैंकों की उदासीनता पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है। सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में आज आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कई बैंकों द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष एक भी ऋण वितरित न किए जाने पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताई और स्पष्ट कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा में सामने आया कि यस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक और बंधन बैंक को वित्तीय वर्ष 2025-26 में 40-40 युवाओं को ऋण देने का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन इन बैंकों द्वारा अब तक एक भी लोन डिसबर्स नहीं किया गया। वहीं आईडीबीआई बैंक ने 40 के लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 7 तथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने 40 के सापेक्ष महज 6 लोन ही डिसबर्स किए हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने 40 के लक्ष्य के सापेक्ष केवल एक लोन दिया है। एक्सिस बैंक ने 200 के लक्ष्य के मुकाबले एक भी लोन डिसबर्स नहीं किया है। एचडीएफसी बैंक ने 210 के लक्ष्य के सापेक्ष 75 तथा आईसीआईसीआई बैंक ने 200 के लक्ष्य के मुकाबले केवल 26 लोन ही वितरित किए हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम युवा उद्यमी योजना युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की सरकार की प्रमुख योजना है, जिसके अंतर्गत बिना गारंटी और सरल प्रक्रिया के माध्यम से युवाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य युवाओं को नौकरी तलाशने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बनाना है,



जिससे स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को गति मिले और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिले।

जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकों के स्थानीय अधिकारी योजना को लेकर गंभीर नहीं हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन बैंकों का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है, उनके उच्च स्तरीय अधिकारियों को पत्र भेजकर स्थिति से अवगत कराया जाएगा और आवश्यक कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

# मारपीट व अपमानित करने के मामले में हुयी सजा

● दस साल पहले सरकारी लोहिया बस रोककर की थी मारपीट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** इकतीस अगस्त 2016 को झांसी बस डिपो की सरकारी लोहिया बस नम्बर यू.पी.93 ए.टी. 7160 को लेकर बालाबेहट से झांसी ले जाते समय ग्राम बम्हौरीवंशा के निकट दबंगों ने बस को रोका और ड्राईवर व परिचालक से मारपीट करते हुये जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया गया था। इस प्रकरण में बस डिपो के परिचालक जिला फतेहपुर के असोथर आकूपुर निवासी अशोक कुमार की तहरीर पर पुलिस ने महेन्द्र यादव व सोनू यादव पुत्रगण कमल सिंह यादव व एक अज्ञात के खिलाफ आईपीसी की धारा 353, 332, 323, 504, 506 व एससी एसटी एक्ट की धारा 3(1)(10) के तहत एफआईआर दर्ज करायी गयी थी। इस प्रकरण में डीजीपी लखनऊ के आदेश, एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देशन में चलाये जा रहे अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने के अभियान के तहत ग्राम बम्हौरीवंशा निवासी महेन्द्र यादव पुत्र कमल सिंह यादव को सजा दिलायी गयी है। बताया गया है कि थाना बालाबेहट में दर्ज अभियोग में डेडीकेटेड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपरोक्त प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी जिसमें थाना बालाबेहट पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए 02 फरवरी 2026 को न्यायालय एडीजेध्एससीएसटी एक्ट महेन्द्र यादव को दोषी पाते हुए 03 वर्ष के कारावास की सजा व 10 हजार रूपये की धनराशि के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी के संगठित गिरोह का पर्दाफाश, 07 अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** वादी निवासी कुसुवापुर बाजार थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ द्वारा बताया गया कि वह थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत कुसुवापुर बाजार छाछामऊ में टायनी शाखा संचालित करता है। बीते 27 जनवरी 2026 की सायं दुकान बंद कर घर चले जाने के पश्चात् 28 जनवरी 2026 को प्रातः दुकान खोलने पर शटर खुला मिला तथा अज्ञात चोरों द्वारा इन्वर्टर, बैटरी, सीसीटीवी कैमरा एवं गुलक में रखी नकद धनराशि चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना नवाबगंज में अज्ञात चोर का अभियोग पंजीकृत किया गया।थाना प्रभारी नवाबगंज संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना नवाबगंज के उप निरीक्षक मिथिलेश राजपूत मय हमराह उ0नि0 गुलाब सिंह, उ0नि0 शिशिर सिंह व स्पेशल टीम प्रतापगढ़ के हे0का0 महेश कुमार सिंह, हे0का0 कमलेश सिंह यादव, का0 विरेन्द्र, का0 सुनिल यादव द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुकदमा से संबंधित 07 अभियुक्तों को 11 बैट्ररी, 06इन्वर्टर,01 स्टेपलाईजर एवं घटना में प्रयुक्त अल्टो कार, चोरी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण के साथ थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत भिन्न-भिन्न स्थान-गोलहन का पुरवा अस्थान के दाहिने नहर पटरी के पास पुलिया पर 05 अभियुक्त व कुशुवापुर जनवामऊ रोड पर पुराने स्कूल के खण्डहर के पास से 02 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये। बरामद सामानों का अनुमानित मूल्य 225000 रूपये बताया गया है।

### श्री राम कथा में चारों भाइयों के जन्म प्रसंग सुनकर झूमे श्रद्धालु, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे



**सिद्धार्थनगर,** भनवापुर क्षेत्र के बुढ़ऊ चौराहे पर आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के पांचवें दिन मंगलवार की रात श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। श्रीधाम अयोध्या से पधारी प्रसिद्ध कथावाचिका कनकेश्वरी देवी ने प्रभु श्रीराम सहित चारों भाइयों भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के जन्म की दिव्य कथा का अत्यंत भावपूर्ण और विस्तार से वर्णन किया। कथा सुनते ही पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयकारे गूंजने लगे। कथावाचिका कनकेश्वरी देवी ने बताया कि जब अयोध्या नरेश राजा दशरथ के यहां चारों पुत्रों का जन्म हुआ तब संपूर्ण अयोध्या नगरी आनंद और उत्सव में डूब गई। देवताओं ने पुष्पवर्षा की, गंधर्वों ने गायन किया और धरती पर धर्म की विजय का संदेश फैल गया। उन्होंने कहा कि प्रभु राम का जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि मर्यादा, सत्य और करुणा के अवतरण का प्रतीक है। भरत त्याग की, लक्ष्मण सेवा की और शत्रुघ्न कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देते हैं। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही चारों भाइयों के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा। आयोजक इन्द्र जीत उपाध्याय, अमित श्रीवास्तव, मस्तराम वर्मा, अन्नू त्रिपाठी, अखिलेश श्रीवास्तव, विजय उपाध्याय आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मजदूरी मांगने पर ग्राम प्रधान ने महिला के साथ अभद्रता एवं जाति सूचक गालियां दी



**घाटमपुर।** कानपुर नगर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना घाटमपुर क्षेत्र अंतर्गत इटर्रा गांव के ग्राम प्रधान राधेश्याम तिवारी द्वारा मजदूर महिला मंजू देवी ने अपनी मजदूरी के पैसे मांगे तों दबंग ग्राम प्रधान राधेश्याम तिवारी ने महिला को अभद्रता एवं जाति सूचक गालियां दी, महिला मंजू ने बताया कि गौशाला के काम के पैसे 18000 रूपए व इटरलाकिन्ग के 28000हजार रूपए कुल 46000 हजार रुपए हुए थे जिसमें बीच में बमुश्किल से 10000 हजार रुपए दिए थे, जो कि हम अपनी मजदूरी के रुपए मांगते हैं तों ग्राम प्रधान गाली गलौज करता है और अभद्र भाषा का प्रयोग करता है महिला मंजू देवी कोरी ने घाटमपुर थाने पहुंच कर अपनी तहरीर हल्का इंचार्ज रामशिरोमणि यादव को देते हुए बताया कि हमारा पैसा ग्राम प्रधान से दिलाया जाए आज कमिश्नरेट जाकर वहां पर शिकायत दूंगी और एक शिकायत पत्र जिलाधिकारी को दूंगी।

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय द्वारा केंद्रीय बजट 2026: अवसर एवं चुनौतियाँ विषय पर विशेष सत्र का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर,** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु के वाणिज्य संकाय द्वारा केंद्रीय बजट 2026 पर एक विचार-विमर्श सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य छात्रों एवं शिक्षकों को बजट की प्रमुख घोषणाओं, प्राथमिकताओं तथा भारतीय अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभावों की गहन जानकारी प्रदान करना था। इस सत्र में राजकोषीय नीति, कर सुधार, सरकारी व्यय, तथा इनके व्यापार, उद्योग और आर्थिक विकास पर पड़ने वाले प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। संकाय सदस्यों ने बजट 2026 में अवसंरचना, शिक्षा, रोजगार सृजन, एमएसएमई, डिजिटल अर्थव्यवस्था एवं सतत विकास से संबंधित प्रावधानों पर प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कविता शाह की प्रेरणा से तथा प्रो. सौरभ, अधिष्ठाता, वाणिज्य संकाय के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्रो. सौरभ ने अपने संबोधन में बजट के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक एवं विकासात्मक प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को देश की आर्थिक प्रगति में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. दीपक बाबू, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग ने की। उन्होंने वाणिज्य के विद्यार्थियों के लिए बजट विश्लेषण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि छात्रों को कर व्यवस्था, सार्वजनिक वित्त एवं आर्थिक नियोजन की व्यावहारिक समझ विकसित करनी चाहिए तथा उद्यमशील बनने का प्रयास करना चाहिए। डॉ. संतोष सिंह, अर्थशास्त्र विभाग ने केंद्रीय बजट 2026 की प्रमुख विशेषताओं पर चर्चा करते हुए अवसंरचना विकास, शिक्षा, रोजगार सृजन एवं एमएसएमई को दिए गए प्रोत्साहन पर विस्तार से जानकारी दी। इसके अतिरिक्त डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र विभाग; डॉ. अखिलेश दीक्षित, विभागाध्यक्ष, बीबीए विभाग एवं सहायक प्राध्यापक; तथा डॉ. प्रदीप पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक, समाजशास्त्र विभाग ने बजट के उद्योग, स्टार्ट-अप्स एवं डिजिटल अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों का विश्लेषण प्रस्तुत किया।

सत्र के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कर सुधार, राजकोषीय अनुशासन एवं बजट से उत्पन्न नए अवसरों पर प्रश्न पूछे। श्री दीपक वर्मा (एमबीए तृतीय सेमेस्टर) एवं श्रीचन्द्र किशोर मिश्रा (एमबीए प्रथम सेमेस्टर) ने केंद्रीय बजट 2026 का आलोचनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत किया। यह सत्र सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक आर्थिक नीति के बीच सेतु स्थापित करने में सफल रहा। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. शिवम शुक्ला, वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम के सुचारु संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. नीरज सिंह, डॉ. दिनेश प्रसाद सहित अन्य संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे। वाणिज्य संकाय ने भविष्य में भी इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की, जिससे छात्र समसामयिक आर्थिक एवं वित्तीय विषयों से निरंतर अपडेट रह सकें।

# कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन से नौबस्ता अब सिर्फ 15 मिनट में सफर, मैट्रो

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** मैट्रो का सेंट्रल रेलवे स्टेशन से नौबस्ता तक ट्रायल रन बुधवार को शुरू हुआ, सुबह 11 बजे यूपी मैट्रो रेल कारपोरेशन,,यूपीएमआरसी, , के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार के नेतृत्व में मैट्रो अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ट्रेन नौबस्ता के रवाना हुई,यह ट्रायल रन लगभग चार घंटे तक चलेगा, इस रूट पर मैट्रो के संचालन से 10 लाख की आबादी का सफर आसान होगा, ट्रायल रन के दौरान एमडी सुशील कुमार ने मैट्रो के अंदर विभिन्न तकनीकी और संचालन संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली, उन्होंने पायलट कोच में प्रवेश कर सबसे पहले ट्रेन के संचालन और तकनीकी प्रणालियों पर अधिकारियों से चर्चा की,, जैसे ही मैट्रो पहले स्टेशन झकरकटी पहुंची,,एमडी ने ट्रेन को रूकवाकर स्टेशन के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण किया और उपलब्ध सुविधाओं की जांच की, इसके बाद किदवई नगर स्टेशन सहित मार्ग के सभी सात स्टेशनों का निरीक्षण किया जाएगा,पूरे ट्रायल रन के दौरान एमडी लगातार अधिकारियों से फीड बैक लेते रहे,आठ किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर पर कुल सात स्टेशन हैं, नौबस्ता तक ट्रायल रन पूरा होने के बाद एमडी सुशील कुमार अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे, मीडिया मैनेजर निहाल के अनुसार ट्रायल रन लगभग चार घंटे तक चलेगा,, कानपुर सेंट्रल से नौबस्ता तक मैट्रो की दूरी लगभग आठ किलोमीटर है,, इसमें करीब तीन किलोमीटर अंडर ग्राउंड सेक्शन शामिल है,जो कानपुर सेंट्रल से स्वदेशी काटन मिल तक फैला है, इसके बाद बारादेवी से नौबस्ता तक लगभग-लगभग साढ़े पांच किलोमीटर का एलिवेटेड सेक्शन हैं एलिवेटेड हिस्से में ट्रैक बिछाने का काम पूरी तरह से पूरा हो चुका है।

### चौरी-चौरा घटना की 104वीं वर्षगांठ पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**देवरिया।** चौरी-चौरा घटना की 104वीं वर्षगांठ पर भाजपा किसान मोर्चा देवरिया नगर मंडल द्वारा रामलीला मैदान स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने अमर बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि चौरी-चौरा एक्शन के महान क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर स्वतंत्रता आंदोलन में नई चेतना और निर्णायक दिशा दी। उन्होंने बताया कि इस घटना के बाद महात्मा गांधी ने 1920 में प्रारंभ असहयोग आंदोलन को वापस ले लिया था। अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को राष्ट्र सदैव स्मरण रखेगा। कार्यक्रम में अरुण मिश्र, डॉ. विनोद पाण्डेय, गोलू सिंह, विजेंद्र चौहान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कार्य परिषद के अनुमोदन से सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के 22 शिक्षकों का हुआ प्रोन्नति

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर,** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर की कार्य परिषद की बैठक में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, शोध एवं संस्थागत विकास से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय में कार्यरत 19 सहायक आचार्यों को लेवल-10 से लेवल-11 में प्रोन्नति तथा 3 एसोसिएट प्रोफेसरों को प्रोफेसर पद पर पदोन्नति प्रदान किए जाने का अनुमोदन कार्य परिषद द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कविता शाह ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में कार्यरत सभी शिक्षक पूरी लगन, निष्ठा और टीम भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह ऊर्जावान अकादमिक टीम विश्वविद्यालय को शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी तथा शिक्षक निरंतर रचनात्मक और नवोन्मेषी कार्य करते रहेंगे।

विजिट है कि विगत दिनों असिस्टेंट प्रोफेसर का लेवल 10 से लेवल है 11 एवं एसोसिएट प्रोफेसर का प्रोफेसर पद पर प्रोन्नति हेतु स्क्रीनिंग एवं चयन समिति ने साक्षात्कार के उपरांत अपनी संस्तुति बंद लिफाफे में प्रस्तुत किया था, जिस कार्य परिषद की बैठक में अनुमोदन हेतु खोला गया।

कार्य परिषद की बैठक में ही पाठ्यक्रमों एवं अध्ययन- अध्यापन में AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एवं आधुनिक तकनीकों की सकारात्मक भूमिका पर भी विशेष चर्चा की गई। कार्य परिषद में यह प्रस्ताव रखा गया कि AI के माध्यम से अध्ययन एवं शोध को अधिक प्रभावी बनाने हेतु कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षकों के माध्यम से शिक्षकों को तकनीकी रूप से प्रशिक्षित किया जाए, जिससे शैक्षणिक प्रविधियों के माध्यम से विषय-वस्तु को अधिक सुगम, रोचक एवं अधिगमपरक बनाया जा सके। इसके साथ ही कार्य परिषद ने विश्वविद्यालय परिसर में सस्टेनेबिलिटी ऑफिस की स्थापना के प्रस्ताव को भी अनुमोदन प्रदान किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. कविता शाह ने कहा कि सस्टेनेबिलिटी ऑफिस सतत विकास की अवधारणा को केंद्र में रखते हुए शोध, नवाचार, पाठ्यक्रम विकास, रोजगारोन्मुख कार्यक्रम एवं शिक्षांतर गतिविधियों को एक समन्वित और सुदृढ़ दिशा प्रदान करेगा, जिससे विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं सामाजिक उपलब्धियों में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

उत्तर प्रदेश राजभवन के निर्देशों के क्रम में विश्वविद्यालय में डाटा बैंक/डाटा सेंटर की स्थापना के प्रस्ताव पर भी कार्य परिषद ने अनुमोदन प्रदान किया। इसके अतिरिक्त भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र की स्थापना संबंधी आईसीसी की संस्तुति को भी कार्य परिषद द्वारा स्वीकृति दी गई। बैठक में कुलसचिव डॉ. अश्वनी कुमार, परीक्षा नियंत्रक दीनानाथ यादव, वित्त अधिकारी रामेंद्र मौर्य, संकायाध्यक्ष कला प्रो. नीता यादव, संकायाध्यक्ष विज्ञान प्रो. प्रकृति राय, कुलानुशासक प्रो. दीपक बाबू सहित कार्य परिषद के सदस्य पूर्व न्यायधीश न्यायमूर्ति अनिरुद्ध सिंह, प्रो. अरविंद कुमार सिंह, प्रो. बृजेश त्रिपाठी, प्रो. एस.पी. सिंह एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# पहले संबंध बनाए फिर शादी रूकवा कर, धर्मपरिवर्तन का दबाव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**घाटमपुर।** घाटमपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी को एक मुस्लिम युवक के द्वारा उसे प्रेम जाल में फंसाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने और बाद में उसकी शादी तय होने पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने का मामला सामने आया है, पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, पुलिस की टीमें अन्य साथियों की तलाश में जुटी है, घाटमपुर थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी ने घाटमपुर थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 16 वर्ष की थी,,तभी गांव निवासी आमिर जैदी पुत्र हैदर अली ने उसे प्रेमजाल में फंसा लिया, इसके बाद आरोपी ने उसके निजी वीडियो बना लिए,और उन्हें वायरल करने की धमकीं देकर उसके साथ लगातार संबंध बनाता रहा,बदनामी के डर से,वह चुप रहीं,अब किशोरी की फरवरी माह में उसी की बिरादरी के युवक के साथ शादी तय होने के बाद आरोपी अपने साथी शनी अब्बास रिजवी,और अख्तर अंसारी, के साथ मिलकर उस पर दबाव बनानें लगा, पीड़िता का आरोप है कि आरोपी जबरन हिंदू धर्म छोड़कर मुस्लिम धर्म अपनानें को कह रहा है,साथ ही उसकी निजी फोटो इंस्टाग्राम पर अपलोड करने और हिंदू समाज में अश्लील चिट्ठियां बांटने की धमकीं दी जा रही है,जब धमकीं नहीं मानी तो मेरी होने वाली ससुराल जाकर, आमिर जैदी, अख्तर अंसारी, द्वारा ससुराल के मुहल्ले में, मेरे परिवार के सदस्यों को बदनाम करने के लिए अश्लील



चिट्ठी बांट दी,, इसके बाद मेरे होने वाले पति को मिलने बुलाया, और कहां कि तुम्हारी जान जा सकती है, जिससे ससुराल वाले भी डरे सहमें हुएं हैं, पुलिस ने तहरीर के आधार पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है, घाटमपुर एसीपी क्रष्ण कान्त यादव ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जां रहीं हैं, एसीपी क्रष्ण कान्त यादव ने बताया कि पुलिस की टीमें अन्य साथियों की तलाश में जुटी है।

### कृमि मुक्ति दिवस को लेकर प्रशिक्षित हुई आशा बहुएं



**सिद्धार्थनगर।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बर्डपुर में बुधवार को बीसीपीएम राजकुमार के द्वारा 10 फरवरी से चलने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के बारे में आशा बहुयों को प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षण के दौरान बीसीपीएम द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस में 1 से 19 वर्ष के आयु के बच्चों को दवा खिलाने के बारे में जानकारी दी गई और छुटे हुए बच्चों को 13 फरवरी को माप दिवस में दवा खिलाने के बारे में जानकारी दी गई , इसमें बताया गया की क्षेत्र में यदि कोई ईंट भट्ठा और घूमंतू परिवार है और उनके साथ ही उस उम्र के बच्चे को भी दवा खिलाना है।

### मण्डलायुक्त प्रयागराज ने एसआईआर अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय व पंचायत भवन राजगढ़ का किया निरीक्षण



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** मंडलायुक्त प्रयागराज सौम्या अग्रवाल ने प्राथमिक विद्यालय राजगढ़ व पंचायत भवन राजगढ़ में जाकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों से अनमैप्ड मतदाताओं तथा डिफेक्टिव फोटो वाले प्रकरणों की अलग से जानकारी ली। तार्किक विसंगति के अंतर्गत मैपिंग की आवश्यकता वाले मतदाताओं को नोटिस निर्गत करने तथा उनकी सुनवाई से संबंधित की जा रही कार्यवाही के बारे में भी पूछा। उन्होंने सभी बीएलओ एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की ओर से दी गई कई सूचनाओं का गणना प्रपत्रों से सत्यापन करते हुए किसी भी माध्यम से फार्म-6 प्राप्त होने पर उन्हें तत्काल अपलोड कराते हुए फील्ड वेरिफिकेशन रिपोर्ट समय से जमा कराने के निर्देश दिए। मतदाता सूची में नाम, आयु, लिंग आदि संबंधित त्रुटि के साथ फोटो धुंधली, काली, आकार में छोटी या अत्यधिक पुरानी पाए जाने पर संशोधन हेतु फार्म-8 घोषणा-पत्र भरवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, उपजिलाधिकारी तनवीर अहमद उपस्थित रहे।

### मण्डलायुक्त प्रयागराज ने एसआईआर के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** मंडलायुक्त प्रयागराज सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य एसआईआर अभियान के अंतर्गत मतदाता सूची के अद्यतीकरण कार्यों की समीक्षा करना तथा राजनीतिक दलों से फीडबैक प्राप्त करना रहा। बैठक के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान कुछ प्रतिनिधियों द्वारा यह अवगत कराया गया कि जनपद के कुछ मतदान केंद्रों पर फार्म-6 की उपलब्धता में कमी के कारण नए मतदाताओं के पंजीकरण में कठिनाई आ रही है।

इसके अतिरिक्त कुछ क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा कार्यों में अपेक्षित गंभीरता न बरतने की भी शिकायतें सामने आई। राजनीतिक दलों की बातों को गंभीरता से लेते हुए मंडलायुक्त प्रयागराज सौम्या अग्रवाल ने मौके पर ही समस्त उपजिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपने-अपने तहसील क्षेत्रों में फार्म-6 की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि राजनीतिक दलों द्वारा उठाई गई सभी शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेते हुए उनका शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण कराया जाय।

अंत में जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एसआईआर अभियान की सफलता में राजनीतिक दलों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक सहयोग से जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य पारदर्शी, निष्पक्ष एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराया जा रहा है। बैठक में विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, अपर आयुक्त प्रयागराज जयजीत कौर, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा सन्तोष कुमार सिंह व उपजिलाधिकारीगण सहित राजनैतिक दलों में भाजपा से राजेश सिंह व पारसनाथ, सांसद प्रतिनिधि बीएल वर्मा, विधायक सदर प्रतिनिधि अरूण मौर्य, कांग्रेस से डा0 नीरज त्रिपाठी व मो0 हुजैफ, बहुजन समाज पार्टी से सादिक अली व अश्विनी कुमार, सपा से गुलफाम खां व अश्वनी सोनी, आम आदमी पार्टी से दिनेश उपाध्याय, अपना दल से ज्ञानेन्द्र वर्मा, परमानन्द मिश्र व निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर किया प्रदर्शन, जमकर हुई नारेबाजी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** बुधवार को आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएशन के बैनरतले अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को लेकर लखनऊ की तहसील मोहनलालगंज में बुधवार को आवाज बुलन्द हुई। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के आह्वान पर राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश साथियों सहित दोपहर तहसील परिसर पहुंचे। यहां महासचिव अनिल कुमार तिवारी की अगुवाई में बार एसोसिएशन भवन के सामने एकजुट हुए वकीलों ने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की। अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि लखनऊ समेत कई जिलों में रोज अधिवक्ताओं पर जानलेवा हमले हो रहे हैं। उन्होने कहा कि ऐसे में सरकार को अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक पारित कराया जाना चाहिए। वहीं उन्होने संघर्ष में योगदान के लिए तहसील के अधिवक्ताओं को सम्मान पत्र भी प्रदान किया। आमसभा की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेन्द्र शुक्ला व संचालन महामंत्री रामलखन यादव ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा, अवधेश प्रताप सिंह, धीरेन्द्रचंद्र तिवारी, अम्बरीश यादव, सतीश कुमार, विजय बहादुर, कालीशंकर चौरसिया, वेद प्रकाश मिश्र, राजकिशोर सिंह, किरन कुमारी, अरविंद रावत, संतोष यादव, अरूण कुमार विश्वकर्मा आदि अधिवक्ता रहे।

### टैंकर चालक पर दर्ज हुआ मुकदमा, गिरफ्तार

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के खजुरी में मंगलवार दोपहर स्कूली बस में पीछे से तेल टैंकर के टक्कर मार देने से बच्चों के घायल होने की घटना को लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपी चालक को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई कर रही है। लालगंज नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में बीते मंगलवार को दोपहर छुट्टी होने के बाद छात्र छात्राओं को लेकर उनके घर छोडने के लिए जा रही बस खजुरी गांव के पास हाइवे किनारे बच्चों को उतारने के लिए रुकी। इसी दौरान पीछे से आ रहे टैंकर ने अनियंत्रित होकर बस में जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में अचानक टक्कर लगने से स्कूली बस सडक किनारे गडढे में जा गिरी। इससे बस में सवार कुल तीस बच्चों में से आठ बच्चे घायल हो गये थे। वहीं अन्य बच्चों को मामूली चोटें आयी थी। गंभीर रूप से घायल छात्र हरिओम सिंह को चिकित्सकों ने रेफर कर दिया था। घटना को लेकर प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने अज्ञात टैंकर चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी। एसएसआई अरूण कुमार सिंह का कहना है कि मामले में टैंकर चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते दुर्घटना करने का केस दर्ज किया गया है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### कैंसर पीड़ित विजय जयसवाल की सहायता के लिए आगे आई टीम निशा बबलू सिंह मानवता की मिसाल

#### ● मजदूरी कर परिवार पालने वाले विजय जायसवाल को कैंसर ने घेरा, टीम निशा बबलू सिंह बनी सहारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सोनभद्र।** 3 फरवरी, 2026 जनपद सोनभद्र में सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति बन चुकी टीम निशा बबलू सिंह ने एक बार फिर मानवता का फर्ज निभाते हुए समाज के सामने एक मिसाल पेश की है। पिपरी निवासी सीबू रिजवान द्वारा सोशल मीडिया पर अपने पड़ोसी की दयनीय स्थिति के बारे में साझा की गई मार्मिक पोस्ट का संज्ञान लेते हुए, टीम ने एक अत्यंत गरीब कैंसर पीड़ित परिवार की ओर मदद का हाथ बढ़ाया है। जानकारी के अनुसार, पिपरी निवासी विजय जायसवाल (उम्र 58 वर्ष) एक स्थानीय होटल में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उन्हीं की मेहनत से उनकी पत्नी और दो बच्चों का पालन-पोषण हो रहा था। लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था विजय जी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की चपेट में आ गए। आज, 3 फरवरी को जब टीम निशा बबलू सिंह के सदस्य उनके आवास पर पहुँचे, तो वहां का दृश्य अत्यंत हृदयविदारक था। बीमारी अब अपने अंतिम चरण पर पहुँच चुकी है और घर की आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमरा गई है। पिता के बीमार होने से न केवल आय का स्रोत बंद हो गया है, बल्कि दोनों बच्चों के भविष्य और उनकी शादी को लेकर भी चिंता के बादल मंडरा रहे हैं। विजय जायसवाल जी की शारीरिक वेदना और परिवार की लाचारी को देखते हुए टीम के सदस्यों ने बिना विलंब किए उन्हें तत्काल नकद आर्थिक सहायता प्रदान की। इस राशि से उनकी दवाइयां और जरूरी मेडिकल चेकअप सुनिश्चित कराए जाएंगे। टीम ने दृढ़ संकल्प व्यक्त किया है कि 15 फरवरी के बाद उनके उपचार और बच्चों के सहयोग के लिए समिति सामूहिक रूप से हर संभव कदम उठाएगी। इस अवसर पर टीम के सदस्यों ने भावुक होते हुए कहा शास्त्रों में




कहा गया है कि मानव जीवन 84 लाख योनियों के बाद बड़ी कठिनाई से प्राप्त होता है। इस जीवन की सार्थकता तभी है जब हम हिंदू सनातन धर्म के मूल्यों का पालन करते हुए एक-दूसरे की पीड़ा को साझा करें। सेवा, समर्पण और त्याग ही हमारी समिति का मूल मंत्र है और एक इंसान का दूसरे के काम आना ही ईश्वर की सच्ची इबादत है। टीम निशा बबलू सिंह ने समाज के प्रबुद्ध, संपन्न और सक्षम नागरिकों से अपील की है कि वे विजय जायसवाल जी के उपचार और उनके बच्चों के भविष्य के लिए आगे आएं। कैंसर जैसी विकराल बीमारी से लड़ना किसी एक व्यक्ति के बस की बात नहीं, इसमें पूरे समाज की एकजुटता और सहभागिता आवश्यक है।

## संक्षिप्त खबरें

### शब ए बरात की रातभर इबादत में मशगूल रहे नमाज़ी अल्लाह से मांगी गुनाहों की माफी



**नई दिल्ली,** मुस्लिम समाज ने शब ए बारात का पर्व अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। इस्लाम की चार सबसे मुक़द्दस पवित्र रातों में से एक मानी जाने वाली इस रात को लोगों ने सुबह तक आल्हा की इबादत और पूर्वजों की याद में बिताया। दिल्ली में मंगलवार की शाम से सड़कों पर चहल-पहल बढ गई। मस्जिदें और कब्रिस्तान रंगीन रौशनी से जगमगा गए। कब्रिस्तान में पहुंचे लोगों ने मरहूम की कब्रों पर फूल चढ़ाएं। लोगों ने अपने पूरखो की कब्रों के आसपास अगरबत्तियां जलाई कब्रिस्तान के चारों तरफ हवाओं में खुशबू समाई रही।फातिहा पढ़कर उनकी मगफिरत के लिए दुआ की। सबसे ज्यादा भीड़ जमा मस्जिद में देखी गई।ईशा की नमाज से मस्जिद, फतेहपुरी मस्जिद, बड़ा हिंदूराव, इंद्रलोक, रनवीर नगर, उत्तम नगर, ज़खीरा, कर्म पुरा, शास्त्री पार्क, जफराबाद, सहित अन्य मस्जिदों में शुरू हुआ इबादत का सिलसिला बुधवार फज्र की नमाज तक चलता रहा। नमाजियों ने मस्जिदों में सिरातुलशबीह और नफल की नमाज के अलावा कुरान की तिलावत, तस्बीह पर जिक्रे इलाही से अल्लाह से अपने गुनाहों की तौबा की।

### डीएम ने स्वास्थ्य उपकेंद्र का किया औचक निरीक्षण लापरवाही पर एएनएम, सीएचओ और बीसीपीएम का कटा वेतन



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए जिलाधिकारी राजागणपति आर ने सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को विकास खण्ड परसेण्डी के ग्राम गुरईपुर स्थित स्वास्थ्य उपकेन्द्र एवं हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का औचक निरीक्षण किया। वीएचएसएनडी सत्र के दौरान मिली अव्यवस्थाओं पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए कई अधिकारियों व कर्मचारियों के वेतन कटौती के निर्देश दिए, जिससे स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीएचओ अर्चना से वार्ता कर सत्र संचालन, टीकाकरण और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान एएनएम अनुपमा बिना सूचना के अनुपस्थित पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके साथ ही एएनएम की वैक्सीनेशन किट, ड्यूटी रजिस्टर, एचआरपी रजिस्टर और हीमोग्लोबिन मीटर की जांच की गई जिलाधिकारी ने मरीजों के रजिस्टर का अवलोकन करने के साथ दूरभाष के माध्यम से मरीजों से फीडबैक भी लिया। व्यवस्थाएं संतोषजनक न पाए जाने पर सीएचओ अर्चना के वेतन से 5 प्रतिशत कटौती तथा बीसीपीएम पूनम वर्मा का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए वहीं आशा कार्यकत्री बबली एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री राजलली देवी के समय से उपस्थित न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान गर्भवती महिलाओं के रजिस्टर का गहन अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने सीडीपीओ से दूरभाष पर वार्ता कर अव्यवस्थाओं को लेकर कड़ी फटकार लगाई। आशा की अपडेट ड्यूटी लिस्ट की जांच के बाद जब गर्भवती महिला से लिए गए फीडबैक में अनियमितता सामने आई तो जिलाधिकारी ने आशा दीदी को कड़ी फटकार लगाते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सुरेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदारों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी!!

# राहुल गांधी के बयान के विरोध में कांग्रेस मुख्यालय पर दिल्ली भाजपा सिख प्रकोष्ठ का जोरदार प्रदर्शन

● सैकड़ों कार्यकर्ता गिरफ्तार

**सिख सरदार हैं, राहुल गांधी तुम गद्दार हो के नारों से गूंजा अकबर रोड स्मार्ट नेताओं ने कहा–यह पूरे सिख समाज का अपमान**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली,** 4 फरवरी।कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा केंद्रीय राज्य मंत्री सरदार रवनीत सिंह बिट्टू को 'गद्दार' कहे जाने के विरोध में दिल्ली भाजपा के सिख प्रकोष्ठ के नेतृत्व में आज कांग्रेस मुख्यालय, अकबर रोड के बाहर जोरदार रोष प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने किया। बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, विशेषकर सिख प्रकोष्ठ से जुड़े कार्यकर्ता, हाथों में तख्तियां और नारे लगाते हुए सड़कों पर उतरे।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता लगातार 'सिख सरदार हैं, राहुल गांधी तुम गद्दार हो' जैसे नारे लगा रहे थे। उनका कहना था कि राहुल गांधी का बयान केवल एक मंत्री के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह पूरे सिख समाज और उसकी गौरवशाली परंपरा पर सीधा हमला है। प्रदर्शनकारी पहले मानसिंह रोड पर एकत्र हुए, जहां उन्हें प्रदेश अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद श्री योगेन्द्र चांदोलिया, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आर.पी. सिंह, विधायक सरदार तरविंद्र सिंह मारवाह, प्रदेश मंत्री सरदार इमप्रीत सिंह बख्शी तथा सिख प्रकोष्ठ संयोजक सरदार चरणजीत सिंह लवली सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने संबोधित किया। इसके बाद सभी नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय की ओर बढ़े। रास्ते में दो पुलिस बैरिकेड्स पार करने के बाद तीसरे बैरिकेड पर भारी पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को रोक लिया और सैकड़ों कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर बसों में भरकर संसद मार्ग थाने ले जाया गया, जहां से कुछ समय बाद चेतावनी देकर उन्हें छोड़ दिया गया।प्रदर्शन को संबोधित करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि राहुल गांधी का बयान कोई सामान्य राजनीतिक टिप्पणी नहीं है, बल्कि यह कांग्रेस और गांधी परिवार की सिख समाज के प्रति मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा, '1984 में भी कांग्रेस ने सिखों को गद्दार समझा था और आज भी वही सोच सामने आ रही है। आज राहुल गांधी के मुंह से उनके मन के भाव बाहर आ गए हैं सचदेवा ने आगे कहा कि सिख कौम देश के लिए हमेशा बलिदान देती आई है। गुरु श्री गोबिंद सिंह जी की राष्ट्रभक्त परंपरा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी वीर कौम के सिपाही को गद्दार कहना पूरे देश को शर्मसार करने जैसा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी आज तक 1984 की मानसिकता से बाहर नहीं निकल पाई है।भाजपा विधायक सरदार तरविंद्र सिंह मारवाह ने कहा कि राहुल गांधी ने केवल एक मंत्री को नहीं, बल्कि देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले पूरे सिख समाज को अपमानित किया है। उन्होंने कांग्रेस पर 1984 के सिख विरोधी दंगों की याद दिलाते हुए कहा कि आज भी पार्टी की सोच वही है।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार आर.पी. सिंह ने राहुल गांधी के बयान को संसद की गरिमा और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि एक निर्वाचित सांसद, विशेषकर एक सिख नेता, को गद्दार कहना सभ्यता और मर्यादा की सभी सीमाएं पार करने जैसा है। उन्होंने मांग की कि राहुल गांधी को इस बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। सिख प्रकोष्ठ के संयोजक सरदार चरणजीत सिंह लवली ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी का इतिहास सिख समाज के प्रति हमेशा अपमानजनक रहा है। चाहे 1984 का सिख दंगा हो या अन्य धार्मिक मुद्दे, कांग्रेस ने हमेशा सिख समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक राहुल गांधी सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगते, तब तक भाजपा का यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इस प्रदर्शन में प्रदेश पदाधिकारी श्री विष्णु मित्तल प्रवीण शंकर कपूर बृजेश राय संतोष ओझा विनोद सहरावत, सरदार ओंकार सिंह थापड़, सरदार कुलदीप सिंह, निगम पार्षद सरदार अर्जुन सिंह मारवाह, सरदार कुलविंदर सिंह बंटी अमित गुप्ता, सरदार जसमीन सिंह नोनी, सरदार रविन्द्र सोनू, सरदारनी कुलजीत कौर, सरदारनी प्रीति सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।भाजपा नेताओं ने साफ कहा कि सिख समाज के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इस मुद्दे पर कांग्रेस को जवाब देना ही होगा।

### आगामी त्योहार महाशिवरात्रि को लेकर सुरियावा कोतवाली परिसर में पीस कमेटी बैठक का आयोजन



**भदोही** /सुरियावां 4 फरवरी 2026 बुधवार को उच्च अधिकारियों के निर्देशन में सुरियावा कोतवाली परिसर में थाना अध्यक्ष मनीष द्विवेदी के द्वारा आगामी पर्व महाशिवरात्रि को लेकर बैठक किया गया जिसमें क्षेत्र संभ्रांत व्यक्तियों एवं धर्मगुरु व आयोजक संग बैठक कर समस्याओं के बारे में जानकारी लिया ताकि समय से पहले समस्याओं का समाधान किया जा सके इस मौके पर उन्होंने बताया कि शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन करना सुनिश्चित तरीके से करना अनिवार्य है इस मौके पर आयोजकयो से शिव बारात व निकलने वाली झांकियां के बारे में विस्तृत जानकारी लिया लिया तथा बताया कि पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण सौहार्दपूर्ण रूप से मनाये किसी भी प्रकार की शर्त को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सुरक्षा की दृष्टि से हर मंदिर एवं शिवालयों में महिला एवं पुरुष फोर्स की ड्यूटी लगाई गई है इस मौके पर चौकी इंचार्ज अभिया चौकी इंचार्ज पाली अवधेश कुमार उमर उमर अनिल सिंह राकेश वर्मा राजा बाबू कैलाश सरोज जयशंकर उर्फ नानक सुरेंद्र विश्वकर्मा उमाशंकर अश्वनी साहू सहित काफी संख्या में लोग लोग मौजूद रहे।

### योग दर्शन और नेतृत्व विकास कोर्स का सफल आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
प्रदीप यादव

**दिल्ली** विश्वविद्यालय के शहीद भगत सिंह ईवनिंग कॉलेज ने विवेकानंद केंद्र दिल्ली के सहयोग से आयोजित 45-घंटे के लीडरशिप डेवलपमेंट सर्टिफिकेट कोर्स के अंतर्गत योग एवं दर्शन मॉड्यूल को सफलतापूर्वक संपन्न किया इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सेंटर फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट एवं प्रक्रम-द स्पोर्ट्स सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो अरुण अत्री ने अपने उद्बोधन में विवेकानंद केंद्र के प्रयासों की सराहना करते हुए इसके योगदान की विशेष प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि केंद्र के मार्गदर्शन से छात्रों को अपनी शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं को पहचानने और विकसित करने का महत्वपूर्ण अवसर मिला।

साथ ही उन्होंने आयोजकों एवं प्रतिभागियों को इस प्रकार के प्रयासों को निरंतर जारी रखने हेतु पूर्ण समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान किया। विवेकानंद केंद्र, दिल्ली के उपप्रमुख डॉ. निखिल यादव ने अपने वक्तव्य में छात्रों को एक महान विचार का स्वप्न देखने उसी को जीने तथा अपने संपूर्ण व्यक्तित्व में उसे आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने सशक्त चरित्र निर्माण के लिए ईमानदारी और जवाबदेही के महत्व पर भी विशेष बल दिया कार्यक्रम के समन्वयक प्रोफेसर अमित सोनी ने योग को केवल आसन और प्राणायाम तक सीमित न मानते हुए उसके व्यापक दार्शनिक अर्थ को स्पष्ट किया तथा छात्र के सर्वांगीण विकास में योग की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम के समापन दिवस पर लगभग 60 छात्रों एवं प्राध्यापकों द्वारा सामूहिक रूप से 108 सूर्य नमस्कारों के महायज्ञ का आयोजन किया गया। अनुशासन, समर्पण और उत्साह के साथ किए गए इस अभ्यास ने नेतृत्व, टीमवर्क और योगिक मूल्यों की सशक्त अभिव्यक्ति प्रस्तुत की। यह आयोजन योग दर्शन और राष्ट्रीय मूल्यों पर आधारित समेकित शिक्षा के सकारात्मक प्रभाव को उजागर करता है दिल्ली विश्वविद्यालय के अनोखी पहल से छात्र उत्साहित हुए।

## दिल्ली के ग्रेटर कैलाश में आयोजित हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन, शामिल हुए हजारों सनातनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता
स्वतंत्र सिंह भुल्लर



**दिल्ली** में इन दिनों हिंदू समाज को संगठित करने, सांस्कृतिक चेतना जागृत करने और राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श हेतु 2000 से अधिक हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 1 फरवरी 2026 को ग्रेटर कैलाश पार्ट-2 स्थित सनातन धर्म मंदिर में एक भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम का आयोजन ग्रेटर कैलाश क्षेत्र और अलकनंदा अपार्टमेंट्स के स्थानीय नागरिकों द्वारा किया गया।इस सम्मेलन का मूल उद्देश्य यह संदेश देना था कि हिंदू समाज ही समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाने की क्षमता रखता है, और इसके लिए 'पंच परिवर्तन' को व्यवहार में उतारना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के सचिव पुष्कर सिन्हा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पंच परिवर्तन केवल एक विचारधारा नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के पुनर्निर्माण का व्यावहारिक मार्ग है, जिसे प्रत्येक हिंदू को अपने दैनिक जीवन में अपनाना होगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10:30 बजे शिव पंचाक्षर स्तोत्र से हुई। इसके पश्चात सद्गुरु डॉ. चारुदत्त पिंगळे ने हिंदुत्व विषय पर प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि हिंदुत्व जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है और हमें अपनी ज्ञान परंपरा को समझते हुए झूठे नैरेटिव से बाहर निकलना होगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि 'जो जीता वही सिकंदर' जैसे वाक्य भारतीय इतिहास और चेतना के विपरीत हैं, क्योंकि भारत में विजेता चंद्रगुप्त मौर्य थे, न कि सिकंदर। इसी प्रकार कुछ प्रचलित कहावतों और धारणाओं पर पुनर्विचार करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपने शब्दों और विचारों को भारतीय संस्कृति और राष्ट्रहित के अनुरूप ढालना होगा। इसके बाद ताल वाद्य समुच्चय (परकशन एन्सेम्बल) तथा कलारीपयट्टू जैसे शारीरिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनों ने विशेष रूप से युवाओं का उत्साह बढ़ाया।

बड़ी संख्या में युवाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, योग प्रदर्शन और मार्शल आर्ट प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में श्री पीपल बाबा, अश्वनी खुराना एवं डॉ. राज मिश्रा ने अपने विचार रखे। इस सत्र का संचालन पुष्कर सिन्हा द्वारा किया गया। वक्ताओं ने पर्यावरण को बचाने के लिए व्यक्तिगत और सामूहिक दायित्वों पर बल दिया और प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीने का संदेश दिया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर क्षेत्र सह सेवा प्रमुख मिथलेश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि संघ ने स्थापना काल से ही सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी है। कोरोना काल में करोड़ों स्वयंसेवकों द्वारा किया गया सेवा कार्य हिंदू समाज की एकता और संवेदनशीलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर निर्माण, महाकुंभ में 65 करोड़ हिंदुओं की सहभागिता और विभिन्न सेवा अभियानों से यह सिद्ध होता है कि यदि हिंदू समाज संगठित होकर कार्य करे तो भारत की प्रगति को कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे भटकाने वाले तत्वों से सावधान रहें और पंच परिवर्तन के विषयों को अपने जीवन में आत्मसात करें। कार्यक्रम में कुटुंब प्रबोधन, संघ के 100 वर्ष, तथा पंच परिवर्तन पर आधारित कथक, भरतनाट्यम, लोक नृत्य, मोहिनीअट्टम और योग प्रदर्शनों ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया।इस अवसर पर गुरुदेव श्री अनीश, डॉ. गिरधर प्रसाद भगत, संजीव जी दक्षिणी विभाग कार्यवाह अजय उपाध्याय जिला कार्यवाह, कालकाजी सहित संघ के अनेक पदाधिकारी एवं समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम की आयोजन समिति में अध्यक्ष रजनीश गोयनका, सचिव पुष्कर सिन्हा, कोषाध्यक्ष डॉ. हमेंद्र मित्तल, पूजा तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता सक्रिय रूप से सम्मिलित रहे। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन विवेक दीक्षित द्वारा किया गया। सम्मेलन का समापन प्रसाद (भंडारा) के साथ हुआ और सभी सहभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे पंच परिवर्तन को अपने जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### दलित युवक को दो लोगों ने घर में घुसकर पीटा

**दोनों आरोपियों पर पुलिस ने दर्ज किया दलित उत्पीड़न का मुकदमा**

**लंभुआ।** सुल्तानपुर दलित युवक को जाति सूचक शब्दों की गालियां देते हुए घर में घुसकर मारना गांव के ही दो लोगों के लिए महंगा साबित हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के समहुता खुर्द निवासी दलित अमन गौतम द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक गांव के ही पवन सिंह तथा विक्रम सिंह द्वारा माताजी के मरने के बाद पचास हजार दिए थे। अब पैसे की वापसी मांगने पर दोनों आरोपी जाति सूचक शब्दों की गालियां देते हुए मारने पीटने लगे। जान बचाकर घर के अंदर भगाने के बाद दोनों घर में घुसकर मारे पीटे। पुलिस के पहुंचने के बाद किसी तरह जान बची। पीड़ित दलित युवक की तहरीर पर कोतवाली लंभुआ में दोनों आरोपियों पर दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज हुआ। कोतवाली प्रभारी धीरज कुमार ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है।

## बंदी के फरार होने का मामला सुरक्षा में तैनात आरक्षी निलंबित, चार टीमें तलाश में लगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर।** जनपद सीतापुर में न्यायालय अभिरक्षा से फरार हुए विचाराधीन बंदी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पॉक्सो कोर्ट में पेशी के दौरान बंदी की सुरक्षा में तैनात मुख्य आरक्षी राजकुमार मिश्रा को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही नगर कोतवाली क्षेत्र में संबंधित आरक्षी के खिलाफ लापरवाही बरतने के आरोप में मुकदमा भी दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। मामला मंगलवार दोपहर का है, जब जिला जेल से न्यायालय में पेशी के लिए लाया गया विचाराधीन बंदी रोहित मारुति पुत्र स्वर्गीय रामू निवासी मछली मंडी, कोतवाली नगर क्षेत्र, पॉक्सो कोर्ट में पेशी के बाद वापस ले जाया जा रहा था इसी दौरान वह न्यायालय अभिरक्षा से चकमा देकर फरार हो गया बंदी के फरार होते ही कोर्ट परिसर और आसपास अफरा-तफरी मच गई फरार बंदी रोहित मारुति को 21 जनवरी 2026 को नाबालिग लड़की को भगाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी पर चोरी के कई पुराने मुकदमे भी दर्ज हैं, जिससे उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि सामने आती है। घटना की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू की गई प्रारंभिक जांच में सुरक्षा में गंभीर लापरवाही सामने आने पर बंदी की निगरानी में तैनात मुख्य आरक्षी राजकुमार मिश्रा को निलंबित कर दिया गया और उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया फरार बंदी की तलाश के लिए स्वाट टीम सहित चार विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है। नगर कोतवाली समेत कई थानों की पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है जिले की सीमाओं पर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही फरार बंदी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा इस घटना ने एक बार फिर न्यायालय पेशी के दौरान बंदियों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं!!

## क्लोन ऐप से करोड़ों की ठगी, बड़ा नेटवर्क का खुलासा

● साइबर क्राइम व स्वॉट ने असम-मुंबई से 7 आरोपियों को पकड़ा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सुल्तानपुर** – साइबर क्राइम और एसओजी ने एक बड़े ऑनलाइन ट्रेडिंग धोखाधड़ी का भंडाफोड़ करते हुए असम और मुंबई से सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने एक कंपनी का क्लोन ऐप बनाकर शेयर बाजार में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी की थी। पुलिस ने विभिन्न पीड़ितों से कुल 2 करोड़ 75 लाख रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा किया है। इस मामले की शुरुआत शफीपुर निवासी भास्कर पांडेय की शिकायत से हुई। उन्होंने फेसबुक पर शेयर बाजार में मुनाफा देने वाली एक कंपनी का विज्ञापन देखा था। ऑनलाइन ट्रेडिंग की जानकारी के लिए उन्होंने अपनी डिटेल्स भरीं। कुछ दिनों बाद उन्हें श्रुति असाती नाम की एक महिला का व्हाट्सएप कॉल आया, जिसने उन्हें ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए प्रेरित किया और एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ दिया। ग्रुप के टीचर/प्रोप्राइटर दौलत जैन ने व्हाट्सएप मैसेज के जरिए एक स्कीम बताई, जिसमें कम समय में शेयर मार्केट और स्टॉक मार्केट में पैसा लगाकर भारी मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। विश्वास में लेकर भास्कर पांडेय से पहले कुछ पैसा लगवाया गया और उन्हें शुरुआती मुनाफा भी दिखाया गया। बाद में उनसे कुल 10,11,689.75 रुपये और लगवा लिए गए, जो उन्हें कभी वापस नहीं मिले। जांच में पता चला कि यह धोखाधड़ी मूल कंपनी का क्लोन ऐप बनाकर की गई थी। भास्कर पांडेय की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पता चला कि इसी गिरोह ने अमेठी के अभिषेक सिंह से लगभग 85 लाख रुपये और लखनऊ के अपनीश सिंह से लगभग 1 करोड़ 85 लाख रुपये की ठगी की थी। इन मामलों में भी संबंधित साइबर क्राइम थानों में केस दर्ज किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने जांच शुरू की। भास्कर पांडेय के खाते से ट्रांसफर किए गए पैसे की केवाईसी से पता चला कि यह राशि हनीफ एग्रो ट्रेडर्स (प्रोप्राइटर हनीफ काजी, कामरूप, असम) और शमशुद्दीन अहमद (कामरूप, असम) के खातों में गई थी। साइबर टीम ने असम जाकर हनीफ काजी और शमशुद्दीन अहमद को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि उन्होंने शफीकुल इस्लाम (बारपेटा, असम) और जाकिर खान (बारपेटा, असम) के कहने पर पैसों के लालच में अपने खाते दिए थे। गिरफ्तार आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर सुल्तानपुर लाया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम मुंबई भेजी गई थी। विश्लेषण और मुखबिरों की सूचना के आधार पर टीम ने मुंबई से तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान संतोष सुर्वे (निवासी भिवंडी, मुंबई), विजय ईश्वर कलान्तरे (निवासी नवी मुंबई, महाराष्ट्र) और फरीद मलिक (निवासी मेदिनीपुर, पश्चिम बंगाल) के रूप में हुई है। इन्हें पूछताछ के लिए सुल्तानपुर लाया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे 'SHIKA Growing and sharing' नामक कंपनी के लिए बैंक खाते, चेकबुक, एटीएम और सिम कार्ड एकत्र कर उपलब्ध कराते थे। उन्होंने बताया कि यह असली कंपनी नहीं है, बल्कि उसका क्लोन बनाकर लोगों से धोखाधड़ी की जाती थी। आरोपियों को इस काम के लिए कमीशन मिलता था। आरोपियों ने यह भी बताया कि 'ASHIKA Growing and sharing' को धनंजय फिस्के और केतन नायर नामक व्यक्ति चलाते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के खातों की जांच में करोड़ों रुपये के लेनदेन का खुलासा हुआ है। इस मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है।

## बृजमोहन लाल शकुंतला देवी इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ सपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवाँ (सीतापुर)** बृजमोहन लाल शकुन्तला देवी इंटर कॉलेज, मझिगवाँ (पोस्ट-बन्नी-खरैला), बिसवाँ में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह भव्य एवं गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह समारोह शैक्षिक गरिमा, सांस्कृतिक चेतना और प्रेरणादायी मूल्यों से परिपूर्ण रहा, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की अंतर्निहित प्रतिभाओं का सम्मान कर उनके सर्वांगीण विकास को सुदृढ़ करना था। समारोह की अध्यक्षता एन.के.के.सी. पी.जी. कॉलेज, टिकरा बिसवाँ के निदेशक श्री संतोष कुमार वर्मा ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिसवाँ विधायक मा0 निर्मल वर्मा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री गांधी पी.जी. कॉलेज, सिधौली के समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने अपने संबोधन में शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम बताते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का प्रेरक संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षिक उपलब्धियों का विधिवत सम्मान किया गया। पूर्व में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए, जिससे विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धात्मक भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास हुआ। समारोह में नन्द किशोर कैलाश चन्द्र महाविद्यालय, टिकरा के ओ.एस.डी. डॉ. राहुल वर्मा, चीफ प्रॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. शिवांशु राठौर, ओमप्रकाश, अंकित वर्मा, मनीष वर्मा, महक शुक्ला, कोमल वर्मा, प्रदीप वर्मा, विशेश्वर दयाल डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रीतम सिंह एवं शिक्षक बिजनेश कुमार, सुरेन्द्र वर्मा, रवीकान्त वर्मा, तथा जनता इंटर कॉलेज, कल्याणपुर के प्रधानाचार्य मो. इदरीश एवं शिक्षक अर्जुन वर्मा, अमित वर्मा, दलबीर सिंह, प्रमोद चौरसिया, सतनाम यादव, अजय वर्मा एवं राकेश कुमार की उल्लेखनीय सहभागिता रही। वहीं एस.जे.डी. इंटर कॉलेज, बिसवां के प्रवक्ता मकसूद मली, आदर्श बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, टिकरा के रसायन प्रवक्ता मो. शुएब, बृजेंद्र बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रवक्ता शोभित वर्मा, तथा बी.एल.एस.डी. इंटर कॉलेज, मझिगवाँ के प्रधानाचार्य दिवाकर वर्मा एवं उपप्रधानाचार्य सतीश चन्द्र वर्मा भी समारोह में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समन्वयन एवं संचालन कमलेश भार्गव द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। साथ ही जितेन्द्र कुमार, पुष्पेन्द्र वर्मा, सुमन वर्मा, विकास निगम, विवेक अवस्थी एवं लवकुश वर्मा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

समारोह में विद्यालय के अध्यक्ष धुनरिया, उपाध्यक्ष चन्द्रमोहन वर्मा तथा प्रबंधक एवं संस्थापक डॉ. सुधाकर वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. सुधाकर वर्मा (जन्तु विज्ञान विभाग, शिया पी.जी. कॉलेज एवं असिस्टेंट डीन, सी.डी.सी., लखनऊ विश्वविद्यालय) ने अतिथियों, शिक्षाविदों, अभिभावकों एवं क्षेत्रीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और समाज के उज्ज्वल भविष्य की सुदृढ़ आधारशिला होते हैं। समग्र रूप से यह समारोह अनुशासन, प्रेरणा और शैक्षिक उत्कृष्टता का सशक्त संदेश देते हुए अत्यंत सफल एवं सराहनीय ढंग से संपन्न हुआ, जिसे उपस्थित जनसमूह ने मुक्त कंठ से सराहा।

## संजय सिंह के आचार संहिता मामले की सुनवाई टली

**गवाह की अनुपस्थिति के कारण कार्रवाई हुई स्थगित; अगली सुनवाई 16 फरवरी को**

**सुल्तानपुर** – एमपी/एमएलए कोर्ट में आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह से जुड़े एक पुराने मामले की सुनवाई बुधवार को टल गई। गवाह के उपस्थित न होने के कारण यह कार्यवाही स्थगित की गई। अधिवक्ता मदन सिंह ने मीडिया को इसकी जानकारी दी। अदालत में एमपी-एमएलए जज के बार काउंसिल चुनाव में ड्यूटी पर होने के कारण अवकाश पर रहने से भी बुधवार को कोई अदालती कार्यवाही नहीं हो सकी। यह मामला बंधुआकला क्षेत्र में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित है। वर्तमान में, मुकदमे में साक्ष्य दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तारीख तय की है। यह मामला 13 अप्रैल 2021 का है। आरोप है कि पंचायत चुनाव के दौरान बंधुआकलां थाने के हसनपुर गांव में बिना अनुमति के एक सभा आयोजित की गई थी। यह सभा जिला पंचायत सदस्य सलमा बेगम के समर्थन में हुई थी। पुलिस ने इस संबंध में संजय सिंह सहित 12 नामजद और 45 अज्ञात समर्थकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच के बाद मकसूद अंसारी, सलीम अंसारी और जगदीश यादव सहित कुल 11 लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस मामले में अन्य आरोपियों ने पहले ही जमानत प्राप्त कर ली थी। संजय सिंह के लगातार गैरहाजिर रहने के कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। जुलाई 2024 में उन्होंने अदालत में आत्मसमर्पण किया, जिसके बाद उन्हें 20 हजार रुपए के दो जमानत मुचलके और निजी मुचलका दाखिल करने पर रिहा किया गया था। जून में विशेष कोर्ट ने इन आरोपियों के अधिवक्ता की डिस्चार्ज अर्जी खारिज कर दी थी। अदालत ने आरोप पत्र स्वीकार करते हुए आरोप तय किए थे।